✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 79 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 14 अगस्त 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का उद्घाटन करते सीएम सम्राट चौधरी एवं अन्य

## संक्षिप्त समाचार

### मॉर्निंग वॉक पर निकले ठेकेदार की हत्या

**हाजीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** शहर के दिग्घी निवासी चर्चित संवेदक राम नरेश राय की सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घर से थोड़ी दूरी पर ही चार अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। कई गोलियां लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उन्हें करीब पांच या उससे अधिक गोलियां लगीं। वारदात के बाद बदमाश हथियार लहराते हुए फरार हो गए।

### एसटेट रिजल्ट के बाद होगी टीआरइ-4 परीक्षा

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में चौथे चरण की शिक्षक भर्ती (बीपीएससी टीआरइ-4) पर शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बड़ा अपडेट दिया है। शिक्षा मंत्री ने घोषणा की है कि बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा का रिजल्ट जारी होने के बाद ही बीपीएससी टीआरई 4 एग्जाम आयोजित किया जाएगा। हालांकि टीआरई 4 का विज्ञापन इससे पहले जारी हो जाएगा और आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। शिक्षा मंत्री के अनुसार एसटीईटी में बैठने वाले अभ्यर्थियों को बीपीएससी टीआरई 4 शिक्षक भर्ती परीक्षा में आवेदन का मौका मिलेगा मगर उनमें से टीआरई 4 का एग्जाम वही अभ्यर्थी दे पाएंगे जो एसटीईटी पास कर लेंगे।

### विपक्ष के हंगामे से संसद का समय बर्बाद

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार भाजपा के प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद विनोद तावड़े ने संसद के हालिया सत्र को लेकर विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है। गुरुवार को उन्होंने कहा कि संसद में विपक्ष के हंगामे और व्यवधान के कारण केवल 39 प्रतिशत समय में ही काम हो पाया। संसद का 61 फीसदी समय बर्बाद हो गया। इस दौरान जनता के टैक्स का पैसा खर्च हुआ है।

### डाक कर्मचारियों ने दी हड़ताल की चेतावनी

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** डाक विभाग के कर्मचारियों ने गुरुवार को संयुक्त परिषद के आह्वान पर पटना जीपीओ परिसर स्थित मेघदूत भवन के सामने एक दिवसीय धरना दिया। धरने का उद्देश्य कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर सरकार और विभाग का ध्यान आकृष्ट कराना था। इस दौरान कर्मचारियों ने मांगें नहीं माने जाने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी।

### मुख्यमंत्री ने बिहार के 2027 नए अधिकारियों को दिया नियुक्ति पत्र

# आपके एक साइन से किसी परिवार का भला होगा : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को 70वीं बीपीएससी पास 2027 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया। उन्होंने 70वीं बीपीएससी के सेकंड टॉपर शशांक गौरव को सबसे पहले नियुक्ति पत्र दिया। इस दौरान नए अधिकारियों को सीएम ने संबोधित भी किया। सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि यह पद के साथ सेवा की जिम्मेदारी है। जिस भी फाइल पर आप साइन करेंगे, उससे किसी परिवार का भला होगा। इससे आपके जीवन में भी बदलाव आएगा। इतना ही नहीं, आप जितने ईमानदार बनेंगे, बिहार उतना ही आगे बढ़ता जाएगा। बिहार को आज 2027 नए अधिकारी मिल गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में 70 वीं बीपीएससी में



भर्ती का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बना है। सीएम ने कहा कि आजादी की100वीं वर्षगांठ पर आप देश का नेतृत्व करेंगे। 25 साल बाद आप अपने-अपने पद के हिसाब से काम करते हुए न्याय दिलाने का काम करेंगे। पद सेवा का भाव भी देता है। सेवा तभी कर पाएंगे जब बिना दबाव में आए भयमुक्त होकर निर्णय ले पाएंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मैं जब पहली बार सदन में आया था तो छह हजार करोड़ का बजट आता था। आज तीन लाख 47 हजार करोड़ों का बजट हो गया है। सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि मेरे सहयोग कार्यक्रम का फायदा दिख रहा है। अब तक पहला नोटिस 9 हजार लोगों को भेजा गया था। दूसरा नोटिस 350 लोगों को और तीसरा नोटिस 4 हजार लोगों को भेजा गया है। इस कार्यक्रम में डिप्टी सीएम विजेंद्र यादव भी मौजूद रहे। इस दौरान डिप्टी सीएम ने 2005 के पहले वाले बिहार की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले जब एनडीए की सरकार नहीं बनी थी तब तो राज्य में नौकरी की कल्पना भी कम ही थी। लेकिन जब नीतीश कुमार की सरकारी बनी, उसके बाद राज्य में लोगों को नौकरी मिलना शुरू हुआ। वर्तमान में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार बनी है तो और भी लोगों को नौकरी मिलेगी।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर सुरक्षा कड़ी, पांच हजार अतिरिक्त जवानों की तैनाती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर पटना जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। गांधी मैदान और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर वाहनों की जांच शुरू कर दी गई है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर गांधी मैदान के अंदर अस्थायी पुलिस थाना बनाया गया है। यहां एक पुलिस पदाधिकारी के साथ 24 जवानों की तैनाती की गई है। गांधी मैदान के बाहर भी अलग-अलग स्थानों पर गश्ती टीमों को लगाया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पटना जिले में करीब 5000 अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस की ओर से शहर के होटलों, रेस्ट हाउस और अन्य सार्वजनिक स्थानों की जांच की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी गांधी मैदान और आसपास के क्षेत्रों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। स्वतंत्रता दिवस के दिन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम का भी गठन किया गया है। इन टीमों को गांधी मैदान के अलावा शहर के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए रेल पुलिस ने भी सुरक्षा बढ़ा दी है। रेलवे प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में जांच की जा रही है। यात्रियों और संदिग्ध वस्तुओं पर विशेष नजर रखी जा रही है। शहर में कई स्थानों पर चेक पोस्ट बनाए गए हैं, जहां वाहनों को रोककर जांच की जा रही है। पुलिस टीम वाहनों की डिक्की की भी तलाशी ले रही है। अधिकारियों का कहना है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

## भरत तिवारी के परिवार को मिलेगी नौकरी एवं आर्थिक सहायता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की सियासत और कानून व्यवस्था को हिलाकर रख देने वाले बहुचर्चित भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में राज्य सरकार ने एक बड़ा और संवेदनशील कदम उठाया है। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल (एक्स) पर इस बात की पुष्टि की है कि न्यायिक जांच आयोग की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार दिवंगत भरत तिवारी के पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। सीएम सम्राट चौधरी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ये भी लिखा है कि परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ट्वीट कर बताया कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्षता से जांच कर रहे न्यायिक आयोग ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंप दी है। इसी रिपोर्ट की सिफारिशों और तथ्यों के आधार पर राज्य सरकार ने यह बड़ा निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। परिवार की जीविका और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आर्थिक मुआवजे के साथ-साथ एक आश्रित परिजन को सरकारी नौकरी देने की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी।

## ग्रामीण विकास को मिलेगी नई उड़ान, आधार स्तंभ की भूमिका निभाएंगे आरडीओ : श्रवण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि ग्रामीण विकास को नई उड़ान मिलेगी। ग्रामीण विकास विभाग में तैनात ग्रामीण विकास पदाधिकारी (आरडीओ) ग्रामीण क्षेत्रों की आधाररभूत संरचना का निर्माण, कल्याणकारी योजनाओं को तैयार करने, आपदा प्रबंधन और विधि-व्यवस्था बनाए रखने जैसी महती जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा एवं तन्मयता के साथ निभा रहे हैं। नवनियुक्त पदाधिकारियों के शामिल होने से इस कार्य में गति मिलेगी। मंत्री श्री कुमार ने ये बाते गुरुवार को बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त परीक्षा में उत्तीर्ण नव चयनित 359 ग्रामीण विकास



पदाधिकारियों को नियुक्ति-पत्र वितरण के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि आज का दिन ग्रामीण विकास विभाग के लिए अत्यंत गौरव का है। मंत्री ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार ने 2025 के बिहार विधान सभा चुनाव में आगामी पांच वर्ष के दौरान बिहार के प्रतिभावान युवाओं को एक करोड़ नौकरी एवं रोजगार देने का वादा किया था। उनके इसी वादों के अनुरूप ग्रामीण विकास विभाग में कुछ दिन पहले भी जीविका के विभिन्न पदों पर चयनित 2 हजार 446 सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की सरकार नीतीश कुमार के संकल्प को पूर्ण करने का काम कर रही है। मंत्री श्री कुमार ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग और अन्य विभागों की संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में प्रखंड कार्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका है। ग्रामीण विकास विभाग ने प्रत्येक प्रखंडों में एक प्रखंड विकास पदाधिकारी का पद सृजित किया है। वैसे प्रखंड जहां 15 से अधिक पंचायत हैं वहां प्रखंड प्रशासन को मजबूती देने के लिए एक ग्रामीण विकास पदाधिकारी का पद भी सृजित किया गया है।

## 25 लाख के दो इनामी अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्नाटक के बीदर में एसबीआइ की कैश वैन पर हमला कर 83 लाख रुपये लूटने और गार्ड की हत्या के मामले में कर्नाटक एसटीएफ ने बिहार के वैशाली जिले के रहने वाले अमन कुमार और उसके दोस्त आलोक कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। खबर के मुताबिक इस दौरान पुलिस और पब्लिक के बीच मुठभेड़ भी हुई है। वायरल वीडियो को लेकर कहा जा रहा है कि कर्नाटक पुलिस इसी खुशी में जश्न भी मना रही है। अमन कुमार और आलोक कुमार पर 25 लाख का इनाम रखा गया था। वैशाली में 83 लाख रुपए लूट के आरोपी अमन कुमार को पकड़ने आई कर्नाटक पुलिस की टीम से कुख्यात इनामी आरोपी भिड़ गया। मारपीट करने लगा इसी दौरान वहां जुटे ग्रामीणों ने भी कर्नाटक पुलिस की टीम की पिटाई कर दी। सादे ड्रेस में होने के कारण ग्रामीण समझ नहीं पाए कि कुख्यात अमन को पकड़ने दूसरे राज्य की पुलिस आई है। बाद में परिचय मिलने पर शांत हुए। कुख्यात अपराधी को पकड़ने के लिए कर्नाटक पुलिस उसके गांव में पहुंची थी। सादे लिबास में होने के कारण मारपीट के दौरान ग्रामीणों ने कर्नाटक पुलिस को अपराधी समझ लिया और पिटाई कर दी। उन्हें चारों ओर से घेर लिया। जब कर्नाटक पुलिस के जवानों ने परिचय पत्र दिखाया तो उन्होंने छोड़ा। इसके बाद स्थानीय सराय थाने को सूचना दी गई घायल अवर निरीक्षक अमित कुमार को सराय के थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने हाजीपुर सदर अस्पताल में भर्ती करवाया है। उसे गंभीर चोट आई है। कर्नाटक पुलिस पिछले एक साल से इस पूरे इलाके में लगातार रेकी कर रही थी। जैसे ही पुलिस को पुख्ता इनपुट मिला की टीम ने छापेमारी कर दी।

## शराबबंदी कानून में नहीं होगा कोई संशोधन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में शराबबंदी को लेकर सियासत लगातार तेज हो रही है। हाल में सामने आई नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च में शराबबंदी की व्यवस्था, सरकार के राजस्व नुकसान और शराबबंदी को लेकर किए जा रहे सरकारी दावों पर सवाल उठाए गए हैं। इसी बीच एनडीए के महत्वपूर्ण सहयोगी और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बिहार में शराबबंदी को गुजरात मॉडल की तर्ज पर लागू करने की बात कही है। इन चर्चाओं के बीच बिहार सरकार के मद्यनिषेध एवं उत्पाद मंत्री मदन सहनी ने स्पष्ट कर दिया है कि शराबबंदी कानून में किसी तरह का संशोधन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में शराबबंदी पहले से लागू है, अभी भी लागू है और आगे भी लागू रहेगी। विभाग समय-समय पर कानून और उसके प्रभाव की समीक्षा करता है लेकिन फिलहाल संशोधन की कोई आवश्यकता नहीं है।






# शिक्षा एक ताकतवर हथियार जिससे दुनिया जीती जा सकती है : मंत्री

## महाबोधि बीएड महाविद्यालय में श्रवण कुमार ने किया नए सत्र का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** ग्रामीण विकास, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि शिक्षक बेहतर समाज के निर्माणकर्ता होते हैं। शिक्षा जैसी ताकतवर हथियार से दुनिया जीती जा सकती है। एक अच्छा शिक्षक सैकड़ों जिंदगियां बदल सकता है और अच्छा शिक्षक वही बन सकता है जो स्वयं अच्छा छात्र रहा हो। मंत्री गुरुवार को नालंदा के महाबोधि बीएड महाविद्यालय में सत्र 2026-28 के शुभारंभ समारोह में पहुंचे थे। मंत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होते हैं। बीएड के छात्रों पर देश की आने वाली पीढ़ी को संवारने की बड़ी जिम्मेदारी है। केवल डिग्री हासिल करना उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि छात्रों में नैतिक मूल्यों और व्यावहारिक ज्ञान का विकास करना प्राथमिकता होनी चाहिए। आप बच्चों को केवल किताबें ही नहीं, बल्कि संस्कार और संस्कृति भी देंगे। मंत्री ने कहा कि हाल में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में मौजूद 354 निजी बीएड कॉलेजों में बीएड के अतिरिक्त अन्य विषयों की भी पढ़ाई की अनुमति मिलने से छात्रों को काफी सुविधा होगी। छात्रों को स्नातक तक की पढ़ाई करने के लिए दूसरे शहर जाना नहीं पड़ेगा। पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर स्तर पर कार्य किए हैं, जिसे वर्तमान मुख्यमंत्री ही बढ़ा रहे हैं। मंत्री ने आगे कहा कि सरकार मेधावी और समर्पित शिक्षकों को हर संभव सुविधा दे रही है। महाविद्यालय ने अब तक 14 वर्षों का सुनहरा सफर तय किया है। यहां कुल 1400 छात्र प्रशिक्षण पाकर शिक्षक बने हैं और समाज की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 354 बीएड महाविद्यालयों में स्नातक की पढ़ाई शुरू करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूरे बिहार में शैक्षणिक माहौल बनाने का काम किया है।

38वीं बिहार बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश बहरी ने कहा कि बच्चे अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयारी करें। जीवन में जो बनना है वह कड़ी मेहनत से ही हासिल होगा। अपनी पहचान हमें स्वयं बनानी पड़ती है। महाविद्यालय के सचिव राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि छात्र मन लगाकर पढ़ाई करें, सफलता अवश्य मिलेगी। मेहनत का फल हमेशा मीठा होता है। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार, जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सचिव शैलेश कुमार, एनसीसी के सुबेदार मेजर ललिन्द्र टिग्गा, प्राचार्य दीपक शर्मा, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. अंजनी कुमार सुमन, डॉ. सीमा कुमारी, प्रो. सूर्य प्रकाश रावत, प्रो. अनिल कुमार कश्यप, प्रो. अमरजीत कुमार, डॉ. अमित कुमार, डॉ. सचिन मिश्रा, प्रो. मीनाक्षी, प्रो. चंदन झा, प्रो. शशिकांत सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

# अंगदान मानवता की महान सेवा : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अंगदान महादान है। एक व्यक्ति के अंगदान से कई जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि अंगदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने की आज जरूरत है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अंगदान केवल किसी व्यक्ति का जीवन बचाने का माध्यम नहीं, बल्कि मानवता की महान सेवा है। इसके प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए व्यापक जन-जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों को अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। समाज के विभिन्न वर्गों के सामूहिक प्रयास से अंगदान को लेकर व्याप्त भ्रम और झिझक को दूर किया जा सकता है।बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की कि वे अंगदान के महत्व को समझें और इस पुनीत कार्य के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाकर जरूरतमंद मरीजों को जीवन की नई उम्मीद दी जा सकती है।

# सीनियर को दी गई विदाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ए. एन. कॉलेज, पटना के लोक प्रशासन विभाग में विद्यार्थियों के सम्मान में एक भावपूर्ण फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल निशा कुमारी एवं मिस्टर फेयरवेल आकाश का चयन किया गया। समारोह में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विदा हो रहे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, सकारात्मक सोच और निरंतर मेहनत के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि कॉलेज से प्राप्त ज्ञान और संस्कार विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस अवसर पर डॉ. कविता श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को सफलता के लिए आत्मविश्वास, समर्पण और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी।

# बी. डी. कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने किया 'हर घर तिरंगा' रैली का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत 29 बिहार बटालियन एन.सी.सी. (बी. डी. कॉलेज, पटना) के एन.सी.सी. कैडेटों द्वारा देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली को कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एन.सी.सी. बैंड की देशभक्ति धुनों के बीच रैली कॉलेज परिसर से प्रारंभ होकर जक्कनपुर, मीठापुर, यारपुर एवं खगौल रोड होते हुए पुनः कॉलेज परिसर में आकर समाप्त हुई। रैली में एन.सी.सी. कैडेटों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर आम नागरिकों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाने तथा स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रभक्ति एवं गौरव के साथ मनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि देश के प्रति सम्मान, एकता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का अवसर है। युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत है। एन.सी.सी. कैडेटों द्वारा आयोजित यह रैली आम नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश भी दे रही है। रैली में कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग में कैडेटों ने राष्ट्रभक्ति के नारों एवं तिरंगे के साथ लोगों को 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को जागृत करना तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक घर में तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित करना था। पूरा कार्यक्रम कॉलेज के एन.सी.सी. ऑफिसर लेफ्टिनेंट राहुल कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एन.सी.सी. कैडेटों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# 15 को कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी परिसर में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जन्दाहा (वैशाली)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा परिसर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत-संगीत, भाषण, नृत्य एवं आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। वहीं एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों को उनके प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा जिससे उनके कौशल एवं शैक्षणिक उपलब्धियों को औपचारिक पहचान मिलेगी। संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय गौरव का पर्व नहीं, बल्कि युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी विद्यार्थियों के तकनीकी विकास के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व एवं सांस्कृतिक प्रतिभा के विकास के लिए भी निरंतर प्रयासरत है।

### ऊर्जा सचिव ने सारण जिले में ग्रिड उपकेंद्र एवं विद्युत शक्ति उपकेंद्र, तेलपा का किया निरीक्षण

# मानक संचालन प्रक्रिया का कड़ाई से पालन करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/छपरा।** ऊर्जा सचिव सह बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक अजय यादव (भा. प्र. से.) ने 13 अगस्त 2026 को सारण जिले के 132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र छपरा तथा 33/11 विद्युत शक्ति उपकेंद्र, तेलपा, छपरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्युत उपकेंद्रों की विभिन्न तकनीकी एवं परिचालन व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मानक संचालन प्रक्रिया रजिस्टर, सुरक्षा उपकरणों तथा स्विचयार्ड में स्थापित पावर ट्रांसफार्मरों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इसके बाद छपरा सर्किट हाउस में विद्युत आपूर्ति अंचल, छपरा में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था एवं संबंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान राजस्व संग्रहण, विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति तथा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ऊर्जा सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक में सारण जिले के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव (भा. प्र. से.), विद्युत अधीक्षण अभियंता सारण, विद्युत कार्यपालक अभियंता छपरा पश्चिम, छपरा पूर्वी, सिवान, महाराजगंज, गोपालगंज एवं मीरगंज सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## दलित सम्मान पर कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर : डॉ. संतोष कुमार सुमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा के बाद कथित शुद्धिकरण की घटना पर कहा कि जाति के आधार पर किसी भी व्यक्ति का अपमान लोकतांत्रिक समाज में स्वीकार्य नहीं है। यदि किसी व्यक्ति या संगठन ने जातिगत भेदभाव की भावना से ऐसा किया है तो निष्पक्ष जांच हो और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि वे स्वयं दलित समाज से आते हैं और दलितों के सम्मान तथा सामाजिक न्याय के विषय को अच्छी तरह समझते हैं, लेकिन कांग्रेस को यह भी बताना चाहिए कि दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद उसके शासनकाल में दलितों के साथ भेदभाव और सामाजिक असमानता पूरी तरह समाप्त क्यों नहीं हुई।

# बिहार में जमीन के पेपरलेस निबंधन की नई व्यवस्था से आसान, सुरक्षित और पारदर्शी होगी भूमि रजिस्ट्री

### 75 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को घर बैठे निबंधन की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार ने भूमि निबंधन की प्रक्रिया को अधिक सरल, सुरक्षित, पारदर्शी, समयबद्ध और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य में अत्याधुनिक डिजिटल एवं पेपरलेस निबंधन प्रणाली लागू की गई है। इस व्यवस्था के तहत भूमि निबंधन की प्रक्रिया को कागजी कार्यवाही से मुक्त करते हुए डिजिटल माध्यम से संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 11 जुलाई 2026 को जिला निबंधन कार्यालय, वैशाली (हाजीपुर) में इस प्रणाली के तहत चार महत्वपूर्ण सेवाओं–होम रजिस्ट्रेशन, भूमि संबंधी ऑनलाइन जांच, पेपरलेस निबंधन तथा जीआइएस तकनीक से स्थल निरीक्षण का शुभारंभ किया। इसी अवसर पर 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए मोबाइल रजिस्ट्रेशन यूनिट की शुरुआत की गई। बाद में मुख्यमंत्री ने इस सुविधा की आयु सीमा घटाकर 75 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए घर बैठे निबंधन की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की। नई व्यवस्था का उद्देश्य जमीन की रजिस्ट्री से जुड़ी कागजी औपचारिकताओं को न्यूनतम करना और नागरिकों को अधिक सुविधाजनक डिजिटल सेवा उपलब्ध कराना है। सरकार की इस पहल से निबंधन प्रक्रिया में दस्तावेजों के डिजिटल प्रबंधन, ऑनलाइन सत्यापन तथा डिजिटल रिकॉर्ड को बढ़ावा मिलेगा। निबंधन विभाग की मौजूदा ऑनलाइन व्यवस्था में दस्तावेज की सॉफ्ट कॉपी अपलोड करने, निबंधन कार्यालय में उपस्थिति के लिए ऑनलाइन तिथि एवं समय चुनने तथा निबंधित दस्तावेज की सॉफ्ट कॉपी डाउनलोड करने की सुविधा पहले से उपलब्ध है। नई पेपरलेस व्यवस्था का उद्देश्य इसी डिजिटल इकोसिस्टम को और व्यापक बनाते हुए भूमि निबंधन की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन एवं कागजरहित बनाना है।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्येष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 29 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा विभिन्न शाखा कार्यालय एवं औषधालय सह शाखा कार्यालय में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों का समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया। सुविधा समागम में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को सूचित किया गया कि आपातकालीन स्थिति में निजी चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा करने पर उसे सीजीएचएस/ सरकारी दर से सीमित कर दावे का भुगतान किया जाता है। इसलिए बीमाकृत व्यक्तियों को यह सलाह दिया गया कि गैर आपातकालीन के मामलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ या कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा में पहले इलाज प्राप्त करें वहां चिकित्सा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही निजी संस्थान में इलाज करायें।

## गंगा देवी महिला महाविद्यालय में 'हर घर तिरंगा' अभियान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में 'हर घर तिरंगा' अभियान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर श्यामा रॉय ने छात्राओं को अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया तथा तिरंगे के सम्मान और उसकी गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने छात्राओं को देशभक्ति की भावना से प्रेरित करते हुए राष्ट्र निर्माण एवं चरित्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर मार्च किया। इस दौरान 'जय हिंद' और 'भारत माता की जय' जैसे देशभक्ति के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. दीक्षा सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बर्सर डॉ. रचना जायसवाल, प्रॉक्टर डॉ. बिधु बाला, डॉ. रंजना, डॉ. अभिक सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# लोकतांत्रिक विचारों में विश्वास करती है भाजपा : अजय आलोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की हार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से जोड़ने वाले जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने प्रशांत किशोर को 'प्रखर कुटिल महोदय' बताते हुए कहा कि बिहार की राजनीति को लेकर इस तरह की बयानबाजी करना उनकी राजनीतिक समझ को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक विचारों में विश्वास करने वाली पार्टी है और यहां किसी मुख्यमंत्री के कहने पर कोई चुनाव न तो हराया जाता है और न ही जिताया जाता है। अजय आलोक ने कहा कि क्या प्रशांत किशोर ने इसे कांग्रेस का राज समझ लिया है, जहां मुख्यमंत्री के कारण चुनाव जीतने और हारने की बातें होती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में संगठन और कार्यकर्ताओं की अपनी भूमिका है तथा पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ती है। उन्होंने प्रशांत किशोर पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि उन्हें कांग्रेस की राजनीति इतनी पसंद है तो उन्हें कांग्रेस की दलाली करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर तेलंगाना और कर्नाटक की राजनीति में जाने और वहां झूठ बोलने के बाद अब बिहार के चक्कर में क्यों पड़े हुए हैं। अजय आलोक ने कहा कि बांकीपुर में एक बार चुनाव जीत जाना किसी बड़ी राजनीतिक उपलब्धि का प्रमाण नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रशांत किशोर की बांकीपुर में कोई सामाजिक या राजनीतिक मौजूदगी नहीं है और वह यहां के लोगों के बीच लगातार सक्रिय भी नहीं रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने प्रशांत किशोर को खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर उनमें राजनीतिक हिम्मत है तो अभी घोषणा करें कि वह वर्ष 2030 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर बांकीपुर से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि केवल बयानबाजी और नौटंकी करने से राजनीति नहीं चलती। उन्होंने कहा कि अगर बांकीपुर की जनता और वहां के मतदाताओं पर इतना ही भरोसा है तो प्रशांत किशोर को दोबारा इसी सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा करनी चाहिए।

# रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय में विश्व अंगदान दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय में जंतु विज्ञान विभाग एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्या प्रो. (डॉ) सीता सिन्हा ने कहा कि अंगदान मानवता की सबसे महान सेवा है। हमारे द्वारा किया गया अंगदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने इससे संबंधित बिहार की कुछ संस्थाओं के विषय में भी बताया एवं अपने अनुभवों को भी साझा किया। प्रो.(डॉ) शैलजा सिन्हा, विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग ने कहा कि अंगदान केवल एक चिकित्सीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानवता, संवेदना और जीवन के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ भावना सिंह, विभागाध्यक्ष जंतु विज्ञान विभाग; डॉ नवीन कुमार, विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान विभाग एवं सह-समन्वयक डॉ सुनीता कुमारी, सहायक प्राध्यापक, जंतु विज्ञान विभाग रहीं। इस जागरूकता कार्यक्रम में इन्होंने बताया कि हम किन-किन अंगों का, कितने समय तक और कितने उम्र तक अंगदान कर सकते हैं तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों को भी दूर किया। निर्णायक मंडल के सदस्यों में डॉ सुनीता कुमारी, डॉ रंजन कुमार एवं डॉ सरिता कुमारी रहीं। कार्यक्रम में प्रिया रानी, आंचल कुमारी एवं राज सिंघानिया ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# भर्तृहरि स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना के तत्वावधान में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित वाक्यपदीयकार महानीतिज्ञ भर्तृहरि स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का संस्कृतमय वातावरण में भव्य उद्घाटन हुआ। यह संस्था द्वारा आयोजित लगातार 47वां संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर है जिसमें देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के प्राचार्यों, आचार्यों सह आचार्यों, सहायक आचार्यों, शिक्षकों और संस्कृत अनुरागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करनेवालों में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्वगृह सचिव उत्तर प्रदेश शासन डॉ अनिल कुमार सिंह, अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा, पूर्व संयुक्त निदेशक पेंशन विभाग उत्तर प्रदेश एवं अभियान के संरक्षक धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी, अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका एवं गंगा देवी महिला महाविद्यालय पटना की संस्कृत विभागाध्यक्षा प्रो. रागिनी वर्मा, विद्या भारती के वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक डॉ रमेश मणि पाठक, अभियान के संरक्षक डॉ अनिल कुमार चौबे, अभियान के उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा एवं डॉ लीना चौहान, अभियान की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्या एवं मगध विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग की डॉ एकता वर्मा महंथ केशव संस्कृत महाविद्यालय फतुहा की संस्कृत सहायक आचार्या डॉ नीरा कुमारी, बी डी महाविद्यालय पटना के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ महेश केवट, अभियान के मध्य प्रदेश प्रांत की सह संयोजिका तारा विश्वकर्मा, पश्चिम बंगाल प्रांत की सह संयोजिका दयानी शारदेय, दिल्ली के संस्कृत शिक्षक डॉ देवेश प्रकाश आदि वक्ताओं ने महायोगी, सम्राट, वाक्यपदीयकार महानीतिज्ञ भर्तृहरि को संस्कृत भाषा का संरक्षक एवं पुरोधा बताया तथा उनके द्वारा रचित दार्शनिक ग्रंथ वाक्यपदीय, नीतिशतक, श्रृंगारशतक एवं वैराग्यशतक का अध्ययन अति आवश्यक है।

## एचडीएफसी बैंक ने की बॉस स्कैम के खिलाफ सावधान रहने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक ने अपने कस्टमर्स को बॉस स्कैम (बिजनेस लीडर/सीनियर कंपनी एग्जीक्यूटिव का नकली रूप) से सावधान रहने की सलाह दी है। इसका मकसद कस्टमर्स को सुरक्षित रखने के लिए ऐसे फ्रॉड के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। बॉस स्कैम में फ्रॉड करने वाले सोशल मैसेजिंग ऐप पर सीनियर लीडर और भरोसेमंद साथियों का नकली रूप बनाकर कर्मचारियों को पेमेंट करने या सेंसिटिव जानकारी शेयर करने के लिए फंसाते हैं। एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट इंटेलिजेंस एंड कंट्रोल के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने इस धोखाधड़ी के बारे में आगाह करते हुए कहा कि फ्रॉड करने वाले संगठनों को धोखा देने के लिए बॉस स्कैम जैसे तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं जहां अकाउंट्स डिपार्टमेंट के कर्मचारियों को ऑर्गनाइजेशन के सीनियर एग्जीक्यूटिव से मिले नकली निर्देशों के बहाने पेमेंट करने के लिए उकसाया जाता है।

# लायंस क्लब ऑफ पटना मगध ने किया तिरंगा यात्रा का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** लायंस क्लब ऑफ पटना मगध ने बच्चों में देश प्रेम की भावना के साथ एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जिसमें कक्षा 6, 7, 8, 9 और 10 के बच्चे शामिल हुए। बच्चों ने देश प्रेम से ओत-प्रोत होकर राष्ट्र प्रेम के गीत गाते हुए तिरंगा यात्रा निकाली जो टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल के सीनियर बिल्डिंग से शुरू हुई। हाथों में तिरंगा लिए बच्चों ने स्कूल की मोंटेसरी बिल्डिंग तक यात्रा की उसके बाद बच्चे वापस मेन बिल्डिंग में लौट आए। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के विषय में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन, उनके संघर्ष और देश के लिए दिए गए बलिदान पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ पटना मगध के अध्यक्ष लायन डॉ. रवि भार्गव, लायन डॉ. जुली भार्गव, रीजन जीईटी कोऑर्डिनेटर लायन राजीव भार्गव, कोषाध्यक्ष शिवानी भार्गव, लायन रेवा भार्गव एवं मैनेजर देव ज्योति सिन्हा उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

बिहार सरकार

## ग्रामीण कार्य विभाग

कार्य प्रमंडल : अरेराज (पूर्वी चंपारण)

प्रमुख कार्य और योजनाएं :

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-तीन के तहत प्रमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के उन्नयन की दिशा में किया जा रहा कार्य।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत पुलों की गुणवत्ता और मजबूती सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रगति।

ई. मनोज कुमार
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

बिहार सरकार

## ग्रामीण कार्य विभाग

कार्य प्रमंडल : धमदाहा (पूर्णिया)

प्रमुख कार्य और योजनाएं :

- गांवों में मूलभूत बुनियादी ढांचा, विशेष रूप से ग्रामीण सड़कों के विकास और रखरखाव के लिए संकल्पित।
- ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण पथों के रख-रखाव और मरम्मति पर विशेष जोर दिया जा रहा है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम आवागमन और मजबूत संपर्कता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) के तहत सड़क निर्माण कार्य।

ई. विकास कुमार
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

बिहार सरकार

## ग्रामीण कार्य विभाग

कार्य प्रमंडल : खगड़िया (बिहार)

प्रमुख कार्य और योजनाएं :

- ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण पथों के रख-रखाव और मरम्मति पर विशेष जोर दिया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) एवं मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष एनडीबी) के तहत सड़कों का निर्माण।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना एवं राज्य योजना नाबार्ड के तहत सड़क एवं पुलों का निर्माण कराया जा रहा है/जाना है।

ई. संजय कुमार
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

बिहार सरकार

## ग्रामीण कार्य विभाग

कार्य प्रमंडल : दरभंगा-2 (बिहार)

प्रमुख कार्य और योजनाएं :

- ग्रामीण सड़कों का निर्माण और उनका चौड़ीकरण करने का कार्य।
- पक्की ग्रामीण सड़कों के निर्माण के साथ-साथ सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता।
- ग्रामीण सड़कों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत किया जा रहा कार्य।
- सुदूर और पिछड़े क्षेत्रों में साल भर संपर्क सुनिश्चित करना प्राथमिकता।

ई. अखिलेश कुमार
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

बिहार सरकार

## ग्रामीण कार्य विभाग

कार्य प्रमंडल : गया (बिहार)

प्रमुख कार्य और योजनाएं :

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-तीन के तहत प्रमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के उन्नयन की दिशा में किया जा रहा कार्य।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत पुलों की गुणवत्ता और मजबूती सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रगति।

ई. बरूण कुमार
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

बिहार सरकार

## ग्रामीण कार्य विभाग

कार्य प्रमंडल : त्रिवेणीगंज (सुपौल)

प्रमुख कार्य और योजनाएं :

- गांवों में मूलभूत बुनियादी ढांचा, विशेष रूप से ग्रामीण सड़कों के विकास और रखरखाव के लिए संकल्पित।
- ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण पथों के रख-रखाव और मरम्मति पर विशेष जोर दिया जा रहा है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम आवागमन और मजबूत संपर्कता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) के तहत सड़क निर्माण कार्य।

ई. अविनाश कुमार
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

## पंजाब नैशनल बैंक

शाखा : ओबरा (औरंगाबाद)

पूर्णतः कंप्यूटरीकृत सीबीएस शाखा

संतोष कुमार, शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

## पंजाब नैशनल बैंक

शाखा : रफीगंज (औरंगाबाद)

पूर्णतः कंप्यूटरीकृत सीबीएस शाखा

धीरज कुमार वर्मा, शाखा प्रबंधक

दी औरंगाबाद डिस्ट्रीक्ट सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक
शाखा : रफीगंज (औरंगाबाद)
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कौशलेन्द्र कुमार
शाखा प्रबंधक

दी औरंगाबाद डिस्ट्रीक्ट सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक
शाखा : देव (औरंगाबाद)
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
साकेत कुमार सिन्हा
शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

## इंडियन बैंक

शाखा : सिंहपुर (अम्बा) औरंगाबाद

पूर्णतः कंप्यूटरीकृत सीबीएस शाखा

राहुल कुमार, शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

## पंजाब नैशनल बैंक

शाखा : कुटुम्बा (औरंगाबाद)

पूर्णतः कंप्यूटरीकृत सीबीएस शाखा

ओम प्रकाश, शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

## इंडियन बैंक

शाखा : सलैया (मदनपुर) औरंगाबाद

पूर्णतः कंप्यूटरीकृत सीबीएस शाखा

विकास कुमार, शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

## पंजाब नैशनल बैंक

शाखा : नवीनगर (औरंगाबाद)

पूर्णतः कंप्यूटरीकृत सीबीएस शाखा

शशिकांत कुशवाहा, शाखा प्रबंधक

BANK
बिहार ग्रामीण बैंक
शाखा : ओरा (औरंगाबाद)
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चन्द्रशेखर साहु
शाखा प्रबंधक

BANK
बिहार ग्रामीण बैंक
शाखा : दधपी (मदनपुर) औरंगाबाद
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव कुमार
शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हरिन्दर विश्वकर्मा
प्रभारी प्रधानाध्यापक
प्रोजेक्ट जयप्रभा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय
मदनपुर (औरंगाबाद)

BANK
बिहार ग्रामीण बैंक
शाखा : सिहुली (रफीगंज) औरंगाबाद
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक प्रकाश
शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

## पंजाब नैशनल बैंक

शाखा : कियाखाप विशुनपुर (रफीगंज) औरंगाबाद



पूर्णतः कंप्यूटरीकृत सीबीएस शाखा

अजीत कुमार, शाखा प्रबंधक

BANK
बिहार ग्रामीण बैंक
शाखा : मुंगिया (नवीनगर) औरंगाबाद
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. आमिर एकबाल
शाखा प्रबंधक

पंजाब नैशनल बैंक
शाखा : अम्बा (औरंगाबाद)
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुमित सेन समता
शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

बिहार सरकार

## ग्रामीण कार्य विभाग

कार्य प्रमंडल : मुजफ्फरपुर पूर्वी-2 (बिहार)

प्रमुख कार्य और योजनाएं :

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-तीन के तहत प्रमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के उन्नयन की दिशा में किया जा रहा कार्य।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत पुलों की गुणवत्ता और मजबूती सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रगति।

ई. संजय कुमार
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

बिहार सरकार

## ग्रामीण कार्य विभाग

कार्य प्रमंडल : बिरौल (दरभंगा)

प्रमुख कार्य और योजनाएं :

- गांवों में मूलभूत बुनियादी ढांचा, विशेष रूप से ग्रामीण सड़कों के विकास और रखरखाव के लिए संकल्पित।
- ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण पथों के रख-रखाव और मरम्मति पर विशेष जोर दिया जा रहा है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम आवागमन और मजबूत संपर्कता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) के तहत सड़क निर्माण कार्य।

ई. विनय कुमार
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

बिहार सरकार

## ग्रामीण कार्य विभाग

कार्य प्रमंडल : दरभंगा-1 (बिहार)

प्रमुख कार्य और योजनाएं :

- ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण पथों के रख-रखाव और मरम्मति पर विशेष जोर दिया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) एवं मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष एनडीबी) के तहत सड़कों का निर्माण।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना एवं राज्य योजना नाबार्ड के तहत सड़क एवं पुलों का निर्माण कराया जा रहा है/जाना है।

ई. शैलेन्द्र कुमार
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

बिहार सरकार

## ग्रामीण कार्य विभाग

कार्य प्रमंडल : अररिया (बिहार)

प्रमुख कार्य और योजनाएं :

- ग्रामीण सड़कों का निर्माण और उनका चौड़ीकरण करने का कार्य।
- पक्की ग्रामीण सड़कों के निर्माण के साथ-साथ सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता।
- ग्रामीण सड़कों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत किया जा रहा कार्य।
- सुदूर और पिछड़े क्षेत्रों में साल भर संपर्क सुनिश्चित करना प्राथमिकता।

ई. चंदन कुमार भार्गव
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

बिहार सरकार

## ग्रामीण कार्य विभाग

कार्य प्रमंडल : महनार (वैशाली)

प्रमुख कार्य और योजनाएं :

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-तीन के तहत प्रमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के उन्नयन की दिशा में किया जा रहा कार्य।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत पुलों की गुणवत्ता और मजबूती सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रगति।

ई. प्रीतम कुमार
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

बिहार सरकार

## ग्रामीण कार्य विभाग

कार्य प्रमंडल : हरनौत (नालंदा)

प्रमुख कार्य और योजनाएं :

- गांवों में मूलभूत बुनियादी ढांचा, विशेष रूप से ग्रामीण सड़कों के विकास और रखरखाव के लिए संकल्पित।
- ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण पथों के रख-रखाव और मरम्मति पर विशेष जोर दिया जा रहा है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम आवागमन और मजबूत संपर्कता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) के तहत सड़क निर्माण कार्य।

ई. विकास कुमार साह
कार्यपालक अभियंता

# केवल डिग्री नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता बनें : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नालंदा**। महाबोधि बी.एड. महाविद्यालय में सत्र 2026-28 का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार, महाविद्यालय सचिव राजेंद्र प्रसाद, प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार, जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सचिव शैलेश कुमार तथा 38 बिहार एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश बहरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि मंत्री श्रवण कुमार ने कहा शिक्षा वह ताकतवर हथियार है, जिससे पूरी दुनिया को जीता जा सकता है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रेरित करते हुए कहा आप केवल डिग्री लेने नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता बनने आए हैं। क्लासरूम से ही देश का भविष्य तय होता है, इसलिए बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ संस्कार और संस्कृति भी दें। उन्होंने शिक्षकों से नशामुक्त व भ्रष्टाचारमुक्त समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने की अपील की।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य के 354 बी.एड. कॉलेजों में स्नातक की पढ़ाई शुरू करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। अब छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। 2005 के बाद नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में शैक्षणिक क्रांति आई है, जिसके बल पर हर जिले में इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक और नर्सिंग कॉलेज खुले हैं। कर्नल राजेश बहरी ने कहा कि माता-पिता हमें नाम देते हैं, लेकिन पहचान कड़ी मेहनत और अनुशासन से खुद बनानी पड़ती है। शिक्षक का कोई टाइटल नहीं होता है। वे इंजीनियर डॉक्टर कमिश्नर जैसे टाइटल के निर्माता होते हैं। सचिव राजेंद्र प्रसाद ने छात्रों को सफलता के लिए निरंतर प्रयास की सीख दी। प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन किया। संस्थान अब तक 14 वर्षों के सफर में 1,400 से अधिक शिक्षक तैयार कर चुका है। मौके पर सूबेदार मेजर ललिन्द्र टिग्गा, डॉ. मनोज सिंह, डॉ. सीमा कुमारी, प्रो. सूर्य प्रकाश रावत सहित कई प्राध्यापक उपस्थित थे।




# नालंदा विश्वविद्यालय में रीथिंकिंग ग्लोबल जस्टिस पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**राजगीर**। नालंदा विश्वविद्यालय के राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस हॉल में गुरुवार को "रीथिंकिंग ग्लोबल जस्टिस" विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में जलवायु परिवर्तन, तकनीकी बदलाव, वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों और न्यायपूर्ण वैश्विक शासन की जरूरत के बीच वैश्विक न्याय की अवधारणा पर व्यापक चर्चा हुई। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रोफेसर थॉमस पोगे के विचारों और उनके अकादमिक योगदान की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर विमर्श किया गया। उद्घाटन सत्र में नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि प्रो. पोगे का कार्य दर्शनशास्त्र तक सीमित नहीं है, बल्कि अर्थशास्त्र, सामाजिक न्याय, अंतरराष्ट्रीय संबंध और राजनीति विज्ञान जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ा है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कानून, वैश्विक न्याय तथा वैश्विक उत्तर और वैश्विक दक्षिण के बीच असमानता जैसे मुद्दों पर गंभीर विमर्श की आवश्यकता बताई। कुलपति ने ज्ञान के सह-निर्माण और विभिन्न देशों एवं विषयों के शोधकर्ताओं के बीच संवाद को वैश्विक ज्ञान के लिए महत्वपूर्ण बताया।मुख्य वक्ता येल विश्वविद्यालय के लिटनर प्रोफेसर एवं ग्लोबल जस्टिस प्रोग्राम के संस्थापक निदेशक प्रो. थॉमस पोगे ने नालंदा आने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि गरीबी के खिलाफ हुई प्रगति का आकलन केवल गरीबी में कमी के आधार पर नहीं, बल्कि असमानता में वास्तविक कमी के आधार पर भी किया जाना चाहिए। उन्होंने आर्थिक विकास का लाभ समाज के सबसे वंचित वर्ग तक पहुंचने और गरीबी-असमानता के आकलन के तरीकों को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। संगोष्ठी में तीन सत्रों में गरीबी, विकास एवं वैश्विक न्याय नैतिकता, वैश्विक शासन एवं संस्थागत जवाबदेही तथा बौद्धिक संपदा अधिकार, नवाचार एवं वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय, जादवपुर विश्वविद्यालय, नालंदा विश्वविद्यालय, काउंसिल फॉर सोशल डेवलपमेंट, क्राइस्ट यूनिवर्सिटी सहित विभिन्न संस्थानों के विद्वानों एवं विशेषज्ञों ने भाग लिया। अंत में वैलेडिक्टरी सत्र के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।



## एक नजर

### डंपर की चपेट में आने से युवक की मौत, चालक फरार



**बिहारशरीफ**। दीपनगर थाना क्षेत्र के सकरौल गांव स्थित मुसहरी टोला के समीप एनएच-20 पर बुधवार देर शाम दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान नवादा जिले के रोह थाना क्षेत्र के बंदाजोर गांव निवासी सहदेव मांझी के पुत्र अजय मांझी के रूप में हुई है।बताया जाता है कि अजय अपने ससुराल आया हुआ था। बुधवार शाम बच्चों के लिए सामान खरीदने सकरौल गया था। लौटने के दौरान सकरौल मस्जिद और ट्रांसफार्मर के पास सड़क किनारे एक डंपर बैक करने लगा, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि अजय सड़क किनारे अंधेरे में बैठे थे। इसी दौरान डंपर बैक करने के क्रम में उनके ऊपर चढ़ गया। पुलिस अज्ञात वाहन और चालक की पहचान के लिए पूछताछ कर रहे है। लिखित आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### छात्र-छात्राओं ने लिया नशामुक्त समाज का संकल्प

**हरनौत**। बाजार के डाक बंगला रोड स्थित पीएम श्री उच्च विद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रधानाध्यापक सुनील कुमार गावस्कर के मार्गदर्शन में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पटेल नगर शाखा के तत्वावधान में हुआ।कार्यक्रम में पटेल नगर शाखा की प्रभारी मीरा बहन ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देशभर में 10 करोड़ लोगों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाने के उद्देश्य से महाअभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और समाज में इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने की अपील की।इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को नशामुक्त देश बनाने तथा स्वयं नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। प्रधानाध्यापक सुनील कुमार गावस्कर ने कहा कि युवाओं को नशे की बुरी आदतों से बचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

### भूमि विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या

**बिहारशरीफ**। चिकसौरा थाना क्षेत्र के गोंदुविगहा गांव में नाली-गली के विवाद ने गुरुवार की सुबह खूनी रूप ले लिया। विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गांव निवासी विजय पासवान के 30 वर्षीय पुत्र अजय कुमार के रूप में हुई है। युवक के सीने में गोली लगी थी। परिजनों के अनुसार, तीन दिन पहले नाली और रास्ते के विवाद को लेकर दोनों पक्षों की महिलाओं के बीच मारपीट हुई थी। सामाजिक लोगों और पुलिस की पहल पर उस समय मामला शांत करा दिया गया था। इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में फिर कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला लाठी-डंडे से मारपीट तक पहुंच गया। इसी दौरान अचानक गोलीबारी शुरू हो गई।गोलीबारी से गांव में अफरातफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसी बीच अजय कुमार को सीने में गोली लग गई। वह खून से लथपथ होकर मौके पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रभारी डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है। मामले की छानबीन की जा रही है। वहीं, चिकसौरा थानाध्यक्ष गौरव सिंधु ने बताया कि नाली-गली के विवाद को लेकर गोलीबारी की घटना हुई है। इसमें एक युवक की मौत हुई है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# भूमिहीनों को जमीन और 200 दिन रोजगार की मांग, मजदूर सभा का सत्याग्रह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा**। प्रखंड क्षेत्र के भूमिहीन परिवारों को आवास के लिए पांच डिसमिल जमीन देने, वर्षों से बसे गरीबों को पीपीएच एक्ट 1947 के तहत वासीगत पर्चा देने, राशन सूची से गरीबों के नाम काटे जाने पर रोक लगाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय खेत ग्रामीण मजदूर सभा की ओर से स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सामूहिक भूख हड़ताल व सत्याग्रह किया गया। एकंगरसराय प्रखंड एवं अंचल मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कमेटी सदस्य महेंद्र रविदास ने की, जबकि संचालन दिनेश रविदास ने किया।धरना में सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर मांगों का समर्थन किया। जिला अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि गरीबों के आशियाने उजाड़े जा रहे हैं, जिसे संगठन किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने सरकार पर गरीब और मजदूर विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए चार श्रम कोड संशोधन वापस लेने की मांग की। उन्होंने सभी गरीबों को राशन, प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा, बीबी रामजी कानून के तहत 200 दिनों का काम और 500 रुपये दैनिक मजदूरी देने की मांग की। उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। मौके पर चंद्रिका दास, रामानंद दास, बिंदेश्वरी शर्मा, मुन्ना प्रसाद आदि ने भी संबोधित किया।

# नवजात मामले में हाईकोर्ट सख्त, डीएनए रिपोर्ट के बाद जांच में तेजी के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। नवजीवन शिशु अस्पताल से जुड़े नवजात मामले में पटना हाईकोर्ट ने गंभीर रुख अपनाते हुए जांच की प्रगति पर नजर रखी है। मामले में नवजात की पहचान, अस्पताल के दस्तावेजों में कथित छेड़छाड़ और जांच में लापरवाही के आरोप सामने आए हैं।हाईकोर्ट रिकॉर्ड के अनुसार बच्चे का जन्म 25 मार्च 2023 को गिरियक के सरकारी अस्पताल में हुआ था। बाद में बेहतर इलाज के लिए उसे बिहारशरीफ के अस्पतालों में रेफर किया गया। नवजीवन शिशु अस्पताल में इलाज के बाद बच्चे की पहचान को लेकर परिवार ने आपत्ति जताई, जिसके बाद मामला दर्ज हुआ।जांच के दौरान अस्पताल के दस्तावेजों में मेल को कथित तौर पर फीमेल किए जाने की ओवरराइटिंग का मामला सामने आया। जिला स्तरीय जांच रिपोर्ट में दस्तावेजों की फोरेंसिक और हैंडराइटिंग जांच की जरूरत बताई गई। मामले में डीएनए जांच भी कराई गई। 21 अप्रैल 2026 के हाईकोर्ट आदेश के अनुसार रिपोर्ट में कथित मां के जैविक रूप से बच्चे की मां होने की संभावना को बाहर किया गया। इसके बाद अदालत ने नालंदा एसपी को व्यक्तिगत रूप से जांच की समीक्षा कर जल्द तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने का निर्देश दिया। पुलिस की ओर से अस्पताल के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई का प्रस्ताव भेजे जाने की भी जानकारी सामने आई है। हालांकि नवजात की कथित तस्करी या बिक्री को अभी सिद्ध तथ्य नहीं माना जा सकता। मामला जांच और न्यायिक प्रक्रिया के अधीन है।




# कॉमन एकाउंटिंग सिस्टम की विसंगतियां दूर करने की मांग

## नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार चन्द्रा ने नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम सिंह से मुलाकात कर कॉमन एकाउंटिंग सिस्टम में आ रही विसंगतियों को दूर करने तथा पैक्स के अंकेक्षण से संबंधित समस्याओं के समाधान की मांग की। इस संबंध में उन्होंने मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में उन्होंने कहा कि वर्तमान कॉमन एकाउंटिंग सिस्टम में पैक्स की परिसंपत्तियों के ह्रासमूल्य को पैक्स की परिचालन गतिविधियों से अर्जित वास्तविक लाभ को लेखांकन स्तर पर हानि में परिवर्तित कर रहा है। इसके कारण राज्य के कई पैक्स की वास्तविक कार्यक्षमता, परिसंपत्तियों के उपयोग की दक्षता तथा वित्तीय प्रदर्शन का समुचित मूल्यांकन नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि लेखांकन का उद्देश्य केवल निर्धारित नियमों के अनुसार आय-व्यय का अभिलेखन करना नहीं, बल्कि पैक्स की वास्तविक वित्तीय स्थिति का सत्य एवं निष्पक्ष चित्र प्रस्तुत करना है। यदि तकनीकी व्यवस्था के कारण वास्तविक लाभ हानि के रूप में प्रदर्शित हो रहा है, तो लेखांकन नीति एवं उसकी कार्यप्रणाली में तकनीकी सुधार पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। इससे राज्य के सभी पैक्स को लाभ मिलने के साथ ही कॉमन एकाउंटिंग सिस्टम की विश्वसनीयता एवं प्रभावशीलता भी मजबूत होगी। अमरेन्द्र कुमार चन्द्रा ने अंकेक्षण व्यवस्था से जुड़ी समस्या की ओर भी मुख्य महाप्रबंधक का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि कॉमन एकाउंटिंग सिस्टम के तहत राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित सूचीबद्ध सनदी लेखाकारों को अंकेक्षण कार्य जिला अंकेक्षण पदाधिकारी द्वारा नहीं करने दिया जा रहा है। उन्होंने बिहार सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1935 की धारा 44 एभी (ई) का हवाला देते हुए कहा कि पैक्स को अंकेक्षक की नियुक्ति एवं अंकेक्षण शुल्क के भुगतान के संबंध में निर्णय लेने की स्वायत्तता प्राप्त है।उन्होंने नाबार्ड से दोनों समस्याओं पर आवश्यक पहल करते हुए कॉमन एकाउंटिंग सिस्टम में तकनीकी सुधार तथा पैक्स की अंकेक्षण व्यवस्था को सुचारु और पारदर्शी बनाने की मांग की।



# नवादा डाक मंडल ने किया तिरंगा यात्रा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नवादा डाक मंडल द्वारा देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डाक अधीक्षक, नवादा मंडल अरविंद कुमार के नेतृत्व में यात्रा निकाली गई, जिसमें मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरे उत्साह, जोश और देशभक्ति की भावना के साथ भाग लिया। तिरंगा यात्रा की शुरुआत डाक विभाग परिसर से हुई। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में राष्ट्रध्वज लेकर "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्" और "हर घर तिरंगा" जैसे देशभक्ति के नारों के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से होकर यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, उसके महत्व तथा प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डाक अधीक्षक अरविंद कुमार ने कहा कि "हर घर तिरंगा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के प्रति सम्मान, गर्व और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। डाक विभाग सदैव राष्ट्रीय अभियानों को जनसहभागिता के माध्यम से सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।"




तिरंगा यात्रा में नवादा डाक मंडल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रध्वज के सम्मान का संदेश आम नागरिकों तक पहुंचाया। यात्रा के दौरान पूरे वातावरण में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला।

डाक विभाग द्वारा चलाया जा रहा हर घर तिरंगा अभियान नागरिकों को राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान एवं राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। नवादा डाक मंडल ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराकर इस अभियान को सफल बनाएं तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# डीएम ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में राजस्व से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिमार्जन प्लस, दाखिल-खारिज, अभियान बसेरा, भूमि मापी, सरकारी परियोजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता, राजस्व महाअभियान, अतिक्रमण, सहयोग पोर्टल तथा भूमि विवाद से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने परिमार्जन प्लस की समीक्षा के क्रम में 120 दिनों से अधिक समय से लंबित एवं पुराने आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।साथ ही दाखिल-खारिज, अभियान बसेरा एवं भूमि मापी के लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विभिन्न सरकारी परियोजनाओं के लिए आवश्यक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में निर्देश दिया गया कि राशन कार्ड से संबंधित आवेदनों के लिए आरटीपीएस के माध्यम से आवश्यक प्रमाण-पत्र प्राथमिकता के आधार पर निर्गत किए जाएं। साथ ही राजस्व महाअभियान की समीक्षा के दौरान प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रखंडवार स्थिति की जानकारी ली गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को लंबित आवेदनों का शीघ्र, नियमानुसार एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने अतिक्रमण हटाने से संबंधित मामलों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं, सहयोग पोर्टल पर दर्ज राजस्व संबंधी मामलों का भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी-सह-प्रभारी अपर समाहर्त्ता, नवादा, भू-अर्जन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, हल्का कर्मचारी सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



### मतदाता सूची अद्यतन करने के निर्देश

**नारदीगंज,नवादा**। प्रखंड मुख्यालय स्थित उजला भवन में बुधवार को बीडीओ सोनिया ढनढननिया की अध्यक्षता में बीएलओ की बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना था। बैठक के मुख्य बिंदु पर चर्चा की गई। जिसमे जिन मतदान केंद्रों पर अब तक एक भी फॉर्म 6 नहीं भरा गया है, वहां विशेष अभियान चलाकर आवेदन जुटाने के निर्देश दिए। बुक ए कॉल' मामलों तथा फॉर्म 6, 7 और 8 के आवेदनों का तुरंत निपटारा करने का आदेश दिए ,डीएसई के आलोक में नियमानुसार फॉर्म 7 भरकर मतदाता सूची साफ-सुथरी करने पर जोर दिया गया। बीडीओ ने सभी कार्यों को समयबद्ध पूरा करने की हिदायत देते हुए लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी। मौके पर बीएलओ दीपक कुमार, गीता शर्मा और विद्यानंद कुमार मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत

**कौआकोल**। थाना क्षेत्र के बाजितपुर-चन्द्रदीप मुख्य पथ पर बुधवार की शाम हुए सड़क हादसे में एक 18 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान भोला यादव के पुत्र सन्नी कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद मृतक के गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सन्नी कुमार बुधवार की शाम साइकिल से कहीं जा रहा था। इसी दौरान सेठ महादेव उच्च विद्यालय के समीप विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे एक पिकअप वाहन ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सन्नी गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल सन्नी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए नवादा रेफर कर दिया। नवादा में इलाज के दौरान सन्नी ने दम तोड़ दिया।

### न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा



**नवादा**। स्वतंत्रता दिवस, सावन महोत्सव एवं रक्षाबंधन के अवसर पर न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, न्यू एरिया में बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। नर्सरी से कक्षा छठी तक के विद्यार्थियों ने गीत, संगीत, नृत्य, लोकनृत्य और देशभक्ति प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. अनुज सिंह, उपप्राचार्य सुजय कुमार एवं सुशील कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य पुस्तकीय ज्ञान के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास करना भी है। सांस्कृतिक गतिविधियों से आत्मविश्वास, रचनात्मकता, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। स्वागत गीत के बाद कक्षा चौथी के ओमिका एवं रक्षित ने 'ऐ मेरे वतन के लोगों' प्रस्तुत किया। कक्षा दूसरी के बच्चों ने 'आई लव माई इंडिया', तीसरी ने 'जहां पांव में पायल' तथा चौथी की राजनंदिनी एवं आराध्या ने 'श्यामा आन बसो' पर प्रस्तुति दी। यूकेजी के बच्चों ने 'नन्हा मुन्ना राही हूँ' और कक्षा पहली ने 'दादी अम्मा' पर नृत्य किया। कक्षा छठी ने 'मेरा मुल्क मेरा देश' और 'मेरा रंग दे' प्रस्तुत किया। रक्षाबंधन थीम पर नृत्य, नर्सरी की झांकी और 'कण-कण में ॐ समाया है' ने भी दर्शकों की सराहना बटोरी। कक्षा पांचवीं ने 'ऐसा देश है मेरा' पर नृत्य किया। कार्यक्रम की सफलता में स्वीटी मैम, स्वीटी मिस, कृष्णा मैम, विनीता मैम, निकिता मैम, धीरज सर, आशीष सर, बबलू भोक्ता, प्रिंस सर एवं अविनाश सर सहित शिक्षकों का योगदान रहा।

# स्वतंत्रता दिवस के पूर्वाभ्यास का एसडीएम व एसडीपीओ ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली इंटर विद्यालय के मैदान में मंगलवार से शुरू हुआ परेड का पूर्वाभ्यास गुरुवार तक जारी रहा। उमस भरी गर्मी के बावजूद दर्जनों छात्र-छात्राएं अनुशासन और देशभक्ति के जोश के साथ कदम से कदम मिलाकर परेड करते नजर आए। पूर्वाभ्यास के अंतिम दिन एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन और प्रभारी एसडीपीओ मो. शाहनवाज अख्तर ने संयुक्त रूप से पूरे परेड का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार भी मौजूद रहे।

पूर्वाभ्यास की कमान सेवानिवृत्त प्राचार्य अनिल कुमार, प्रशिक्षक संजीव रंजन और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन रेखा कुमारी के हाथों में रही। तीनों प्रशिक्षक बच्चों को मार्च-पास्ट, सलामी और कदमताल के बारीक गुर सिखाये। पूर्वाभ्यास के दौरान पुलिस बलों की एक टुकड़ी भी मौजूद रहे। वहीं स्वास्थ्य विभाग से डॉ. गुलाम अनीश के साथ एंबुलेंस के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। पूर्वाभ्यास में रजौली क्षेत्र के 12 प्रतिष्ठित विद्यालयों इंटर विद्यालय रजौली, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय घसियाडीह, अंबेडकर आवासीय बालक विद्यालय, सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, डीएवी स्कूल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय चिरैला, साउथ सिटी इंटरनेशनल स्कूल और संत जोसेफ स्कूल के लगभग 200 छात्र-छात्राएं



# इफको व कृषि विज्ञान केंद्र ने आयोजित किया किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) की ओर से ग्राम निर्माण मंडल, कृषि विज्ञान केंद्र सोखोदेवरा में 'इफको नैनो उर्वरक (तरल) उपयोग जागरूकता अभियान' के तहत इफको किसान मित्र समूह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के वैज्ञानिक उपयोग और इसके लाभों की जानकारी दी गई। इस दौरान 50 किसानों के बीच डेमोंस्ट्रेशन किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में इफको के प्रबंधक डॉ. रमेश कुमार ने कृषि क्षेत्र में नैनो तकनीक की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए किसानों को आधुनिक उर्वरक तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं क्षेत्र अधिकारी शिशिर कुमार सिंह ने इफको के विभिन्न उत्पादों तथा किसानों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने किसानों को नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के वैज्ञानिक इस्तेमाल की जानकारी देते हुए कहा कि उर्वरकों का संतुलित एवं उचित उपयोग मिट्टी की सेहत बनाए रखने के साथ फसल उत्पादन में भी सहायक हो सकता है। प्रशिक्षण के दौरान विषय वस्तु विशेषज्ञ रविकांत चौबे, डॉ. शशांक शेखर सिंह एवं रजत रंजन ने किसानों के तकनीकी सवालों के जवाब दिए तथा नैनो उर्वरकों के उपयोग से संबंधित उनकी समस्याओं का समाधान किया।



# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के तहत परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। आगामी 15 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के तहत आज हरिश्चंद्र स्टेडियम, नवादा में परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), पुलिस केंद्र, नवादा सुधाकर मिश्रा के नेतृत्व में कुल नौ प्लाटून ने अनुशासित तरीके से हिस्सा लिया। परेड का निरीक्षण जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परेड दलों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बेहतर एवं प्रभावशाली प्रस्तुति देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।



पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) ने जानकारी दी कि आज का पूर्वाभ्यास सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ है। सभी प्लाटून के सदस्य उच्च मनोबल एवं अनुशासन के साथ स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूर्णतः तैयार हैं।

# सावन महोत्सव व फ्रेंडशिप डे पर इनर व्हील क्लब की महिलाओं ने जमाया रंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। इनर व्हील क्लब नवादा की ओर से क्लब सदस्य सावित्री बरनवाल के जैन धर्मशाला के समीप स्थित निवास पर सावन महोत्सव एवं फ्रेंडशिप डे का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने हरी चूड़ियों, हरे परिधानों और सोलह श्रृंगार से सज-धजकर सावन की खुशियां मनाई। क्लब की प्रेसिडेंट रेखा रानी ने सभी सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए सावन की शुभकामनाएं दी। फ्रेंडशिप डे के अवसर पर सदस्यों ने एक-दूसरे की कलाई पर फ्रेंडशिप बैंड बांधा और उपहार देकर दोस्ती के रिश्ते को मजबूत किया। वाईस प्रेसिडेंट कुमारी अंजना सिन्हा ने इनर व्हील क्लब के उद्देश्यों, सामाजिक सेवा कार्यों और क्लब से जुड़कर समाज के लिए काम करने के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में रेखा रानी, पुष्पा कुमारी, कशिश सिन्हा, कुमारी अंजना सिन्हा, जय लक्ष्मी सिन्हा, मुस्कान कुमारी, सावित्री बरनवाल, रेणुका मगहैया, बिन्नी प्रसाद, रीता दीक्षित, रीता चंद्रा, आदिति गोयल, संध्या यसवाल, संध्या सिंह, डॉ. पिंकी बरनवाल, डॉ. गिसू स्वेता, आशा देवी, उषा बरनवाल, डॉ. उर्मिला भगत एवं रजनी कुमारी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहीं।



# मगध मेडिकल अस्पताल में बनेगा 600 बेड का नया अस्पताल और 250 क्षमता वाला छात्रावास : डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को गया स्थित अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल का निरीक्षण कर आधारभूत संरचना, मरीजों को मिल रही सुविधाओं तथा निर्माणाधीन और प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी ली। अस्पताल अधीक्षक आनंद प्रसाद आनंद ने बताया कि वर्तमान भवन वर्ष 1960 में निर्मित हुआ था और अब काफी जर्जर स्थिति में है। इससे किसी भी समय अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है। स्थिति की जानकारी मिलने पर डॉ. प्रेम कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि से दूरभाष पर बात की। सचिव ने बताया कि अस्पताल में 600 बेड क्षमता वाले नए भवन और 250 क्षमता वाले छात्रावास का निर्माण कराया जा रहा है। इसका विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार हो चुका है। इसके अलावा चार छात्रावास और एक शवगृह भवन के निर्माण की स्वीकृति प्रक्रिया में है। अधीक्षक ने बताया कि अस्पताल की बाह्य रोगी सेवा में प्रतिदिन करीब 1500 और आपातकालीन विभाग में 200 से अधिक मरीज पहुंचते हैं। बड़ी संख्या में मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को देखते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने उनके ठहरने की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बिहार राज्य आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के पदाधिकारी ने बताया कि 250 क्षमता वाले धर्मशाला भवन के लिए स्थल चिन्हित कर प्रस्ताव भेजा गया है। इसके निर्माण पर करीब 18 से 20 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

**रामसागर में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण शुरू**

डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि गया टाउन विधानसभा क्षेत्र के रामसागर में बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण शुरू किया गया है। इस पर 1,16,95,000 रुपये खर्च होंगे। केंद्र बनने से स्थानीय लोगों को सुलभ स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी और पितृपक्ष मेला के दौरान आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों को भी लाभ होगा। मौके पर अधीक्षक आनंद प्रसाद आनंद, डीजीएम बिहार राज्य आधारभूत संरचना, पप्पू चंद्रवंशी, राजनंदन गांधी, ऋषभ राज, जितेंद्र कुमार, अभियंता रामलगन प्रसाद और गौतम सहित अन्य मौजूद रहे।

# मिर्जा गालिब कॉलेज में भाषण, देशभक्तिपूर्ण कविता एवं गजल वाचन प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** शहर के प्रतिष्ठित मिर्जा गालिब कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से स्वतंत्रता दिवस एवं 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता तथा देशभक्तिपूर्ण कविता एवं गजल वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और देशभक्ति से जुड़े विषयों पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। भाषण प्रतियोगिता में पूजा कुमारी ने प्रथम, अतिका इफ्फत ने द्वितीय और सबा फिरदौस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. सारिम अब्बास और डॉ. अनुराधा सिंह शामिल रहे। वहीं, देशभक्तिपूर्ण कविता एवं गजल वाचन प्रतियोगिता में आयशा सिद्दीकी ने प्रथम, समीरा सिद्दीकी ने द्वितीय तथा अमरीन ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. शब्बीर आलम और डॉ. इबरार खान थे। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव शकील अहमद खान ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर देते हुए कॉलेज की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. इरफाना नाहिद ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मो. सफदर अली ने किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. जोफैल हसन, डॉ. सिद्धार्थ गौतम, डॉ. इजहार अली, लुबना बानो सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. इबरार खान और डॉ. अकरम वारिस ने दी।

## एक नजर

### किसान की धारदार हथियार से हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** अलीपुर थाना क्षेत्र के निमसर ढिबरा गांव में गुरुवार को 55 वर्षीय किसान रामवचन ठाकुर की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही अलीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सहित अन्य कानूनी प्रक्रिया शुरू की। मृतक की पहचान निमसर ढिबरा गांव निवासी स्व. रामकृत ठाकुर के पुत्र रामवचन ठाकुर (55) के रूप में हुई है। रामवचन खेती-बाड़ी करते थे और मखदुमपुर ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 12 की पंच प्रभा देवी के पति थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में निमसर ढिबरा गांव निवासी अकलू दास के पुत्र राहुल कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार भी बरामद कर लिया है। अलीपुर थानाध्यक्ष सत्यम ने बताया कि आरोपी के कबूलनामे के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मृतक और आरोपी के बीच पूर्व के विवाद समेत घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### अहरा में डूबने से 4 वर्षीय मासूम की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र के कनौसी पंचायत अंतर्गत इटवां गांव में बुधवार रात्रि अहरा के पानी में डूबने से 4 वर्षीय बालक बिट्टू की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार अर्जुन यादव धान की रोपनी कर रहे थे। उनका छोटा बेटा बिट्टू पिता के पीछे-पीछे खेत पर जा रहा था। अहरा में पानी कम होने के कारण अर्जुन पहले उसे पार कर गए। इसके बाद बिट्टू भी पार करने लगा, तभी वह अहरा में बने गड्ढे में जा फंसा और डूबने लगा। परिजन आनन-फानन में बच्चे को लेकर गुरारू इलाज के लिए पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोंच पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जहां मुखिया राजीव रंजन भी पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। मुखिया ने बताया कि पारिवारिक लाभ और कबीर अंत्येष्टि की राशि शीघ्र ही पीड़ित परिवार को दी जाएगी। बताया जाता है कि अर्जुन यादव के दो बेटों में बिट्टू सबसे छोटा था। दो वर्ष पूर्व एक और बेटे की मृत्यु बीमारी से हो गई थी।

### बाइक की टक्कर से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी-पंचानपुर मार्ग पर बुधवार की शाम सड़क हादसे में घायल 63 वर्षीय नरेश चौधरी की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में मातम पसरा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार नरेश चौधरी बुधवार की शाम पंचानपुर-गोह रोड स्थित अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान झूलन बगीचा के पास अज्ञात बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस अज्ञात बाइक और उसके चालक की पहचान में जुटी है। पंचानपुर थाना के प्रभारी एसएचओ कन्हैया कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया है। मामले में लिखित शिकायत देने को कहा गया है। टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान की जा रही है।

### हत्या मामले में आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

**इमामगंज।** कोठी थाना पुलिस ने हत्या के मामले में कार्रवाई करते हुए लावाबार गांव से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लावाबार गांव निवासी देव कुमार भुईयां पिता हरी भुईयां के रूप में हुई है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कोठी थाना कांड संख्या 95/25 दर्ज है। मामले में लंबे समय से उसकी तलाश की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई किया जा रहा है।

# वाहन की टक्कर से किसान की मौत, दो घंटे तक सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के राजा बीघा के समीप गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में किसान राम प्रवेश यादव उर्फ पवन यादव की मौत हो गई। मृतक चिताव पंचायत के निम्हारा टोला के निवासी थे। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शेरघाटी-चेरकी भाया गया मुख्य मार्ग को करीब दो घंटे तक जाम कर दिया जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राम प्रवेश यादव प्रतिदिन की तरह गुरुवार की सुबह अपने कार्यस्थल की निगरानी के लिए पैदल जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आए एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल इलाज के लिए गया ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। दोषी वाहन चालक की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर अंचल अधिकारी उषा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर नेयाज अहमद तथा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया जिसके बाद करीब दो घंटे बाद जाम समाप्त हुआ और यातायात सामान्य हो सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही दुर्घटना के बाद फरार वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# ए.एम. कॉलेज के शिक्षक-कर्मचारियों का बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम के विरोध में आंदोलन शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार सरकार द्वारा प्रस्तावित 'बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम-2026' के विरोध में चल रहे राज्यव्यापी आंदोलन को समर्थन देते हुए अनुग्रह मेमोरियल (ए.एम.) कॉलेज, गया के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। कॉलेज के शिक्षक-कर्मचारियों ने उच्च शिक्षा की स्वायत्तता, शैक्षणिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अकादमिक परंपराओं की रक्षा के लिए प्रस्तावित अधिनियम को तत्काल वापस लेने की मांग की है। आंदोलन के प्रथम चरण में 5 से 8 अगस्त तक कॉलेज के सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर अपने नियमित शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों का निर्वहन किया। इसके बाद कॉलेज परिसर में स्थित अनुग्रह बाबू की प्रतिमा के समीप शिक्षक एवं कर्मचारी एकत्र हुए और प्रस्तावित अधिनियम के विरोध में नारेबाजी कर अपना प्रतिरोध दर्ज कराया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आंदोलन किसी व्यक्तिगत हित के लिए नहीं, बल्कि विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता, गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा, शैक्षणिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अकादमिक परंपराओं की रक्षा के लिए है। उन्होंने प्रस्तावित अधिनियम को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि इससे उच्च शिक्षा की मौजूदा स्वायत्त व्यवस्था और अकादमिक स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। ए.एम. कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से संकल्प लिया कि उच्च शिक्षा के हितों की रक्षा के लिए उनका आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही राज्यव्यापी आंदोलन के आगामी चरणों में कॉलेज की सक्रिय और संगठित भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

# डुमरिया की दो छात्राएं और एक छात्र निर्वाचन आयोग के सम्मेलन में करेंगे प्रतिनिधित्व



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** जिस डुमरिया की पहचान कभी नक्सली गतिविधियों और बंदूकों की आवाज से होती थी, आज उसी क्षेत्र के बच्चे शिक्षा और लोकतंत्र का संदेश लेकर पटना पहुंचने जा रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से पटना में आयोजित होने वाले 'निर्वाचन प्रक्रिया में शिक्षा जगत की भूमिका' विषयक क्षेत्रीय सम्मेलन में डुमरिया प्रखंड के जनता हाई स्कूल डुमरिया सह सरस्वती विद्या निकेतन मॉडर्न स्कूल के दो छात्राओं और एक छात्र का चयन किया गया है। विद्यार्थियों के चयन से पूरे प्रखंड के शिक्षा जगत में खुशी का माहौल है। इस संबंध में डुमरिया बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि सम्मेलन में शामिल होने के लिए महुड़ी गांव निवासी विजय प्रसाद गुप्ता की पुत्री खुशबू कुमारी, सुजी गांव निवासी संतन मिस्त्री की पुत्री छोटी कुमारी और महुड़ी गांव निवासी रणधीर कुमार के पुत्र करण कुमार को नामित किया गया है। इनके साथ एक शिक्षक भी सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदाता जागरूकता और निर्वाचन प्रक्रिया में शिक्षण संस्थानों की भूमिका को मजबूत करना है। सम्मेलन में विद्यालय से दो छात्राएं और एक छात्र प्रतिभागी के रूप में शामिल होंगे। मालूम हो कि करीब दो दशक पहले डुमरिया क्षेत्र नक्सली गतिविधियों का गढ़ माना जाता था। इलाके में नक्सलियों के बेस कैंप हुआ करते थे। स्थिति ऐसी थी कि कई क्षेत्रों में लोग दिन के समय भी जाने से डरते थे। बंदूकों की आवाज और बम धमाकों से लोगों के बीच दहशत का माहौल बना रहता था। इसका सबसे अधिक असर बच्चों की शिक्षा पर पड़ा। पढ़ाई की सुविधाओं की कमी के कारण बच्चों के भविष्य पर भी इसका असर देखने को मिला। समय के साथ सरकार और प्रशासन की ओर से क्षेत्र में विकास के साथ शिक्षा को लेकर भी लगातार प्रयास किए गए। विद्यालयों तक बच्चों की पहुंच बढ़ी और अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता आई। धीरे-धीरे डुमरिया का माहौल बदलने लगा। जिन बच्चों के हाथों में कभी डर और हिंसा से जुड़े प्रतीक दिखाई देते थे, आज उन्हीं हाथों में किताब और कलम हैं। बच्चे कंप्यूटर और आधुनिक तकनीक की शिक्षा लेकर अपने भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं। आज डुमरिया के बच्चे पढ़ाई के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। निर्वाचन आयोग के पटना सम्मेलन में तीन विद्यार्थियों का चयन इसी बदलते डुमरिया की तस्वीर सामने रखता है।

# बोधि बिगहा थाना पहुंचीं ग्रामीण एसपी, लंबित कांडों पर जताई नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया।** गया जिले के नक्सल प्रभावित डुमरिया प्रखंड में पुलिसिंग व्यवस्था को लेकर गुरुवार को ग्रामीण एसपी दिव्यांजलि कुमारी ने बोधि बिगहा थाना का औचक निरीक्षण किया। उनके अचानक पहुंचने से थाना परिसर में पुलिस पदाधिकारियों के बीच हलचल बढ़ गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना में दर्ज मामलों की स्थिति, लंबित कांडों और क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधिकारियों से जानकारी ली। ग्रामीण एसपी ने लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए पुलिस पदाधिकारियों को समय पर अनुसंधान पूरा कर कांडों का निष्पादन करने को कहा। वहीं, विभिन्न मामलों में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष रूप से अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि गंभीर मामलों में पुलिस कार्रवाई में किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण एसपी ने जनता दरबार और जनसुनवाई की व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर नियमानुसार त्वरित समाधान कराने का निर्देश दिया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01 /2026–27/EE/RWD/DALTONGANJ**
**कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है।**

दिनांक–12.08.2026

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /01/2026-27 | छतरपुर प्रखंड अंतर्गत मुनकेरी बैमत स्थान से अलीपुर होते हुए मुनकेरी कब्रिस्तान तक पथ निर्माण। लंबाई–2.65कि0मी0 | 336.722 | तीन करोड़ छतीस लाख बहत्तर हजार दो सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 2 | EE/RWD/ DALTONGANJ /02/2026-27 | नौडीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत पी0डब्लू0डी0 मुख्य पथ से चोरडंडा गांव तक पथ निर्माण कार्य। लंबाई–2.75कि0मी0 | 228.838 | दो करोड़ अठाईस लाख तिरासी हजार आठ सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 3 | EE/RWD/ DALTONGANJ /03/2026-27 | छतरपुर प्रखंड अंतर्गत कचनपुर से शर्मा टोला होते हुए पी0डब्लू0डी0 तक पथ निर्माण कार्य। लंबाई– 1.185कि0मी0 | 179.331 | एक करोड़ उन्नासी लाख तेतीस हजार एक सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 4 | EE/RWD/ DALTONGANJ /04/2026-27 | पाटन प्रखंड अंतर्गत चुड़ादोहर से बासाबार तक पथ निर्माण कार्य । लंबाई–3.70कि0मी0 | 377.044 | तीन करोड़ सत्तहतर लाख चार हजार चार सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 5 | EE/RWD/ DALTONGANJ /05/2026-27 | छतरपुर प्रखंड अंतर्गत रूदवा PWD रोड से सुदियाडीह रूदवा गांव तक पथ निर्माण कार्य । 3.33कि0मी0 | 450.720 | चार करोड़ पच्चास लाख बहत्तर हजार रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 21.08.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 10.09.2026 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.09.2026 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
डालटनगंज ।

PR 387487 (District) 26-27 (D)


# अनुमण्डलाधिकारी तिरंगा यात्रा में हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** गुरूवार को टेकारी अनुमण्डल के युवा अनुमण्डलाधिकारी प्रवीण कुंदन ने बाजार स्थित सर्वोदय प्लस टू विद्यालय से 80 वां स्वतंत्रता दिवस के पूर्व निकाले जा रहे तिरंगा यात्रा में शामिल होकर बच्चों, शिक्षकों सहित पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के हौसले में बुलंदी प्रदान कर दिया। यह यात्रा सर्वोदय विद्यालय के प्रांगण से प्रारंभ होकर संपूर्ण बाजार क्षेत्र में भ्रमण किया और आमजन मानस के हौसले का अफजाई किया। इस मौके पर बीडीओ संभव कुमार सिंह, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, प्रधानाध्यापक अजय कुमार चंद सहित दर्जनों शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाया।

# तिरंगा यात्रा में गूंजे वंदे मातरम के नारे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस।** आमस बाजार में गुरुवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। आमस स्थित प्रोजेक्ट शिवबालक बालिका इंटर विद्यालय की ओर से गुरुवार को छात्राओं ने शानदार तिरंगा यात्रा निकाली। इस तिरंगा यात्रा में आमस बीडीओ नीरज कुमार रॉय, थानाध्यक्ष धनंजय कुमार, एसआई अखिलेश कुमार, मुखिया मनोज यादव भी शामिल हुए। स्कूल के प्रधानाध्यापक मो. बबलू अंसारी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा में शामिल सैकड़ों छात्र-छात्राएं अपने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति नारे और गीत गाए। जीटी रोड से गुजर रही तिरंगा यात्रा को देख कर लोगों ने स्वागत किया। इस तिरंगा यात्रा में जदयू नेता रामबृक्ष प्रसाद, पूर्व मुखिया दारोगा रॉय, कुलेन्द्र कुमार, उप मुखिया बाबर अली खान, शिक्षक संतोष कुमार सिंह, दिनेश पांडे, मनोज कुमार गुप्ता, सुमनलता, विकास कुमार, ज्योति कुमारी, कमल प्रकाश पासवान, सचिन साव, अंशु कुमारी, वेद प्रकाश, शैली तिवारी सूरज, प्रभा कुमारी, पूनम कुमारी और ज्ञानती कुमारी गौंड आदि शामिल रहीं।

# बिजली चोरी पर कार्रवाई, चार पर 86 हजार जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र में विद्युत ऊर्जा की चोरी पकड़े जाने पर विद्युत विभाग ने 4 उपभोक्ताओं पर कुल 86,481 रुपये का जुर्माना लगाया है। मामले में आंती थाने में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कनीय अभियंता विकास कुमार ने बताया कि जांच के दौरान आंती थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में बिजली चोरी पकड़ी गई। जांच में पाया गया कि ग्राम मीठापुर टोला दुखी बिगहा निवासी निर्मला देवी पति सुरेन्द्र कुमार पर 9,404 रुपये एवं लालमुनि देवी पति देव नारायण यादव पर 31890 रूपये का जुर्माना लगाया गया।


**कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर**
**E-mail :- npsbnagar@gmail.com**

ज्ञापांक 806/ दिनांक 11.08.2026

**–: आम सूचना :–**

निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2025 के अनुपालन हेतु निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2025 के तहत नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्र में निर्माण, विध्वंस, मरम्मत एवं पुनर्विकास से उत्पन्न अपशिष्ट के वैज्ञानिक संग्रहण, परिवहन एवं निपटान हेतु निम्न निर्देश जारी किए जाते हैं :–

1. C&D Waste की परिभाषा ईंट, कंक्रीट, प्लास्टर, लकड़ी, धातु, कांच, प्लास्टिक, मिट्टी, सड़क का मलबा, टाइल्स एवं अन्य सामग्री जो निर्माण/ध्वस्तीकरण से उत्पन्न हो।
2. सभी नागरिकों, बिल्डरों, ठेकेदारों एवं संस्थाओं के लिए अनिवार्य प्रावधान

| क्र0 सं0 | प्रावधन | विवरण | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | पंजीकरण | 20 वर्ग मीटर से अधिक का निर्माण/विध्वंस कार्य करने से पूर्व नगर पंचायत में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। | |
| 2 | पृथक्करण | स्रोत पर ही C&D कचरे को 4 श्रेणी में अलग करें: कंक्रीट/ईंट, मिट्टी/रेत, धातु/लकड़ी/प्लास्टिक, खतरनाक अपशिष्ट। | |
| 3 | निपटान | C&D कचरा सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थल या खाली भूखंड पर नहीं डालें। इसे नगर पंचायत द्वारा चिन्हित C&D संग्रहण केंद्र / प्रोसेसिंग प्लांट में ही जमा करें। | |
| 4 | परिवहन | C&D कचरे के परिवहन हेतु ढका हुआ वाहन का उपयोग करें ताकि धूल उड़कर प्रदूषण न हो। | |
| 5 | अपशिष्ट प्रबंधन योजना | 50 टन से अधिक C&D Waste उत्पन्न होने पर कार्य प्रारंभ से पूर्व Waste Management Plan नगर पंचायत में जमा करना होगा। | |

अतः उक्त नियमों का उल्लंघन करने, खुले में कचरा फेंकने या बिना पंजीकरण कार्य करने पर निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2025 के अंतर्गत पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति / जुर्माना लगाया जाएगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 387418 Urban Development(26-27)#D



**कार्यालय :–जिला यक्ष्मा केन्द्र, गढ़वा**
**Email Id:- dtojhgrh@rntcp.org**

(अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना)
निविदा संख्या –01/2026 दिनाँक–

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्नमूलन कार्यक्रम गढ़वा के अन्तर्गत प्राप्त DRE-2026-27 के आलोक मे टी0बी0 जाँच प्रयोगशाला के लिए CBNAAT Machine का CPU with Monitor, Key Board, Mouse क्रय किया जाना है, जिसके लिए इस सूचना के माध्यम से इच्छुक अधिकृत विक्रेताओ/एजेंसियो/कंपनियो से द्वि–लिफाफा पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के माध्यम् से सील बंद लिफाफे मे निविदा कार्यालय जिला यक्ष्मा केन्द्र, सदर अस्पताल परिसर, गढ़वा पिन कोड–822114 के नाम से निबंधित डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम् से निम्न शर्तो के साथ आमंत्रित की जाती है।

| S.No | Name of Work | Rate Contract |
|---|---|---|
| 01 | Date & Time of Start of Submission of Bids | 14th August 2025 from 10:00 AM |
| 02 | Last Date & Time for Receipt of Bids | 21th August 2025 from 05:00 PM |
| 03 | Bids Opening Date | 24th August 2025 from 03:00 PM |
| 04 | EMD in Favouring DRHS Flexible Pool Garhwa | Rs.20,000.00 (Twenty Thousand Only) |
| 05 | Application Fee (Non Refundable) favouring DRHS Flexible Pool Garhwa | Rs.5,000.00 (Five Thousand Only) |
| 06 | Venue of Getting & Submission of Tender Document | District TB Centre , Sadar Hospital Campus,Garhwa-822114 |
| 07 | Contact No of Procurement officer | 7368087287,9304684675 |
| 08 | Mode of Submission | ThroughRegistered/ Speed Post |

निविदा से संबंधित कागजात गढ़वा जिले के बेबसाईट http://garhwa.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त से संबंधित संपूर्ण जानकारी अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचनापट्ट पर भी देखी जा सकती है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी,
जिला यक्ष्मा केन्द्र, गढ़वा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा।

PR 387503 (Health Med Edu and Family Welfare)26-27*D

संपादकीय

# छात्रसंघ चुनाव : प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष?

मध्यप्रदेश में नौ साल बाद कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव की सुगबुगाहट के बाद इसकी प्रणाली को लेकर अभी से विवाद शुरू हो गया है। ये चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से हों अथवा अप्रत्यक्ष प्रणाली से, इस बारे में अंतिम फैसला मुख्यमंत्री को करना है, लेकिन प्रदेश के प्रमुख छात्र संगठनों ने प्रत्यक्ष प्रणाली से ही चुनाव कराने की मांग शुरू कर दी है। गौरतलब है कि उच्च शिक्षा विभाग नवंबर 2024 में इसका ड्राफ्ट तैयार कर चुका है। सरकार एक कमेटी बनाकर इस ड्राफ्ट की समीक्षा करेगी। कुछ बदलावों के साथ इसे लागू किया जा सकता है। प्रदेश में आखिरी बार छात्र संघ चुनाव 2017 में हुए थे, तब 6 विश्वविद्यालयों के 533 कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव हुए थे। अब फिर से चुनाव शुरू हुए तो प्रदेश के 1400 से ज्यादा कॉलेज और 74 विश्वविद्यालयों के 14 लाख से अधिक छात्र अपने प्रतिनिधि चुन सकेंगे। छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर पिछले साल जबलपुर हाई कोर्ट में छात्र अदनान अंसारी ने एक याचिका दायर की गई थी। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान सरकार और उच्च शिक्षा विभाग के रवैये पर नाराजगी जताई थी और 5 अगस्त को सरकार को सितंबर में चुनाव कराने की जानकारी देने को कहा था। कोर्ट ने सरकार से चुनाव की निश्चित तारीख, 2026-27 का शैक्षणिक कैलेंडर और पूरी कार्ययोजना पेश करने को कहा। इसके बाद सरकार ने सितंबर में चुनाव कराने की जानकारी हाईकोर्ट को दी। दरअसल इस मांग का एक आधार यह भी था कि विवि और कॉलेज छात्रों से छात्र संघ चुनाव की फीस तो वसूलते रहे, लेकिन सरकार ने उन्हें चुनाव कराने की अनुमति नहीं दी। अगर छात्र संघ चुनाव हुए तो असली सवाल यह है कि ये चुनाव किस प्रणाली से होंगे, प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष। आमतौर पर प्रत्यक्ष प्रणाली को ही वास्तविक चुनाव माना जाता है। हालांकि ऐसे चुनावो में शो बाजी, भारी खर्च और कभी कभी हिंसा भी हो जाती है। मप्र में एक प्रोफेसर की हत्या तक हो चुकी है। ऐसे में सरकार क्या निर्णय लेती है, यह देखने की बात है। बावजूद इसके छात्र संघ चुनावों का अपना महत्व है। राजनेताओं की नई पौध यहीं से तैयार होती है। युवाओं के राजनीतिक प्रशिक्षण की दृष्टि से भी यह महत्वपूर्ण है और उनकी सियासी नब्ज पकड़ने का भी अहम माध्यम है। अगर प्रदेश में छात्र संघ चुनाव फिर से शुरू हुए तो इन्हें अगले साल होने वाले नगरीय निकाय चुनावों और दो साल बाद होने वाले विधानसभा चुनावों की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण माना जाएगा। राजनीतिक हल्कों में माना जा रहा है कि राजस्थान जैसे पड़ोसी राज्यों में जहां नियमित छात्रसंघ चुनाव होते रहे, वहां से सांसद-विधायक तक निकले, जबकि मध्य प्रदेश पिछड़ गया। हालांकि इसके नतीजे तुरंत नहीं दिखाई देंगे, लेकिन भविष्य की तैयारी की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। छात्र संघों के चुनाव नियमित रूप से होते रहने चाहिए, इस पर ज्यादातर लोगों की राय हां में ही हैं। लेकिन ये चुनाव शालीन तरीके से हों, ईमानदारी से हों और छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए हों तो ज्यादा उचित होगा। हाल में जेन ज़ी के आंदोलनों से बता दिया है कि निर्वाचित छात्र संघों के अभाव में सरकार के पास यह जानने का कोई प्रभावी माध्यम नहीं है कि छात्रों की वाजिब समस्याएं क्या हैं और वो क्या चाहते हैं? कोई छात्रों और सरकार के बीच संवाद की कोई कड़ी नहीं है। दरअसल छात्रों का राजनीतिक रूझान में समाज की सोच में बदलाव को नापने का बैरोमीटर भी है। इसे सरकार को समझना होगा।

# पर्यावरण कानूनों की सर्वोच्चता का निर्णायक संदेश

**भारत में विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन की बहस लंबे समय से चल रही है। सड़क, बांध, खनन, ताप विद्युत संयंत्र, औद्योगिक परियोजनाओं और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों जैसी बड़ी परियोजनाओं को आर्थिक विकास का आधार बताया जाता है, लेकिन इनके निर्माण से पहले पर्यावरणीय प्रभावों का आकलन और संभावित नुकसान से बचाव भी कानून की अनिवार्य मांग है। ऐसे समय में सुप्रीम कोर्ट का हालिया फैसला पर्यावरणीय शासन के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। न्यायालय ने केंद्र सरकार के 7 जुलाई 2021 के उस कार्यालय ज्ञापन (ऑफिस मेमोरेंडम) को निरस्त कर दिया, जिसके जरिए उन परियोजनाओं के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रक्रिया उपलब्ध कराई गई थी, जो आवश्यक पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी हासिल किए बिना निर्माण या संचालन शुरू कर चुकी थीं।**

तीन सदस्यीय पीठ में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली शामिल थे। यह फैसला मूलतः इस सवाल से जुड़ा है कि क्या कार्यपालिका महज एक प्रशासनिक कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से उस कानूनी व्यवस्था को बदल सकती है, जिसके तहत किसी परियोजना को शुरू करने से पहले पर्यावरणीय मंजूरी लेना अनिवार्य है। सुप्रीम कोर्ट का उत्तर स्पष्ट है कि किसी वैधानिक व्यवस्था को महज प्रशासनिक आदेश के जरिए कमजोर या प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता। पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 के तहत निर्धारित परियोजनाओं के लिए निर्माण शुरू करने अथवा परियोजना का विस्तार करने से पहले पर्यावरणीय स्वीकृति लेना आवश्यक है।

इसका उद्देश्य केवल सरकारी अनुमति हासिल करना नहीं है, बल्कि परियोजना के संभावित पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों का पहले से आकलन करना है। किसी बड़े बांध से कितने गांव प्रभावित होंगे, जंगल का कितना हिस्सा डूबेगा, नदी के प्रवाह और जैव-विविधता पर क्या असर पड़ेगा, खनन परियोजना से भूजल और कृषि भूमि पर क्या प्रभाव पड़ेगा, औद्योगिक परियोजना से प्रदूषण का स्तर कितना बढ़ सकता है अथवा किसी परमाणु परियोजना से जुड़े पर्यावरणीय जोखिम क्या हैं। इन सभी सवालों का मूल्यांकन परियोजना शुरू होने से पहले होना चाहिए। यही पूर्व मूल्यांकन पर्यावरणीय कानूनों की मूल भावना है। यदि परियोजना पहले शुरू कर दी जाए और पर्यावरणीय मंजूरी बाद में मांगी जाए तो पर्यावरणीय प्रभावों का आकलन अक्सर एक ऐसी स्थिति में होता है, जब नुकसान हो चुका होता है या परियोजना को रोकना व्यावहारिक और राजनीतिक रूप से कठिन बना दिया जाता है।

इसलिए 'पहले निर्माण, बाद में मंजूरी' की व्यवस्था पर्यावरणीय कानून के निवारक चरित्र को कमजोर करती है। 7 जुलाई 2021 को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने ऐसा कार्यालय ज्ञापन जारी किया था, जिसमें उन परियोजनाओं से संबंधित प्रक्रिया निर्धारित की गई थी जिन्होंने आवश्यक पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी के बिना निर्माण या संचालन शुरू कर दिया था। आलोचकों का तर्क था कि इस तरह की व्यवस्था से परियोजना संचालकों को गलत प्रोत्साहन मिलता है। यदि कोई कंपनी बिना मंजूरी के परियोजना शुरू कर देती है और बाद में जुर्माना, क्षतिपूर्ति अथवा कुछ शर्तों के साथ पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त कर सकती है, तो कानून का पूर्व-अनुमति वाला ढांचा कमजोर पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने इसी बिंदु पर हस्तक्षेप करते हुए 2021 के कार्यालय ज्ञापन को निरस्त कर दिया है। न्यायालय ने माना कि 2006 की पर्यावरणीय प्रभाव अधिसूचना व्यवस्था में पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी की जो वैधानिक आवश्यकता है, उसे केवल प्रशासनिक आदेश से बदला नहीं जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह नहीं कहा कि केंद्र सरकार किसी भी परिस्थिति में पोस्ट-फैक्टो पर्यावरणीय मंजूरी की व्यवस्था नहीं कर सकती। अदालत ने कहा कि यदि विशेष परिस्थितियों में ऐसी व्यवस्था करनी है तो उसे पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 के तहत वैधानिक अधिसूचना के माध्यम से किया जाना होगा। केवल कार्यालय ज्ञापन जारी करके वैधानिक पर्यावरणीय व्यवस्था को बदला नहीं जा सकता है। यानी अदालत ने कार्यपालिका की शक्ति को पूरी तरह समाप्त नहीं किया, बल्कि उसके इस्तेमाल के लिए संवैधानिक और वैधानिक रास्ता स्पष्ट किया है। यह अंतर अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसका अर्थ है कि भविष्य में यदि केंद्र सरकार किसी विशेष परिस्थिति में ऐसी व्यवस्था करना चाहती है तो उसे पारदर्शी, वैधानिक और विधि-सम्मत प्रक्रिया अपनानी होगी। प्रशासनिक स्तर पर जारी एक साधारण कार्यालय आदेश के जरिए पर्यावरण कानून की मूल शर्त को कमजोर नहीं किया जा सकता है।


पर्यावरणीय कानूनों में बार-बार ऐसी व्यवस्थाएं सामने आती रही हैं जिनमें नियमों का उल्लंघन कर चुकी परियोजनाओं को बाद में नियमित करने का रास्ता उपलब्ध कराया जाता है। इससे एक गंभीर सवाल उठता है कि जो परियोजना कानून का पालन करके आगे बढ़ी और जिसने पर्यावरणीय स्वीकृति की लंबी प्रक्रिया पूरी की, उसकी तुलना में नियमों का उल्लंघन करने वाली परियोजना को बाद में राहत देना क्या न्यायसंगत है? इसीलिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला केवल एक कार्यालय ज्ञापन को निरस्त करने तक सीमित नहीं है। यह शासन-व्यवस्था को यह संदेश देता है कि पर्यावरणीय कानूनों का उल्लंघन करके परियोजना खड़ी करना कोई सामान्य प्रशासनिक कमी नहीं माना जा सकता। इस फैसले का महत्व मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में और बढ़ जाता है, जहां बड़े बांध, खनन, ताप विद्युत, औद्योगिक परियोजनाओं तथा प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को लेकर पर्यावरणीय और सामाजिक विवाद सामने आते रहे हैं। परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के मामले में पर्यावरणीय प्रभाव का प्रश्न केवल भूमि उपयोग तक सीमित नहीं होता। जल संसाधन, जैव-विविधता, तापीय प्रभाव, रेडियोधर्मी अपशिष्ट, आपदा प्रबंधन, स्थानीय समुदायों की सुरक्षा और दीर्घकालिक पर्यावरणीय जोखिम जैसे प्रश्न भी महत्वपूर्ण होते हैं। इसी प्रकार बड़े बांधों में जंगल, नदी, कृषि भूमि, मछली संसाधन, वन्यजीव और विस्थापन जैसे अनेक प्रभाव जुड़े होते हैं। खनन परियोजनाओं में भूजल, वन क्षेत्र, कृषि और स्थानीय आजीविका प्रभावित हो सकती है।

ऐसी परियोजनाओं में यदि पहले निर्माण शुरू हो जाए और पर्यावरणीय स्वीकृति बाद में मिले तो पर्यावरणीय प्रभाव आकलन की पूरी अवधारणा ही कमजोर पड़ सकती है। अक्सर पर्यावरणीय मंजूरी को विकास परियोजनाओं में एक प्रशासनिक बाधा के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। लेकिन वास्तविकता में पर्यावरणीय मंजूरी का उद्देश्य परियोजना को रोकना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि विकास पर्यावरणीय सीमाओं और कानूनी मानकों के भीतर हो। भारत के संविधान में भी पर्यावरण संरक्षण को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार की न्यायिक व्याख्या स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार तक पहुंच चुकी है। वहीं अनुच्छेद 48-ए राज्य को पर्यावरण की रक्षा और सुधार तथा वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा का दायित्व देता है। इस दृष्टि से पर्यावरणीय कानून विकास-विरोधी नहीं हैं। वे विकास को अधिक जिम्मेदार, टिकाऊ और भविष्य की पीढ़ियों के हित में बनाने का माध्यम हैं। भारत में कई बार यह धारणा बनाई जाती है कि कोई परियोजना एक बार शुरू हो जाए तो उसे बंद करना कठिन है, क्योंकि उसमें भारी निवेश हो चुका होता है और उससे रोजगार तथा आर्थिक गतिविधियां जुड़ जाती हैं।लेकिन यदि यही तर्क स्वीकार कर लिया जाए तो कानून का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति या कंपनी को उस व्यक्ति से अधिक लाभ मिल सकता है जिसने शुरुआत से कानून का पालन किया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का महत्व इसी जगह है। न्यायालय ने संकेत दिया है कि किसी परियोजना में निवेश हो जाना अपने आप में पर्यावरणीय कानूनों के उल्लंघन का लाइसेंस नहीं बन सकता है। किसी परियोजना का आर्थिक महत्व अपनी जगह है, लेकिन पर्यावरणीय कानूनों का पालन उससे पहले की शर्त है।भविष्य की सरकारों के लिए भी स्पष्ट संदेश है कि इस फैसले का एक व्यापक संवैधानिक महत्व है।

सरकारें नीतियां बना सकती हैं, प्रशासनिक निर्देश जारी कर सकती हैं और विकास परियोजनाओं के लिए प्रक्रियाएं निर्धारित कर सकती हैं। लेकिन जब किसी वैधानिक अधिसूचना द्वारा निर्धारित पर्यावरणीय सुरक्षा व्यवस्था में मूलभूत परिवर्तन करना हो, तो उसके लिए कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा। इसलिए भविष्य में यदि केंद्र सरकार किसी विशेष श्रेणी की परियोजनाओं के लिए पोस्ट-फैक्टो मंजूरी या किसी प्रकार की 'एमनेस्टी' व्यवस्था लाना चाहती है तो उसे उचित वैधानिक अधिसूचना के माध्यम से ऐसा करना होगा। महज एक कार्यालय ज्ञापन पर्याप्त नहीं होगा। यह बात पर्यावरणीय प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों को मजबूत कर सकती है। फैसले का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि न्यायालय ने इसे इस तरह लागू नहीं किया है कि पहले से जारी मंजूरियों और चल रही परियोजनाओं में अचानक व्यापक व्यवधान पैदा हो। इसलिए 2021 के कार्यालय ज्ञापन के आधार पर पहले से दिए गए पर्यावरणीय स्वीकृति मामलों को लेकर फैसले का प्रभाव अलग तरीके से निर्धारित किया गया है।

अध्यात्म

## लक्ष्य का निर्धारण



एक बार एक ऋषि महात्मा कही प्रवचन देने जा रहे थे। रास्ते में उन्हें एक बच्चा मिला जोकि उदास बैठा था। महात्मा जी ने बच्चे को अपने पास बुलाकर पूछा क्या बात हैं बेटा? तुम कुछ उदास लग रहे हो। बच्चे ने कहा, 'महात्माजी मैं जीवन में कुछ करना चाहता हूँ। लेकिन मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा कि मैं क्या करूँ। महात्माजी ने कहा, 'आखिर तुम करना क्या चाहते हो।' बच्चे ने कहा, कुछ भी।

महात्माजी मुस्कुराते हुए कहा, 'बेटा, सबसे जरूरी चीज तुम अपने लक्ष्य का निर्धारण करो।' तुम अपनी कुशलता को पहचानो, तुम्हें क्या पसंद हैं। जिसके लिए तुम अपना सबकुछ देने के लिए तैयार हो। बच्चे ने कुछ देर सोचकर बोला, 'महात्मन मुझे दौड़ना बहुत पसंद हैं।' अगर मैं दौड़ना शुरू करता हूँ तो मैं सब कुछ भूल जाता हूँ। मैं अपने लक्ष्य को बिना प्राप्त किए नहीं रुकता।

महात्माजी ने कहा, 'फिर तुम अपने आपको एक कुशल धावक क्यों नहीं बनाते, तुम अपने देश के लिए बहुत कुछ कर सकते हो।' महात्माजी की बातें बच्चे के दिमाग में बैठ गई। उसने उसी दिन से अपना लक्ष्य निर्धारित किया। वह अपने आपको एक कुशल धावक के रूप में देखने लगा। देखते-देखते वह अपने शहर ही नहीं पूरे देश का एक महान धावक बन गया।

**नैतिक सीखः**

बिना निर्धारित लक्ष्य के कोई भी अपना मुकाम हशील नहीं कर सकता।

# दुनिया में बढ़ता शरणार्थी संकट

**इस वक्त स्पेन 60 हजार घुसपैठी शरणार्थी संकट से जूझ रहा है। ये शरणार्थी मोरक्को और उप सहारा अफ्रीका से झुंडों में समुद्र के रास्ते आकर स्पेन के सेउटा और मेलिला में पहुंचे हैं। दरअसल स्पेन की सुप्रीम कोर्ट ने जून-2026 के अंत में एक फैसला दिया था कि स्पेन पहुंचने वाले प्रवासियों को बिना कानूनी प्रतिक्रिया के तत्काल वापस नहीं लौटाया जाए। इस फैसले को सोशल मीडिया पर अनुचित एवं मनमाने तरीके से प्रस्तुत किया गया है। नतीजतन इंटरनेट पर यह अफवाह फैल गई कि स्पेन ने अपनी सीमाएं शरणार्थियों के लिए पूरी तरह खोल दी है। वहां पहुंचने वालों को बलपूर्वक वापिस नहीं किया जाएगा।इसके बाद मोरक्का और अफ्रीका के करीब 60 हजार लोग संगठित होकर समुद्र में स्पेन जाने के लिए उतर गए और 24 से 48 घंटों के भीतर तैरकर या पैदल चलकर स्पेन की सीमा में घुस गए।**

दरअसल इस्लाम बहुल इन अफ्रीकी देशों में युवाओं के लिए सीमित रोजगार के अवसर हैं, इसलिए एक बड़ा समूह एक झटके में ही पलायन कर गया। इस संकट के कारण स्पेन से इटली और अमेरिका ने स्पेन सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा है कि ऐसे नियमों से यूरोप में अवैध प्रवासी शरणार्थी के रूप में घुसते रहेंगे। यूरोपीय संघ के 22 देषों ने एक पत्र लिखकर इस नीति की कड़ी आलोचना की है, बावजूद स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने अपने सहयगियों की इस प्रतिक्रिया को पक्षपातपूर्ण बताया है। हालांकि भविष्य में ऐसी घुसपैठ को राकने के लिए स्पेन ने अपनी समुद्री सीमा पर फ्लोटिंग बेरियर लगाना षुरू कर दिया है।

इस समय यूक्रेन-रूस, इजरायल-हमास और अमेरिका एवं ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण शरणार्थी समस्या सुरसामुख की तरह फैलती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र में षरणार्थियों के मामलों से जुड़े 'यूनाइटेड नेषन्स हाई कमिशनर और रिफ्यूजी' (यूएनएचसीआर) की ग्लोबल ट्रेंडस रिपोर्ट्स ने खुलासा किया है कि युद्ध, प्राकृतिक आपदाओं और उत्पीड़न और मानवाधिकारों के उल्लंघन के कारण 11 करोड़ से भी ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। यह हमारी वैश्विक स्थिति पर कलंक है। 2022 में करीब 1.9 करोड़ लोग विस्थापित हुए, जिनमें से 1.1 करोड़ से अधिक लोगों ने यूक्रेन पर रूस के आक्रामण के चलते अपना घर छोड़ा। द्वितीय



विश्व युद्ध के बाद से पहली बार इतनी बड़ी संख्या में लोग जंग के कारण विस्थापित हुए हैं। यह आपात स्थिति का संकेत है। कुछ समय के भीतर ही 35 प्रकार की आपात स्थितियां सामने आई हैं, जो बीते कुछ सालों की तुलना में तीन से चार गुना अधिक हैं। इनमें से कुछ ही मीडिया की सुर्खियां बनी, बांकी नजरअंदाज कर दी गई। सूडान से पश्चिमी नागरिकों को निकाले जाने के बाद वहां हो रहे संघर्ष की खबर अधिकांश अखबारों से गायब हैं। सूडान में इस संघर्ष के चलते अप्रैल 2023 के बाद से अब तक 20 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। वहीं कांगो गणराज्य, इथोपिया और म्यांमा में संघर्श के चलते करीब 10-10 लाख लोग अपने मूल आवास और देश छोड़ने को विवश हुए थे।

बीती एक शताब्दी में इतनी तेज गति से कहीं भी पलायन देखने में नहीं आया, जितना कि यूक्रेन युद्ध के बाद मोरक्को और अफ्रीका में देखने में आया है। विश्व बैंक के मुताबिक 2020 के अंत में यूक्रेन की आबादी 4.4 करोड़ थी। एनएचसीआर ने आशंका जताई है कि यदि हालात और बिगड़ते हैं तो 40 लाख से भी ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को पड़ोसी देशों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। युद्ध शरणार्थियों ने इससे पहले 2011 में सीरिया में छिड़े गृहयुद्ध के चलते बड़ी संख्या में पलायन का सिलसिला शुरू हुआ था। अमेरिका ने अपने मित्र देश ब्रिटेन और फ्रांस के साथ मिलकर सीरिया पर मिसाइल हमला बोला था। सीरिया में मौजूद रासायनिक हथियारों के भंडारों को नष्ट करने के मकसद से 105 मिसाइलें दागी गई थीं। अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस की ये मिसाइलें राजधानी दमिश्क और होम्स शहरों पर बरसाई गई थी। इसमें रासायनिक हथियारों के भंडार और वैज्ञानिक शोध केंद्रों को निशाना बनाया गया था। इन हमलों के परिणामस्वरूप कई इमारतों में आग लग गई थी। दमिश्क धुएं के गुबार से ढक गया था। ऐसे ही दृश्य हम आजकल यूक्रेन में रूसी हमले के परिणामस्वरूप देखने में आ रहे हैं। हमले में कितनी जनहानि हुई थी, यह तो आज तक तय नहीं हुई, लेकिन सीरिया ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून और अपनी संप्रभुता का उल्लंघन बताया था। वहीं रूस, चीन और ईरान ने कड़ा विरोध जताया था। इनका कहना था कि पहले रासायनिक हथियार रखने और उनका इस्तेमाल किए जाने तथा किसके द्वारा इस्तेमाल किए गए, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए थी? अमेरिका ने ईराक पर भी जैविक एवं रासायनिक हथियारों की उपलब्धता संबंधी आशंका के चलते हमला बोला थ। लेकिन बयानबाजी से इतर युद्ध रोकने की ठोस पहल किसी देश ने नहीं की थी। करीब साढ़े सात साल चले सीरिया के युद्ध में पांच लाख से भी ज्यादा लोग मारे गए थे। एक करोड़ लोगों ने तत्काल शरणार्थी के रूप में विस्थापन का दंश झेला, इनमें से 67 लाख आज भी अनेक देशों में शरणार्थी बने हुए हैं। ये शरणार्थी जिन देशों में रह रहे हैं, उनमें भी अपनी इस्लामिक कट्टरता के चलते संकट का सबब बने हुए हैं। जर्मनी ने सबसे ज्यादा विस्थापितों को शरण दी थी। अब यही जर्मनी इनके धार्मिक कट्टर उन्माद के चलते रोजाना नई-नई परेशानियों से रूबरू हो रहा है।

दुनिया उन लोगों के आंकड़ों पर गौर कर रही है, जिन्होंने पड़ोसी देशों में शरण ली हुई है, लेकिन यह समझना जरूरी है कि प्रभावित लोगों की सबसे बड़ी संख्या यूक्रेन और स्पेन के भीतर अभी मौजूद है। हालांकि इन विस्थापि नागरिकों के कोई विश्वसनीय आंकड़े नहीं है। एनएचसीआर का अनुमान है कि युद्धरथ देशों में लाखों लोग देश के भीतर ही विस्थापन का दंश और दहशत झेलने को विवश हैं, जो फिलहाल रेल, बस, कार या बंकरों में रहते हुए प्राण बचाने की कोशिश में लगे हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी की वैश्विक रिपोर्ट की मानें तो 20 साल पहले की तुलना में विस्थापन का संकट दोगुना बढ़ गया है। 2019 तक आंतरिक रूप से विस्थापितों की कुल संख्या 4 करोड़ 13 लाख थी। इनमें से 1 करोड़ 36 लाख लोग ऐसे हैं, जिन्हें 2018 में ही विस्थापन का दंश झेलना पड़ा था। यह सही है कि विकसित या पूंजीपति देश अपने वर्चस्व के लिए युद्ध के हालात पैदा करते हैं, जैसा कि हम यूक्रेन और ईरान के परिप्रेक्ष्य में अमेरिका और रूस के वर्चस्व की लड़ाई देख रहे हैं। ये वही देश हैं, जिन्होंने 1993 तक तीसरी परमाणु शक्ति रहे देश यूक्रेन को 1994 में बुडापेस्ट परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर कराकर उसके सभी परमाणु हथियार समुद्र में नष्ट करा दिए थे। अमेरिका और ब्रिटेन ने यूक्रेन को इस समझौते के लिए राजी किया था और इन्हीं देशों के साथ रूस ने भी सहमति जताते हुए यूक्रेन की सुरक्षा की गारंटी ली थी। लेकिन अब रूस ने सीधा यूक्रेन पर हमला बोल दिया और अमेरिका व ब्रिटेन दूर खड़े रहकर न केवल तमाशा देख रहे हैं, बल्कि उसे उकसाकर पूरी तरह बर्बादी के कगार पर पहुंचाने का कुत्सित काम भी कर रहे है।

बावजूद यही वह अमीर देश हैं, जो सबसे ज्यादा युद्ध व पर्यावरण षरणार्थियों को षरण देते हैं। 2015 में सीरिया में जो हिंसा भड़की थी, उससे बचने के लिए लाखों लोगों ने जान जोखिम में डालकर भूमध्य सागर को महिलाओं व बच्चों के साथ पार किया और ग्रीस एवं इटली में शरण ली थी। स्पेन ने भी 60 हजार लोगों को हाल ही में शरण दी हुई है। इन तीनों देशों ने तब कहा था कि समय के मारे षरणार्थियों को आश्रय देने की नीति बनाई जाना आवश्यक है। वेनेजुएला में राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता के चलते चालीस लाख से ज्यादा लोगों ने पलायन किया था।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज घर के खर्चों और आने वाले समय की योजनाओं पर ध्यान देने का दिन है। बचत का सही तरीका बनाएं या पुराने निवेश को दोबारा देखें।

**वृषभ**
आज बिना जरूरत की चीजों पर पैसे न खर्चें तो स्थिति ठीक बनी रहेगी। रुका हुआ पैसा या अटका हुआ भुगतान वापस मिल सकता है।

**मिथुन**
आज कमाई के रास्ते ठीक दिखाई दे रहे हैं, हालांकि घर की जरूरतों के कारण खर्च बढ़ सकता है। इंटरनेट पर बिना सोचे-समझे खरीदारी करने से बचें।

**कर्क**
आज धन प्रबंधन पर ध्यान खींच रहा है। बचत और निवेश के मामले में कोई अच्छी सलाह मिल सकती है। मौके कितने भी आकर्षक लगें, पैसे से जुड़े फैसले जल्दबाजी में न लें।

**सिंह**
आज छिपे हुए खर्चों और देनदारियों के प्रति सतर्क रहें। बीमा, कर या पुरानी बचत से जुड़े कागजात देखना फायदेमंद रहेगा।

**कन्या**
आज हर चीज में एकदम सही होने के चक्कर में खर्च न बढ़ाएं। परिवार के भरोसेमंद लोगों के साथ बैठकर पैसों की बात करने से सही रास्ता मिलेगा।

**तुला**
आज कामकाज के जरिए धन लाभ के नए मौके मिल सकते हैं। किसी इंसेंटिव या व्यावसायिक प्रस्ताव पर बात हो सकती है। हालांकि, कोई भी फैसला करने से पहले हर छोटी बात की जांच कर लें।

**वृश्चिक**
आज लंबी अवधि की बचत और वित्तीय जानकारी से आगे चलकर लाभ होगा। अफवाहों के आधार पर पैसे न लगाएं। ध्यान से बनाई गई योजना आपके भरोसे को मजबूत करेगी और नुकसान से बचाएगी।

**धनु**
आज साझी जमा पूंजी, कर्ज या पुराने बकायों पर ध्यान देना जरूरी है। किसी भी कागजात पर दस्तखत करने से पहले उसे पूरी तरह पढ़ लें। तुरंत मिलने वाले छोटे फायदे के चक्कर में बड़ा आर्थिक जोखिम उठाने से बचें।

**मकर**
आज साझेदारी से जुड़े पैसों के मामलों में सीधी और साफ बात करना जरूरी है। घर हो या काम, पैसों के लेन-देन में पूरी सफाई रखने से आगे की गलतफहमियां दूर होंगी।

**कुंभ**
आज रोज के खर्चों पर थोड़ा अंकुश लगाने की जरूरत है। छोटी-छोटी बचत आगे चलकर बड़ी आर्थिक मजबूती बनेगी। केवल अपनी सुविधा या आराम के नाम पर फालतू चीजें खरीदने से बचें और बजट के नियमों पर टिके रहें।

**मीन**
आज आपकी किसी खास कला से अलग से कमाई के रास्ते बन सकते हैं। जोखिम भरे कामों से दूर रहें और सुरक्षित रास्तों पर ही पैसा लगाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### अंग्रेजी शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पाटलिपुत्र जंक्शन पर जीआरपी ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। चारों तस्करों की गिरफ्तारी उस समय हुई जब वे प्लेटफॉर्म नंबर एक स्थित वीआईपी गेट के पास संदिग्ध हालत में घूम रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वैशाली का ओम प्रकाश, कोतवाली, गोरखपुर का अश्वनी चौधरी, कृष्ण मोहन कुमार और प्रिया कुमार के रूप में हुई है। जीआरपी प्रभारी के अनुसार, चारों आरोपी उत्तर प्रदेश से वंदे भारत एक्सप्रेस के जरिए अंग्रेजी शराब लेकर हाजीपुर के जंदाहा जा रहे थे। इसी दौरान हाजीपुर स्टेशन पर जीआरपी ने ओम प्रकाश के भाई को शराब के मामले में गिरफ्तार कर लिया। भाई की गिरफ्तारी की जानकारी मिलने के बाद चारों आरोपी हाजीपुर स्टेशन पर ट्रेन से नहीं उतरे। वे आगे पाटलिपुत्र जंक्शन पहुंचे और प्लेटफॉर्म नंबर एक के वीआईपी गेट के पास ट्रेन से उतरकर जाने लगे इसी दौरान जीआरपी की नजर उन पर पड़ी और उन्हें कुल 31.5 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### पॉक्सो एक्ट का फरार आरोपित गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के शिवनार गांव से पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान शिवनार गांव निवासी मोहम्मद परवेज के रूप में हुई है। उसके खिलाफ वर्ष 2016 में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। दर्ज होने के बाद से ही वह फरार चल रहा था।गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### भारत माता की जय के नारों से गूंजा अथमलगोला

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड में राष्ट्रभक्ति का एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। प्रखंड के इंडियन ओवरसीज बैंक से भारतीय स्टेट बैंक तक एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा।तापमान और कड़कती गर्मी भी लोगों के इस जुनून को कम नहीं कर सकी। करीब 1 किलोमीटर के इस रूट पर हजारों की संख्या में लोग अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर निकले। छात्र, युवा, जीविका दीदियां, पुलिस प्रशासन के अधिकारी और स्थानीय ग्रामीणों की विशाल मौजूदगी रही।पूरे मार्ग में केवल 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' की गूंज रही।यात्रा को सुगम बनाने के लिए स्थानीय पुलिस बल मुस्तैद रहा।



प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद लोगों में जो देशभक्ति का जज्बा दिखा, वह अतुलनीय है। अथमलगोला की यह तिरंगा यात्रा आपसी एकता और राष्ट्रप्रेम का मिसाल बनी है।इस भव्य आयोजन में क्षेत्र की प्रखंड प्रमुख रीना देवी, बीडीओ राजेश कुमार, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि रामानुज सिंह, मृगेंद्र प्रताप मंटू, राम कुमार शर्मा, अनंत कुमार सिंह और रवि कुमार सहित कई स्थानीय नेता व समाजसेवी प्रमुख रूप से शामिल हुए।यात्रा के समापन पर वक्ताओं ने तिरंगे के सम्मान और देश की अखंडता बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

### 16 हजार से अधिक की बिजली चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के सुपहुली गांव में विद्युत कनेक्शन को बिजली चोरी करते एक किसान को विद्युत विभाग की छापेमारी टीम ने रंगे हाथ पकड़ा है। कनीय विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रशाखा मसौढ़ी-1 रंजीत प्रसाद ने बताया कि करीब 01:32 बजे अपराह्न सहायक विद्युत अभियंता सुरेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य कर्मियों के साथ सुपहुली पूर्वी गुड़ला पईन पुल के पास पुनपुन नदी किनारे छापेमारी की गई।जांच में पाया गया कि तजेश्वर सिंह, पिता इन्द्र प्रसाद सिंह, उम्र 55 वर्ष, पुनपुन नदी से बहते पानी से 2 अश्वशक्ति का मोटर चलाकर खेत पटवन कर रहे थे। उनके द्वारा बिना विभागीय मीटर के एलटी लाइन में टोका फंसाकर बांस-बल्ले के सहारे सर्विस तार जोड़कर बिजली चोरी की जा रही थी। मौके से चोरी में प्रयुक्त पीवीसी तार का कुछ हिस्सा जब्त कर लिया गया है। छापेमारी दल के अनुसार इस चोरी से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को लगभग 16,310 रुपये का राजस्व नुकसान हुआ है।कनीय अभियंता ने थाना मसौढ़ी में आवेदन देकर आरोपी तजेश्वर सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है

### श्रीनगर मुहल्ले से लापता लड़की बरामद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के श्रीनगर मोहल्ले से लापता हुई 18 वर्षीय लड़की को मसौढ़ी पुलिस ने बरामद कर लिया है।मामले में लड़की की मां अनीता देवी, पति स्व. मधेश कुमार, निवासी श्रीनगर ने थाने में आवेदन दिया था। केस संख्या 721/26 के अनुसार, अनीता देवी ने बताया कि उनकी पुत्री रिंकी कुमारी 04.08.2026 को दोपहर करीब 12 बजे दवा लाने के लिए घर से निकली थी। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की।आवेदन में आरोप लगाया गया है कि खोजबीन के दौरान पता चला कि ग्राम बासोपट्टी, थाना धनरूआ निवासी सुरजन कुमार उर्फ गोलू कुमार, पिता सुरेन्द्र प्रसाद लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित मां 04.08.2026 को आरोपी के घर भी गई थी, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद 09.08.2026 को मसौढ़ी थाने में लिखित शिकायत दी गई। पुलिस ने इस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की और टीम गठित कर लड़की को बरामद कर लिया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### एक ही जगह टीवी और ओटीटी का मजा

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आज दर्शक मनोरंजन के लिए अलग-अलग डिवाइस और प्लेटफॉर्म के बीच नहीं उलझना चाहते। वे लाइव टीवी, ओटीटी और अपनी पसंद का कंटेंट एक ही जगह आसानी से देखना चाहते हैं। इसी बदलती पसंद के बीच डिश टीवी ग्रुप के कनेक्टेड एंटरटेनमेंट पोर्टफोलियो का हिस्सा वीजेवाई स्मार्ट टीवी लॉन्च के पहले ही साल में 200 करोड़ रुपए से अधिक की कुल बिक्री दर्ज कर चुका है। वीजेवाई में लाइव टीवी चैनल, ओटीटी ऐप्स और एवीओडी कंटेंट एक ही इंटरफेस पर उपलब्ध हैं। इसमें पारंपरिक सेट-टॉप बॉक्स की जरूरत नहीं होती, जिससे ग्राहकों को टीवी और स्ट्रीमिंग का आसान और एकीकृत अनुभव मिलता है। चुनिंदा मॉडल खरीदने पर 30,000 रुपए तक के विशेष कंटेंट लाभ भी दिए जा रहे हैं। वीजेवाई की पहुंच बड़े शहरों के साथ टियर-II और टियर-III शहरों तक बढ़ाने में डिश टीवी ग्रुप के डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, रिटेल पार्टनर्स और आफ्टर-सेल्स सर्विस की भी अहम भूमिका रही है। डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के सीईओ और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मनोज डोभाल ने कहा कि पहले ही साल में 200 करोड़ रुपए से अधिक की बिक्री भारतीय ग्राहकों के बीच कनेक्टेड एंटरटेनमेंट की बढ़ती स्वीकार्यता दिखाती है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय नीमा में बच्चों से 1 किमी दूर चापाकल से मंगवाया जा रहा पानी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नीमा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में स्कूल के बच्चे हाथ में बाल्टी लेकर चापाकल से पानी भरते नजर आ रहे हैं। और उसे स्कूल ले जाते हुए दिख रहे हैं, जो शिक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर रहे हैं, आरोप है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों से पानी मंगवा जा रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से विद्यालय में बिजली बाधित होने के कारण बोरिंग नहीं चल रही थी। पानी की किल्लत को देखते हुए स्कूल प्रबंधन बच्चों से स्कूल से लगभग 1 किलोमीटर दूर स्थित चापाकल से पीने का पानी मंगवा रहा था। कई लोगों ने



बताया आपके बच्चों से हम मजदूरी करवाया जा रहा है जो गलत है, हम बच्चों को पढ़ने के लिए भेज रहे हैं ना कि काम करने के लिए, इसको लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि भीषण गर्मी में इतनी दूर से बच्चों से पानी लवाना गलत है। वहीं पूरे मामले पर विद्यालय के शिक्षकों ने सफाई दी है। शिक्षकों का कहना है कि बच्चे अपने पीने के लिए, स्वेच्छा से पानी ला रहे थे। किसी से जबरदस्ती नहीं कराई गई।हालांकि अब बिजली की समस्या दूर कर ली गई है और विद्यालय में बोरिंग चालू कर दी गई है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा है कि मामले की जानकारी मिली है।

# मोकामा में देशभक्ति के रंग में रंगा शहर, निकली भव्य तिरंगा यात्रा







**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हर घर तिरंगा अभियान और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुरुवार को मोकामा और घोसवरी प्रखंड देशभक्ति के जज्बे से सराबोर हो गया। नगर परिषद सभापति नीलेश कुमार, सीआरपीएफ जवानों और घोसवरी प्रखंड में बीडीओ आनंद प्रकाश के नेतृत्व में हजारों छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली।यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'महात्मा गांधी की जय' के नारों से पूरा शहर गूंज उठा।तिरंगा यात्रा की शुरूआत मोकामा के शहीद सुनील सिंह स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। वहां से यात्रा बाजार, गौशाला रोड, पैदल रोड होते हुए शहीद प्रफुल्ल चंद चाकी शहीद द्वार पहुंची, जहां शहीदों को नमन किया गया। इसके बाद शहीद द्वार से स्टेशन होते हुए नगर परिषद कार्यालय तक यात्रा निकाली गई।रास्ते भर जगह-जगह मोकामा वासियों ने यात्रा में शामिल लोगों का फूल-माला पहनाकर और तिरंगा लहराकर स्वागत किया। पूरे शहर में दुकानों, घरों और सरकारी कार्यालयों पर तिरंगा लहराता नजर आया।इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार रजक, बीजेपी नगर अध्यक्ष राहुल रंजन और ब्रांड एंबेसडर छितेंद्र कुमार सिंह ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी।वहीं दूसरी ओर सीआरपीएफ मोकामा घाट के जवानों ने साइकिल पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। यह साइकिल यात्रा पूरे नगर का भ्रमण करते हुए शहीद द्वार पर समाप्त हुई।घोसवरी प्रखंड में बीडीओ आनंद प्रकाश के नेतृत्व में जीविका दीदियों, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं और सैकड़ों समाजसेवियों ने हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में भाग लिया। स्कूली बच्चों और जीविका दीदियों ने तिरंगा हाथ में लेकर नारी सशक्तिकरण का भी संदेश दिया।वक्ताओं ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा तिरंगे के मान-सम्मान, सुरक्षा और राष्ट्र के गौरव को बढ़ाने के लिए निकाली गई है। स्वतंत्रता दिवस हमें देश के शहीदों के बलिदान को याद करने और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का अवसर देता है।यात्रा के दौरान मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। समापन पर नगर परिषद कार्यालय के समक्ष राष्ट्रगान गाया गया और देश की एकता-अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर बीजेपी जिलाध्यक्ष शैलेंद्र प्रसाद, मनोज मोलदियार, वार्ड पार्षद शोएब खान सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जगत नारायण लाल कॉलेज खगौल में हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित जगत नारायण लाल कॉलेज, खगौल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत प्रधानाचार्य प्रो मधु प्रभा सिंह की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारे राष्ट्रीय गौरव एकता और स्वतंत्रता का प्रतीक है उन्होंने विद्यार्थियों से इस अभियान के संदेश को घर-घर पहुंचने का संदेश दिया कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना था।ठरर समन्वयक डॉ. मेधावी सुदर्शन के मार्गदर्शन में ठरर स्वयंसेवकों ने अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। स्वयंसेवकों ने लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रध्वज की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ठरर स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और नागरिक जिम्मेदारी का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ठरर स्वयंसेवकों सक्षम कुमार, सपना कुमारी, मुस्कान, पूजा, अंकित, अदिति, फरहीन नाज सहित अन्य स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ. इमाम, डॉ. जनार्दन, डॉ. निखिल, डॉ. अविनाश, डॉ. गिरिजेश, डॉ. आर. एन. सिंह, डॉ. शुभांगी, डॉ. किरण, डॉ. पल्लवी, डॉ. अवंतिका, डॉ. मधुबाला, डॉ. कोणार्क, डॉ. साहनी एवं डॉ. श्वेता की सक्रिय सहभागिता रही। महाविद्यालय के अन्य कर्मचारियों में श्रीकांत, राहुल, मनोरंजन, विशाल सहित अन्य कर्मियों ने भी कार्यक्रम में सहयोग एवं सहभागिता प्रदान की।

# मुख्यमंत्री महादलित टोला ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर, योगेश्वर मांझी फहराएंगे झंडा





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा महादलित टोला में आयोजित होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में है। इस बार मुख्यमंत्री धनरूआ प्रखंड के नदवां खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार नदवां मुसहरी के 85 वर्षीय योगेश्वर मांझी मुख्यमंत्री की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। कार्यक्रम स्थल पर युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। भवन निर्माण विभाग द्वारा भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। विभिन्न विभागों की टीमें भी स्थल पर पहुंचकर अपने-अपने कार्यों में जुटी हुई हैं। गुरुवार को तैयारी कनेक्शन करने पहुंचे मौली विधायक का अरुण मांझी, एसडीएम मसौढ़ी धनराज कुमार,बीडीओ अलीशा कुमारी के साथ-साथ कई समाजसेवी भी उपस्थित रहे हैं।प्रखंड विकास पदाधिकारी अलीशा कुमारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निदेशों के अनुसार कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान आवास योजना, अंधापन निशक्तजन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, जीविका और स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न योजनाओं का लाभ भी लाभार्थियों के बीच वितरित किया जाएगा।नदवां पंचायत के मुखिया शंकर कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरे पंचायत में उत्साह का माहौल है। पंचायत वासियों की ओर से नदवां को मसौढ़ी प्रखंड में जोड़ने की मांग सहित कई अन्य मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद की गई है।

## राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंजा पुनपुन, एनसीसी कैडेटों ने पूरे शहर में घूम कर दिया एकता का संदेश




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत 29 बिहार बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में एसएमडी कॉलेज, पुनपुन की एनसीसी इकाई द्वारा गुरुवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।यात्रा का शुभारंभ कॉलेज परिसर से हुआ। हाथों में तिरंगा लिए एनसी कैडेटों ने अनुशासित ढंग से यात्रा निकाली जो पुनपुन नदी मार्ग से होते हुए पुनपुन बाजार पहुंची। इस दौरान कैडेटों के 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

# पुनपुन में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा इलाका, उमड़ा जन सैलाब



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'हर घर तिरंगा अभियान 2026' के तहत गुरुवार को पुनपुन प्रखंड में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा पुनपुन शहीद पार्क से शुरू होकर पुनपुन बाजार होते हुए शहीद कामेश्वर सिंह चौक पर संपन्न हुई। यात्रा में हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे लोगों के 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। स्कूली बच्चों, युवाओं और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'हर घर तिरंगा अभियान' देश के वीरों के बलिदान, स्वाभिमान और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता का प्रतीक बन गया है। तिरंगा हर नागरिक के सम्मान और गौरव का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी सतीश कुमार, सांख्यिकी पदाधिकारी विकास कुमार, राजस्व पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। यात्रा में भाजपा नेता नीरज कुमार गुप्ता, सिन्टू कुमार बीस सूत्री उपाध्यक्ष,नगर पंचायत के उप मेयर राज कुमार भोला, कल्याणपुर मुखिया अजय पासवान, जदयू नेता सौरभ कुमार, समाजसेवी मधु सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए प्रशासन की ओर से यात्रा के दौरान सुरक्षा और यातायात की समुचित व्यवस्था की गई थी।

## 63 महादलित टोलों में फहराया जाएगा तिरंगा, स्वतंत्रता दिवस की तैयारी जोरों पर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मसौढ़ी अनुमंडल के मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन प्रखंडों के कुल 63 महादलित टोलों और बस्तियों में तिरंगा फहराया जाएगा। प्रशासन ने झंडोत्तोलन को लेकर तैयारी पूरी कर ली है।जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित पदाधिकारियों को झंडोत्तोलन का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। सभी अधिकारियों को अपने कार्यालय अथवा निर्धारित स्थान पर तय समय पर झंडोत्तोलन सुनिश्चित कराने का आदेश दिया गया है। मसौढ़ी प्रखंड में 18 पंचायत, नगर परिषद के 16 वार्ड, धनरूआ प्रखंड के 19 पंचायत और पुनपुन प्रखंड के 14 पंचायत शामिल हैं। झंडोत्तोलन महादलित बस्ती के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति के हाथों कराया जाएगा। मसौढ़ी प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड की 18 महादलित टोलों और बस्तियों में विशेष समारोह आयोजित होंगे।

# एस. यू. कॉलेज में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

## 'हर घर तिरंगा,हर दिल तिरंगा' के संदेश से गूंजा हिलसा




**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसयू कॉलेज, हिलसा में 'हर घर तिरंगा, हर दिल तिरंगा' अभियान के अंतर्गत आज भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हिलसा नगर परिषद् के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार तथा समाजसेवी सह जिला आइकॉन डॉ. आशुतोष कुमार मानव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिवचन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी, डॉ. अभिषेक कुमार,डॉ भुवनेश्वर प्रसाद मंडल,डॉ मनोज कुमार, रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. संदीपा इंद्रा, भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. सम्राट सरकार,डॉ. अश्विनी कुमार झा, डॉ. पंकज कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. शिव प्रसाद ठाकुर, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. रविन्द्र साह, मीडिया प्रभारी सह कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव नयन सिंह,प्रधान सहायिका सुभद्रा सिन्हा,कुमार पवन, संघ के संयुक्त सचिव आलोक कुमार सिंह,सचिव शैलेश कुमार, जलेंद्र कुमार, चिंटू, गुड्डू,प्रदीप,रंजीत कुमार, मुनील, बीरेन्द्र, नवीन,तकनीकी कर्मी मधुसूदन कुमार,राजा,सुजीत कुमार,मुनिल पटेल,यशपाल, राजेश यादव,अजीत यादव समेत एनएसएस के सैकड़ों स्वयंसेवक एवं तीन सौ से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने देशभक्ति के नारों के साथ लोगों को राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं गौरव को बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाए।

# पूर्व-सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना में एम्स को किया गया संबद्ध

## 1.2 लाख पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और पात्र आश्रितों को इसका मिलेगा लाभ



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), देवघर को पूर्व-सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) रांची के क्षेत्रीय केंद्र के साथ पैनलबद्ध किया गया। बिहार रेजीमेंट सेंटर, दानापुर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों के समुदाय के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़े कदम के तौर पर गुरुवार को एम्स देवधर में आयोजित एक समारोह में एम्स देवघर को आधिकारिक तौर पर पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना ईसीएचएस, रांची के क्षेत्रीय केंद्र के साथ जोड़ा गया। यह समझौता ज्ञापन (टङ्कव) क्षेत्रीय केंद्र ईसीएचएस, रांची के निदेशक और एम्स देवघर के एमएस के बीच, एम्स देवघर के कार्यकारी निदेशक और सीईओ प्रो. (डॉ.) नितिन गंगने और झारखंड और बिहार सब-एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल जितेंद्र सिंह, विशिष्ट सेवा मेडल की मौजूदगी में हस्ताक्षरित किया गया। यह संस्थान भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (ढटरर ) के अंतर्गत स्वायत्त रूप से काम करता है। इस जुड़ाव से झारखंड भर के लगभग 1.2 लाख पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और पात्र आश्रितों को ईसीएचएस के तहत बेहतर कैशलेस इलाज मिल सकेगा। सभा को संबोधित करते हुए, मेजर जनरल जितेंद्र सिंह, विशिष्ट सेवा मेडल ने कहा कि यह जुड़ाव पूर्व सैनिक समुदाय के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने भरोसा जताया कि यह साझेदारी देश की सेवा करने वालों को समय पर अच्छी और विशेष चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करेगी। यह साझेदारी बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगी और एक महत्वपूर्ण कमी को पूरा करेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि झारखंड और बिहार और उसके आसपास रहने वाले हमारे लाभार्थियों को विश्व-स्तरीय चिकित्सा सुविधा के लिए दूर के बड़े शहरों की यात्रा न करनी पड़े।

## खेग्रामस का मसौढ़ी अनुमंडल के सभी प्रखंडों में दो दिवसीय सामूहिक अनशन-सत्याग्रह,



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा खेग्रामस के बैनर तले मसौढ़ी अनुमंडल के मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन प्रखंड मुख्यालयों पर 13-14 अगस्त को दो दिवसीय सामूहिक अनशन-सत्याग्रह किया जाएगा। भाकपा माले जिला कार्यालय सचिव कमलेश कुमार ने बताया कि यह अनशन 'बुलडोजर राज' के खिलाफ और गरीब भूमिहीनों के अधिकारों की रक्षा के लिए किया जा रहा है। मसौढ़ी में खेग्रामस के जिला अध्यक्ष नागेश्वर पासवान, धनरूआ में जितेंद्र राम और पुनपुन में विद्या पासवान, मुन्नी देवी, अकौना पंचायत मुखिया मदन पासवान, नीलम देवी एवं मुन्ना चौहान के नेतृत्व में सैकड़ों खेत मजदूर अनशन में शामिल रहे। प्रमुख मांगों में जो गरीब जहां बसे हैं उन्हें पीपीए एक्ट 1947 के तहत वासगीत पर्चा दिया जाए,सभी भूमिहीनों को 5 डिसमिल आवासीय जमीन उपलब्ध कराई जाए,काम दो और काम का उचित दाम दो,भूमिहीनों की झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाना बंद किया जाए, सभी पंचायतों में गरीब भूमिहीनों के लिए सरकारी वास कॉलोनी बनाई जाए।

## राशन कार्ड लक्ष्य पूरा करने के लिए मसौढ़ी अनुमंडल में दो पाली में ऑनलाईन टीम गठित



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत नए राशन कार्ड निर्गत करने के लिए मिले लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल प्रशासन ने कमर कस ली है।जिलावार एक माह में नए राशन कार्ड निर्गमन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी को लेकर 05.08.2026 से अनुमंडल कार्यालय में राशन कार्ड आवेदन का ऑनलाईन कार्य शुरू किया गया था, लेकिन प्रगति काफी धीमी रहने पर अपर जिला दंडाधिकारी आपूर्ति ने नाराजगी जताई थी।स्थिति में सुधार के लिए अब अनुमंडल कार्यालय में दो पाली में कार्यपालक सहायकों की टीम गठित की गई है। पहली पाली सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक चलेगी। मसौढ़ी प्रखंड से 3 कार्यपालक सहायक प्रत्येक पाली में धनरूआ प्रखंड से 2 कार्यपालक सहायक प्रत्येक पाली में,पुनपुन प्रखंड से 7 कर्मी जिनमें कार्यपालक सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल हैं।इसके अलावा फार्म उपलब्ध कराने और ऑनलाईन किए गए फार्म वापस लेने के लिए लिपिक और संविदा कर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।

# एसपी कुमारी शैलजा ने किया गौरीचक मॉडल थाना भवन का उद्घाटन आधुनिक सुविधाओं से लैस हुआ थाना






**पालीगंज/गौरीचक (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गौरीचक थाना परिसर में नवनिर्मित जी + 4 मंजिला मॉडल थाना भवन का उद्घाटन नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) कुमारी शैलजा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर एसडीपीओ रंजन कुमार, थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने पुलिस अधीक्षक को बुके देकर स्वागत किया। नया थाना भवन वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाया गया है। तीन मंजिला भवन में थानाध्यक्ष कक्ष, अनुसंधान कक्ष, आगंतुक कक्ष, सिरिस्ता कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, सीडब्ल्यूसी कक्ष और सीसीटीवी कक्ष के अलावा पुरुष एवं महिला बंदियों के लिए अलग-अलग हाजत की व्यवस्था की गई है। पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों के लिए आवासीय कक्ष भी बनाए गए हैं। बताया गया कि गौरीचक थाना का अपना भवन नहीं होने के कारण अब तक सामुदायिक भवन में थाना संचालित किया जा रहा था। सीमित जगह और पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को काम करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नए भवन के निर्माण से इन समस्याओं से काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद है। मॉडल थाना भवन के शुरू होने से पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा, वहीं आम लोगों को भी थाना संबंधी कार्यों के लिए अधिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। आधुनिक संसाधनों से लैस नए भवन से गौरीचक क्षेत्र में पुलिसिंग व्यवस्था को और प्रभावी बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।इस अवसर पर थाने में पदस्थापित एसआई रवि कुमार,धर्मेंद्र कुमार,प्रतिक्षा कुमारी,कमल नयन, रीमा कुमारी,धर्मेंद्र कुमार गिरी,संजय कुमार चौबे,परी एसआई मनीष कुमार, रितिक परवीन, ए एस आई चंद्र शेखर सिंह,चंदन पासवान,अल्लू पासवान,सहित महिला पुलिस से मन्यम कुमारी के साथ अन्य महिला सिपाही ,कई अन्य बल एवं क्षेत्र के गण्यमान्य लोग मौजूद रहे।

नगर विकास एवं आवास विभाग
कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर पंचायत, कोचस (रोहतास)

बिहार सरकार

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 06/2026–2027 ( E. T. )www.eproc2.bihar.gov.in.)

संख्या–NIT No.- 06/2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत कोचस।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– दिनांक–10.08.2026
3. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान :– दिनांक–22.08.2026 को समय–13:00 बजे अपराहन तक।
4. टण्डर कागजात डाउनलाड करने की अवधी (www.eproc2.bihar.gov.in) :– दिनांक– 21.08.2026 से दिनांक:–31.08.2026 तक 17:00 बज अपराहन तक।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि :–दिनांक–31.08.2026 समय:17:00 बजे अपराहन तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. बीड खोलने की तिथि :– दिनांक– 02.09.2026 समय 11:00 बजे
7.कार्य की विवरणी–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु॰ म) | अग्रधन की राशि (onlineके माध्यम से) Website:- www.Eproc 2. bihar.gov.in | परिमाण विपत्र का मूल्य (onlineके माध्यम से) Website:- www. Eproc2. bihar.gov.in | Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 01 अन्तर्गत रामाश्रय राम के घर से गुडडू साह के घर तक नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 277646 | 5600 | 750 | As per e-proc | 3 माह |
| 2 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 02 अन्तर्गत बक्सर चौसा रोड से बिरेन्द्र सिंह के घर तक, विनोद पाण्डेय के घर से मनोज सिंह के घर व संजय सिंह के घर होते हुए अषोक साह के घर तक नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 1939341 | 38800 | 5000 | As per e-proc | 3 माह |
| 3 | नगर पंचायत काचस वार्ड नं0 03 अन्तर्गत सत्यनारायण सेठ के घर से बिरोधी सिंह के घर होते हुए श्रीभगवान सिंह के धर नाली, स्लैब, पी0सी0सी0 निर्माण कार्य। | 1921261 | 38500 | 5000 | As per e-proc | 3 माह |
| 4 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 04 अन्तर्गत एकराम राईन के जमीन से धर्मावती नदी तक नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 1594244 | 31900 | 5000 | As per e-proc | 3 माह |
| 5 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 04 अन्तर्गत एकबाल राईन के घर स असगर अंसारी व रामजनम साह व गुड़िया खातुन क घर होते हुए उसमान अंसारी (गारा) के घर तक नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 1972797 | 39500 | 5000 | As per e-proc | 3 माह |
| 6 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 04 अन्तर्गत मोहर्रम ड्राईवर के घर से शेरा अंसारी के घर हाते हुए भागल अंसारी के घर तक नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 1484110 | 30000 | 2500 | As per e-proc | 3 माह |
| 7 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 04 अन्तर्गत नैमुद्दिन के घर से राषी परवेज के घर होत हुए नसीब अहमद और राषी परवेज क घर स नसीम राईन के घर तक नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 1192442 | 23900 | 2500 | As per e-proc | 3 माह |
| 8 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 04 अन्तर्गत विनोद सेठ के घर से सतेन्द्र साह के घर होते हुए लखु साह के घर तक नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 626081 | 12600 | 1250 | As per e-proc | 3 माह |
| 9 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 04 अन्तर्गत जितेन्द्र राम के घर से मास्टर चौहान के घर तक नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 587722 | 11800 | 1250 | As per e-proc | 3 माह |
| 10 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 04 अन्तर्गत डॉ0 ताजुद्दिन के सामने हॉस्पीटल से बक्सर चौसा मुख्य पथ नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 454882 | 10000 | 750 | As per e-proc | 3 माह |
| 11 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 05 अन्तर्गत भगवान साह के घर से भिखारी शर्मा क घर व गालु कुमार व सविता कुमारी के घर हाते हुए प्रमीला कुमारी के घर तक नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 1963010 | 39300 | 5000 | As per e-proc | 3 माह |
| 12 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 06 अन्तर्गत एन0 एच0 319 से गोविन्द साह के घर होत हुए कन्हैया कुषवाहा के घर तक नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 1005030 | 20100 | 2500 | As per e-proc | 3 माह |
| 13 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 06 अन्तर्गत बक्सर चौसा मुख्य पथ से कोचस उच्च विद्यालय तक पी0सी0सी0 निर्माण कार्य। | 490500 | 10000 | 750 | As per e-proc | 3 माह |
| 14 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 07 अन्तर्गत रामप्रवेष कुषवाहा के घर से यमुना साह के घर तक नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 244100 | 5000 | 500 | As per e-proc | 3 माह |
| 15 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 07 अन्तर्गत एन0एच0–319 से रामप्रवेष सिंह व राजेष साह व अनील वर्मा के घर होते हुए अंगद सिंह के घर तक नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 2489847 | 49800 | 5000 | As per e-proc | 3 माह |
| 16 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 08 अन्तर्गत श्री भगवान साह के घर श्री लाल साह व सदीष अंसारी के घर होते हुए मुंषी मिया के घर तक नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 1429224 | 28600 | 2500 | As per e-proc | 3 माह |
| 17 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 08 अन्तर्गत मनोज साह के घर से राधेष्याम साह के घर व एकबाल सिंह व उज्जवल सिंह और जिलानी के घर मुख्य पथ तक मुख्य पथ से ब्रम्ह स्थान तक नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 1399976 | 28000 | 2500 | As per e-proc | 3 माह |
| 18 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 09 अन्तर्गत इद्रिसी सेख के घर मध्य विद्यालय क चाहरदिवारी तक, मुख्य पथ परसियाँ और कमख्या नारायण के घर स मुख्तार सेख व मध्य विद्यालय मुख्य पथ और समीम खा व अलाउद्दिन इद्रिसी व सुल्तान के घर होते हुए जीना के घर तक नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 2482233 | 49700 | 5000 | As per e-proc | 3 माह |
| 19 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 10 अन्तर्गत जनार्दन तिवारी के घर से कपील सिंह के घर तक मुख्य पथ और चन्द्रषेखर सिंह घर से सासाराम मुख्य पथ तक नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 2311769 | 46300 | 5000 | As per e-proc | 3 माह |
| 20 | नगर पंचायत काचस वार्ड नं0 11 अन्तर्गत दिनेष सिंह के घर से रामनाथ यादव के घर व सिद्धनाथ मास्टर व कमेष्वर सिंह व कमलेष सिंह के घर व संजय सिंह के घर होते हुए दिनारा रोड एन0एच0–319 तक नाली, स्लैब, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 1934755 | 38700 | 5000 | As per e-proc | 3 माह |
| 21 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 12 अन्तर्गत षिवषंकर प्रसाद केषरी के घर से सुबहान अंसारी के घर और डॉ जगदीष सिंह के घर होते हुए असुतोष शर्मा के घर तक नाली, स्लैब, पी0सी0सी0 गली निर्माण कार्य। | 1620182 | 32500 | 5000 | As per e-proc | 3 माह |
| 22 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 13 अन्तर्गत गौरी यादव के घर से अर्जुन यादव के घर वे कन्हैया यादव के घर वे रविन्द्र यादव के घर स चनर यादव क घर होते हुए बड़क यादव के घर तक त्ब नाला, स्लैब निर्माण कार्य। | 2155500 | 43110 | 5000 | As per e-proc | 3 माह |
| 23 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 14 अन्तर्गत अरविन्द पासवान के घर से जनार्दन पासवान के घर व इल्ताफ मियां के घर व रामप्रसाद सिंह के घर व बबन सिंह के घर व बिरेन्द्र सिंह क घर व अजय सिंह क घर होते हुए रामप्रसाद सिंह के घर तक नाली, स्लैब, पी0सी0सी0 निर्माण कार्य। | 1625204 | 33000 | 5000 | As per e-proc | 3 माह |
| 24 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 15 अन्तर्गत गंगासागर के दुकान से राजेष्वर बैठा के घर तक नाली, स्लैब, पी0सी0सी0 निर्माण कार्य। | 2424933 | 48500 | 5000 | As per e-proc | 3 माह |
| 25 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 16 अन्तर्गत मध्य विद्यालय बाइपास मुख्य पथ पी0सी0सी0 गली निर्माण कार्य। | 724500 | 14490 | 1250 | As per e-proc | 3 माह |
| 26 | नगर पंचायत कोचस वार्ड नं0 16 अन्तर्गत गंगा सागर के घर से सरोज खरवार के घर तक नाली, स्लैब, पी0सी0सी0 गली निर्माण कार्य। | 1244994 | 24900 | 2500 | As per e-proc | 3 माह |

नोटः–Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in

8. निविदा की वैद्यता अवधि : 120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत कोचस।

PR- 009859 ( B & C ) 2026-27 नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले ठेकेदार की अपराधियों ने की गोली मारकर हत्या





**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर थाना क्षेत्र के कुम्हइया पोखरी के समीप गुरुवार की सुबह मॉर्निंग वॉक निकले एक ठेकेदार की बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद जब तक लोग जुटते बाइक सवार अपराधी घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो चुके थे। घटना के बाद स्थानीय स्थानीय लोगों ने जख्मी ठेकेदार को निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक सदर थाना के दिग्घी पूर्वी निवासी राम नरेश राय थे। इधर मृतक के घर में मौत की सूचना मिलते ही घर कोहराम मच गया। मिली

## लोगों ने किया जमकर हंगामा

जानकारी के अनुसार रामनरेश राय रोज की तरह घर से सुबह सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे । इसी दौरान घर से कुछ दूरी मॉर्निंग वॉक के दौरान दो बाइक पर चार अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। जान बचाने के लिए राम नरेश घर की ओर भागे, लेकिन अपराधियों ने घर तक पीछा कर उन्हें गोलियों से भून दिया। जहां मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग जुट गये। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।। सीसीटीवी में साफ साफ देखा जा सकता है कि ठेकेदार रामनरेश राय घर से कुछ दूर आगे ही निकले थे कि बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी।ठेकेदार ने भागने का भी प्रयास किया लेकिन अपराधियों ने पीछा कर 4 गोली मारी जिसके बाद आनन फानन में घायल ठेकेदार को नीजि नर्सिंग में ले जाया गया जहाँ चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।जिसके बाद लोग शव लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए और सड़क जाम कर दिया।इधर घटना की सूचना मिलते ही एसपी शुभांक मिश्रा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगो को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया।फिलहाल घटना से लोगो मे आक्रोश है और जल्द अपराधियों के गिरफ्तारी की मांग कर रहे है वहीं एसपी ने दावा किया है कि घटना में शामिल जितने भी अपराधी है उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पूर्व रेलवे

**सं. ओ–एसी–टी–115 से 119–26–27 (खुली), दिनांक 12.08.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं. ओ–एसी–टी–115–26–27, कार्य का नाम:** डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में चिनपाई (सीपीएलई) स्टेशन पर पूर्ण लंबाई की यार्ड लाइन के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 17,53,43,128.46, **बयाना राशि :** रु. 35,06,900/–, **कार्य की समापन अवधि:** 18 माह। **क्रम सं. 2, केस सं. ओ–एसी–टी–116–26–27, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न यार्ड में यार्ड सुधार कार्य सीटीआर (पी), टीटीआर, टीबीआर, टीडब्ल्यूएसईएजे के नवीनीकरण और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 5,00,53,355.92, **बयाना राशि :** रु. 10,01,100/–, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 3,केस सं. ओ–एसी–टी–117–26–27, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता (4)/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के तहत उखरा, काजोड़ा और चिनपाई रेलवे कॉलोनी में क्वार्टरों के सुधार, जिसमें दरवाजे और खिड़की, स्वच्छता कार्य और सहायक कार्य शामिल हैं, के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,60,08,336.62, **बयाना राशि :** रु. 3,20,200/–, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 4, केस सं. ओ–एसी–टी–118–26–27, कार्य का नाम:** एईएन/I/ अण्डाल के तहत अंडाल फिल्टर हाउस में फिल्टर बेड की ओवरहॉलिंग के साथ ऑटो–इलेक्ट्रोक्लोरीनेटर के रखरखाव, फिल्टरिंग मीडिया को विस्तृत रूप से बदलने और ओवरहेड पी.एस. टैंक, अंडरग्राउंड टैंक, आर.सी.सी. टैंक और ओवरहेड सर्विस टैंक की सफाई के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 15,38,416.38, **बयाना राशि :** रु. 30,800/–, **कार्य की समापन अवधि:** 24 माह। **क्रम सं. 5,केस सं. ओ–एसी–टी–119–26–27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के तहत एईएन/मुख्यालय/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में 16 बीएन आरपीएसएफ में एसओ महिला और पुरुष के लिए 02 अलग–अलग ब्लॉक, प्रत्येक 20 बेड वाले (डबल बेड वाले कमरे) बैरक के साथ प्रत्येक कमरे में एसी, संलग्न शौचालय/बाथरूम, रसोईघर, डाइनिंग हॉल रेक्रिएशन आदि के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 3,00,49,911.05, **बयाना राशि :** रु. 6,01,000/–, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह । **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 08.09.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-213/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## नहीं रहे सारण के नाचाप गांव वाले पूर्व एडीएम अदालत सिंह

**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सारण जिले के मांझी प्रखंड के नाचाप गांव के रहने वाले अदालत सिंह (सेवा निवृत अतिरिक्त सचिव, बिहार सरकार) का आज लखनऊ के हॉस्पिटल में निधन हो गया है। कल दिनांक 14/08/26 को सुबह 8 बजे नाचाप गांव से उनका पार्थिव शरीर डोमाईगढ़ के लिए रवाना होगा। डोमाईगढ़ में दिन में 11 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। अदालत सिंह बचपन से ही एक मेधावी छात्र थे। उनके पिता स्वर्गीय जगदीश सिंह एक किसान थे। एक किसान परिवार मे जन्म लेने कि वजह से उनका जीवन काफी संघर्षपूर्ण रहा। अदालत बाबू अपने पिता की प्रथम संतान थे। चार भाई एवं एक बहन उनसे छोटे थे इसलिए उनपे पारिवारिक जिम्मेदारी बहुत थी फिर भी उन्होंने कभी हार नहीं मानी। परिवार कि आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने कि वजह से उन्हें पढ़ाई छोड़कर पोस्टल डिपार्टमेंट मे नौकरी की शुरूआत की। पोस्टल डिपार्टमेंट की नौकरी करते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखी। विद्यार्थी जीवन मे ही उनकी शादी भी हो चुकी थी। उनको दो पुत्र और दो पुत्री हुई। उसके बाद प्रथम प्रयास मे ही उन्होंने बिहार प्रशासनिक सेवा के लिए बीपीएससी की परीक्षा पास की। पूरे बिहार मे उनका 17वा रैंक था। डिप्टी कलेक्टर के रूप मे उन्होंने नौबतपुर (पटना) से नयी पारी की शुरूआत की, बिहार प्रशासनिक सेवा मे उत्कृष्ट सेवा करते हुए अदालत बाबू एक्सक्यूटिव मजिस्ट्रेट, एस डी एम, ए डी एम, डायरेक्टर, और अतिरिक्ट सचिव जैसे पद को सुशोभित किये।

## पूर्व रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना सं.: एफ/सीआर/डब्ल्यूसी/127, दिनांक:** 12.08.2026, मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला–मुंगेर, बिहार–811214 द्वारा इच्छुक निविदाकारों, जो निर्धारित समय सीमा के अंदर संदर्भित कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय एवं तकनीकी संसाधनों के साथ प्रमाणित, अनुभवी एवं क्षमता संपन्न हैं, से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं.: एफ/सीआर/ डब्ल्यूसी/127, कार्य का नाम:** संबंधित उपकरणों (अल्टरनेटर, रेडिएटर, डी.जी. सेट–10 केवीए, हाइड्रॉलिक लिफ्टिंग और स्विवलिंग प्लेटफार्म, आर्मेचर की रिवाइंडिंग) की ओवरहालिंग (जीर्णोद्धार) और पीयू पेंटिंग एवं 8–डब्ल्यू टॉवर कार का संक्षारण (करोज़न) और फर्निशिंग कार्य। **मात्रा:** 20 अदद। **निविदा मूल्य:** रु. 2,02,02,171.30, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य, (जीसीसी, अप्रैल 2022 के भाग–I के कार्यों के लिए निविदा के क्लॉज़–3 के अनुसार)। **बोली प्रतिभूति:** रु. 4,04,100/– **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 03.09.2026 को 16.00 बजे। **समापन अवधि:** 24 माह । **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। निविदा कागजात वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोली प्रतिभूति का भुगतान आईआरईपीएस साइट पर उपलब्ध नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के ज़रिए किया जाना चाहिए। बोली प्रतिभूति के भुगतान का दस्तावेज़ी प्रमाण ई–निविदा प्रस्ताव के साथ संलग्न किया जा सकता है। **समरूप प्रकृति के कार्य:** "कोई भी फ़र्म जिसके पास टावर कार के पार्ट्स की ओवरहॉलिंग/रिपेयरिंग का पहले से प्रमाणित अनुभव हो।" ऊपर बताए गए कार्यों में से कोई एक या अधिक कार्य, जिसका निष्पादन भारतीय रेल की किसी भी यूनिट या पीयू या केंद्र/राज्य सरकार के संस्थानों या पब्लिक लिस्टेड कंपनी/ट्रस्ट जिनका औसत वार्षिक टर्नओवर रु. 500 करोड़ या उससे ज़्यादा हो, में किया गया हो, उसे विवेचित किया जाएगा। MISC-146/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

Govt. of Bihar

नगर विकास एवं आवास विभाग
कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय,
नगर पंचायत कोचस (रोहतास)
निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 07/2026–27
**Model RFP आधारित**
(ई–टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)
**Tender NIT No:- 07/2026-27**

**LETTER OF INVITATION (LOI) FOR BIDS REQUEST FOR PROPOSAL**

NAGAR PANCHAYAT KOCHAS ROHTAS invites online proposals for Selection of Agencies for Providing Outsourced Manpower for Performing and Managing Day to Day Activities related to sanitation work for Nagar Panchayat KOCHAS (Rohtas)

**Details of Schedule for the bids are given Below:-**

| | |
|---|---|
| NIT No. 07/2026-27 | Date -10/08/2026 |
| Name of the Work | Selection of Agencies for Providing Outsource Manpower for Performing and Man aging Day to Day Activities related to sanitation work for Nagar Panchayat KOCHAS. |
| **Estimated Project Cost** | Rs. 53402856.00 |
| **Bid Security/EMD** | Rs. 1068100.00 |
| **Performance Security** | 5% of Estimated Project Cost |
| **Cost of Bid Document** | Rs. 10,000.00 |
| **Work Period** | 24 Months |
| **Website for submission of proposal** | www.eproc2.bihar.gov.in/ |
| **Mode of Submission** | Online Submission through eproc2 portal (www.eproc2.bihar.gov.in) and at the same time Submission of the office of **Nagar Panchayat AT KOCHAS**. |
| **Name of the officer/address** | The executive officer, **Nagar Panchayat KOCHAS** |
| **NIT publication date** | 16/08/2026 |
| **Online tender submission start date** | 21/08/2026 (at 11:00 AM) www.eproc2.bihar.gov.in/ |
| **Pre bid meeting Date/Time/AddresS** | 24/08/2026 (at 02:00 PM) Meeting Hall **Nagar Panchayat,KOCHAS** |
| **Last Date of Submission of Bids (online)** | 31.08.2026 (till 03:00 PM) |
| **Physical documents (Payment proof in the case of a bank Guarantee, the Original Copy of the Power of Attorney and documents related to blacklisting/ Department shall be submitted in original) submission End Date/Time/Place :-** | 02.09.2026 (till 03:00 PM) at office of **NAGAR PANCHAYAT KOCHAS** |
| **Technical Bid Opening Date/Time of online opening of documents.** | 05.09.2026 (After 04:00 PM) |
| **Date of opening of financial bid Date and time of opening of financial Proposal** | To be informed later to technically qualified bidders. |
| **Method of opening of financial bid Date and time of opening of financial proposal.** | To be informed later to technically qualified bidders |
| **Method of Selection** | Least Cost Selection (LCS) |
| **Bid Validity** | 180 Days |

RFP Document shall be available on Website:- www.eproc2.bihar.gov.in
For Queries & Clarifications, send E-mail to:- npkochas@gmail.com
**For Details Information Visit Website state.bihar.gov.in/prdbihar**

**Executive officer**
**Nagar Panchayat Kochas**

PR- 009877 ( B & C ) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## नशामुक्त भारत अभियान के तहत वॉलीबॉल मैत्री मैच का आयोजन

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें खेलों से जोड़कर स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आज जी.ए. हाई स्कूल, भगवानपुर में वॉलीबॉल मैत्री मैच का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं के बीच नशामुक्ति का संदेश प्रभावी ढंग से प्रसारित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत, वैशाली द्वारा किया गया, जबकि इसके सफल क्रियान्वयन में यंग स्टार युवा विकास समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मैत्री मैच में विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बालिका वर्ग में जी.ए. हाई स्कूल की टीम विजेता रही, जबकि बालक वर्ग में नारायणा स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने विजेता का स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, खिलाड़ियों एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा नशामुक्ति की शपथ ली गई। सभी ने नशे से स्वयं दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य युवाओं को भी नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखने का संकल्प लिया।

**डीएम ने की जिले के विभिन्न प्रखंडों में निर्माणाधीन प्रखंड व अंचल कार्यालय भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा**

# निर्माणाधीन योजनाओं में अपेक्षित गति लाने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रोहतास जिले में प्रशासनिक संरचना को सुदृढ़ करने एवं लोगों को प्रखंड एवं अंचल स्तर पर बेहतर तथा सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न प्रखंडों में निर्माणाधीन नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवनों के कार्यों की समीक्षा को लेकर जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भवन निर्माण प्रमंडल, सासाराम द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित नए प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रत्येक योजना की प्रगति, निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति, भूमि से संबंधित मामलों तथा कार्यों में आ रही विभिन्न समस्याओं की जानकारी जिलाधिकारी को दी गई। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि करगहर, दावथ, नासरीगंज, नौहट्टा, सूर्यपुरा, शिवसागर, चेनारी, तिलौथू, डिहरी, दिनारा, नोखा एवं काराकाट प्रखंडों में नए प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवनों तथा आवश्यकतानुसार कार्यालय सह आवासीय परिसर के निर्माण की योजनाएं संचालित हैं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसियों को निर्माणाधीन योजनाओं में अपेक्षित गति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप होना चाहिए तथा कार्यों की नियमित रूप से स्थल निरीक्षण एवं समीक्षा की जाए। उन्होंने निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जाए। निर्माण कार्य के प्रत्येक चरण की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति रिपोर्ट अद्यतन रखने को भी कहा गया। रिपोर्ट के अनुसार करगहर में नींव की ईंट सोलिंग का कार्य प्रगति पर है जबकि दावथ में फुटिंग कास्टिंग का कार्य चल रहा है। नासरीगंज में पाइलिंग का कार्य पूरा होने के बाद पाइल टेस्टिंग भी पूर्ण हो चुकी है तथा साइट कैप के लिए अर्थवर्क किया जा रहा है। नौहट्टा में पेड़ कटाई का कार्य तथा सूर्यपुरा में पाइल कॉपिंग का कार्य जारी है। शिवसागर में प्लिंथ निर्माण एवं चेनारी में पेड़ों के स्थानांतरण की प्रक्रिया चल रही है। दिनारा में टाई बीम का कार्य लगभग 25 प्रतिशत पूरा हो चुका है जबकि नोखा में निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। काराकाट में योजना के लिए एल.ओ.ए. निर्गत किया जा चुका है। तिलौथू की योजना की समीक्षा के दौरान भूमि विवाद से संबंधित स्थिति की जानकारी ली गई। रिपोर्ट के अनुसार डिहरी में चयनित भूमि को लेकर विवाद के कारण नई भूमि की तलाश की जा रही है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा पूर्व में भी कार्यालय एवं आवासीय भवन को एक ही स्थान पर निर्मित करने की दिशा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# रोहतासगढ़, तुतला भवानी और दुर्गावती जलाशय में होम स्टे योजना शुरू करने की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के प्रमुख ऐतिहासिक एवं पर्यटकीय स्थलों रोहतासगढ़ किला, तुतला भवानी धाम और दुर्गावती जलाशय क्षेत्र में मुख्यमंत्री होम स्टे योजना लागू करने की मांग को लेकर शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने बिहार पर्यटन विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर इन स्थलों को योजना में शामिल करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि इन तीनों प्रमुख पर्यटक स्थलों पर मुख्यमंत्री होम स्टे योजना लागू होने से स्थानीय



लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और पर्यटकों को ठहरने की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इससे इन क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। समिति ने कहा कि पूर्व में रोहतास जिले के मांझर कुंड, धुआं कुंड और शेरशाह मकबरा को योजना में शामिल किया गया है। मांझर कुंड और धुआं कुंड एक ही क्षेत्र में स्थित है तथा इनके आसपास गांव नहीं होने के कारण होम स्टे योजना के क्रियान्वयन में व्यावहारिक कठिनाइयां हैं। वहीं शेरशाह सूरी का मकबरा शहर के बीच स्थित है। ऐसे में रोहतासगढ़ किला, तुतला भवानी धाम और दुर्गावती जलाशय जैसे स्थलों को योजना में शामिल करना अधिक उपयोगी होगा। पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक राजेश रौशन ने प्रतिनिधिमंडल की मांग पर सकारात्मक रुख जताते हुए इसे धरातल पर उतारने के लिए अग्रेतर कार्रवाई का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में शैलेश पटेल, अंकित कुमार, अशोक कुमार सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

## निश्चय मित्रों ने सात टीबी मरीजों को लिया गोद, पोषण किट का वितरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर (रोहतास)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोहतास में बुधवार को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निश्चय मित्रों द्वारा ग्यारह टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण किट वितरित की गई। मरीजों को अंडा, राजमा, चना, बादाम और छुहारा सहित अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। ताकि उपचार के दौरान उन्हें बेहतर पोषण मिल सके। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनुज कुमार चौधरी ने बताया कि गोद लिए गए सभी मरीजों को छह माह तक नियमित रूप से पोषक तत्व उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे मरीजों को उपचार के दौरान आवश्यक पोषण मिलेगा और अन्य टीबी मरीज भी समय पर जांच व इलाज के लिए प्रेरित होंगे।

बीसीएम आजाद कुमार ने बताया कि मरीजों को निश्चय मित्रों ने गोद लिया है। आने वाले दिनों में अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़कर ज्यादा मरीजों तक पोषण सहायता पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर निश्चय मित्र के रूप में डॉ. अनुज कुमार चौधरी, मनोज कुमार, आजाद कुमार, श्वेता कुमारी, धनंजय वर्मा, सरोज कुमार उपस्थित रहे।

# शिक्षिका नूतन पाण्डेय ने विद्यालय में जगाई राष्ट्रभक्ति की अलख

## ‘हर घर तिरंगा’ के संकल्प से गूंजा तिलौथू मॉडल स्कूल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ‘हर घर तिरंगा’ अभियान के तहत सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति की भावना के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय में पदस्थापित सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका नूतन पाण्डेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए हर घर तिरंगा अभियान के उद्देश्य एवं महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तिरंगा भारत की स्वतंत्रता, गौरव, एकता और अखंडता का प्रतीक है। इसके सम्मान की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी हर घर तिरंगा



अभियान से जोड़ें और तिरंगे की गरिमा बनाए रखें। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने एक साथ तिरंगे के सम्मान, राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की रक्षा तथा देशहित में अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने की शपथ ली। शिक्षा एवं नवाचार के क्षेत्र में अपनी सक्रिय भूमिका के लिए नूतन पाण्डेय लगातार चर्चा में रहती है। बच्चों की निःशुल्क शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उनके प्रयासों को विभिन्न मंचों पर सम्मान भी प्राप्त हुआ है। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा हैदराबाद के टी-हब में तथा बेंगलुरू में निःशुल्क शिक्षा के क्षेत्र में आईपीएस विकास वैभव द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त पिछले महीने बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया गया। उनके शिक्षा-केंद्रित प्रयासों और नवाचार के माध्यम से बच्चों को सीखने के नए अवसर उपलब्ध कराने की पहल को लगातार सराहना मिलती रही है। नूतन पाण्डेय ने कहा कि ‘हर घर तिरंगा’ केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हर भारतीय के हृदय में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत करने का संकल्प है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनकर देश की एकता, अखंडता और विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं देशभक्ति की भावना देखने को मिली। विद्यालय परिवार ने हर घर तिरंगा अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय गौरव एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाने का संकल्प लिया।

## भाजपा ने की सोन नदी पर भव्य नौका तिरंगा यात्रा का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी, रोहतास जिला इकाई की ओर से गुरुवार को झारखंडी मंदिर एनीकट में सोन नदी पर भव्य नौका तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष संतोष पटेल के नेतृत्व में आयोजित यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने नौकाओं पर तिरंगा लेकर हिस्सा लिया। नौकाओं पर लहराते राष्ट्रध्वज और देशभक्ति के नारों से सोन नदी का तट गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, जय हिंद और अमर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए नारे लगाए। सोन नदी की लहरों के बीच तिरंगा यात्रा का दृश्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष सह औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह रहे। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश के नागरिकों की आन, बान और शान का प्रतीक है। सोन नदी की धारा पर आयोजित यह यात्रा रोहतास की जनता के राष्ट्रप्रेम और स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति कृतज्ञता को दर्शाती है। कार्यक्रम में तिरंगा यात्रा जिला प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह तिरंगा कार्यक्रम प्रभारी बबल कश्यप, जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा एवं विवेक सिंह, जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी, पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सोन नदी के तट पर उपस्थित लोगों ने नौका तिरंगा यात्रा के भव्य दृश्य का आनंद लिया।

# हर घर तिरंगा यात्रा में दिखेगी देशभक्ति और एकता की मिसाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश देने के उद्देश्य से 14 अगस्त को डिहरी ऑन-सोन में हर घर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में स्कूली बच्चों, युवाओं, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों के शामिल होने की उम्मीद है। नगर परिषद चेयरमैन प्रत्याशी एवं सोन आरती आयोजिका ज्योति कुमारी ने डिहरीवासियों से अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता, सम्मान और गौरव



का प्रतीक है। जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर तिरंगे के सम्मान में एकजुट होना ही सच्ची देशभक्ति है। उन्होंने कहा कि यात्रा के माध्यम से बच्चों और युवाओं के बीच राष्ट्रप्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। यात्रा शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से निकाली जाएगी तथा यातायात एवं कानून-व्यवस्था का ध्यान रखा जाएगा। यात्रा का शुभारंभ 14 अगस्त को सुबह 9:30 बजे रामरानी गांधी चौक से होगा। इसके बाद यात्रा डिहरी बाजार, कर्पूरी चौक, 12 पत्थर होते हुए दुर्गा मंदिर चौक पहुंचेगी जहां इसका समापन होगा। ज्योति कुमारी ने कहा कि तिरंगा हमारी पहचान और एकता हमारी ताकत है। उन्होंने डिहरी-डालमियानगर के नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, बच्चों और सामाजिक संगठनों से यात्रा में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर समाजसेवी पंकज गुप्ता भी मौजूद रहे।

# हजारों कांवरियों का जत्था बक्सर के लिए रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** पावर हाउस से गुरुवार को हजारों कांवरियों का एक भव्य जत्था बक्सर के लिए रवाना हुआ। विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने फीता काटकर तथा हरी झंडी दिखाकर कांवरियों को रवाना किया। यह कांवरिया जत्था बक्सर के रामरेखा घाट से गंगाजल लेकर गुप्ताधाम तक लगभग 130 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे और सोमवार को बाबा गुप्तेश्वरनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इस अवसर पर चेनारी में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें भारी संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल हुए। जुलूस में हाथी, घोड़े, दर्जनों बाइक और चार पहिया वाहन शामिल थे। हजारों गेरुआ वस्त्रधारी कांवरिये बोल बम, बाबा एक सहारा है जैसे जयकारे लगाते हुए पावर हाउस से थाना चौक, मुख्य बाजार, गांधी चौक, इंदिरा चौक, कर्पूरी चौक होते हुए लांजी स्थित गणेश मंदिर पहुंचे जहां भगवान गणेश की पूजा-अर्चना के बाद जत्था बक्सर के लिए प्रस्थान किए। इसके पूर्व पावर हाउस स्थित शिव मंदिर परिसर में शिव पूजा, कांवर पूजा, हाथी पूजा, भूमि पूजन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने गुप्ताधाम की ऐतिहासिकता और धार्मिक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुप्ताधाम की प्राकृतिक गुफा और इससे जुड़ी कथाएं जैसे भगवान शिव और भस्मासुर की कथा अति प्राचीन हैं जिन्हें जानने-समझने हर वर्ष लाखों श्रद्धालु यहां आते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुपम चौबे ने की जबकि संचालन झाबल तिवारी ने किया। इस दौरान कांवरियों के बीच अंगवस्त्र भी भेंट किए गए। कई वाहनों पर भगवान शिव-पार्वती समेत विभिन्न धार्मिक झांकियों की आकर्षक प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर रमेश तिवारी उर्फ टाइगर पप्पू चौबे उर्फ मनमौजी बाबा, कृष्णकांत चौबे, शशिकांत चौबे, पिंटू शुक्ला, दीपक चौबे, नागेंद्र दुबे, करण कहार, पंकज तिवारी, राजू तिवारी, दामोदर शाह, छोटू चौबे, रामानुज मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बिक्रमगंज स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी पूर्ण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज अनुमंडल में आगामी पंद्रह अगस्त को मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से गुरुवार को इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय, बिक्रमगंज स्टेडियम में परेड का फुल रिहर्सल आयोजित किया गया। रिहर्सल की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज ने की। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों और सुरक्षा बलों की टुकड़ियों द्वारा मार्च-पास्ट, परेड अनुशासन, ध्वजारोहण की प्रक्रिया तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जुड़ी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्टेडियम में दर्शक दीर्घा, प्रवेश और निकास द्वार, ध्वनि व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं आपातकालीन चिकित्सा सुविधा सहित समारोह से जुड़ी सभी मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित पदाधिकारियों को तय समय सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया। रिहर्सल के क्रम में परेड कमांडरों को अनुशासन, समयबद्धता और समन्वय बनाए रखने को कहा गया तथा मार्च-पास्ट के दौरान कदमों की एकरूपता, वर्दी की स्वच्छता और प्रस्तुति की गरिमा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, पार्किंग और भीड़ प्रबंधन को लेकर भी पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि 15 अगस्त को आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है और इसे गरिमापूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से मनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्यों, शिक्षकों और प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के अनुशासन और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि रिहर्सल के दौरान पाई गई छोटी कमियों को शीघ्र दुरुस्त किया जाए।

# डालमियानगर में दो कांडों में चार नामजद गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर थाना पुलिस ने 12 अगस्त को दर्ज दो अलग-अलग कांडों में कार्रवाई करते हुए चार नामजद अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों मामलों में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कांड संख्या 174/26 में विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध करने के मामले में नामजद अभियुक्त गोलू कुमार, पिता आनंद कुमार एवं दीपक कुमार, पिता स्व. राजेंद्र प्रसाद, दोनों निवासी ईएसआई गेट, न्यू सिधौली, थाना डालमियानगर को गिरफ्तार किया गया। वहीं कांड संख्या 175/26 में नामजद अभियुक्त पप्पू शर्मा एवं रमेश शर्मा दोनों पिता दयानंद शर्मा, निवासी ईएसआई गेट, न्यू सिधौली, थाना डालमियानगर को गिरफ्तार किया गया।

## अंतर विभागीय वालीबाल एवं शतरंज प्रतियोगिता संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अंतर विभागीय वालीबाल एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन जवाहरलाल नेहरू कॉलेज डिहरी ऑन-सोन में प्राचार्य प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार ओझा के दिशा निर्देश पर संपन्न हुआ जिसमें वोकेशनल एवं ट्रेडिशनल कोर्स के 80 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार ओझा, बड़सर फरीद डॉक्टर फरीद आलम, मनोविज्ञान अध्यक्ष डॉ कमल नयन सिंह, डॉ अजय कुमार, डॉक्टर नरेश शर्मा, लेखा सहायक राधा रमन सिंह(मुन्ना सिंह) खिलाड़ियों को अभीप्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही साथ अधिक से अधिक अभ्यास करने की भी सलाह दी। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में मनोरंजन कुमार, आयुष शर्मा, अमर सिंह महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वॉलीबॉल की टीम मैनेजर के तौर पर लेफ्टिनेंट सच्चिदानंद सिंह, डॉ अवनीश मौर्य वही शतरंज टीम के टीम मैनेजर के तौर पर हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉक्टर नीलम पाल ने भूमिका निभाई। उपरोक्त प्रतियोगिता खेल प्रभारी कन्हैया कुमार सिंह एवं खेल सचिव डॉ अभिषेक कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। चेस प्रतियोगिता में अनुपम राज हर्ष, शुभम मिश्रा, स्नेह आशीष, अभिषेक कुमार, मानसी पांडे, रोशनी कुमारी, हिमांशी कुमारी, आनंदी भारती ने बहुत बेहतरीन प्रदर्शन किया वही वॉलीबॉल में अनुराग कुमार, ओमप्रकाश, शुभम, प्रतीक, विवेक, आनंद, पंकज, अभिषेक, प्रिंस कुमार सिंह, मोहित मुकेश आदि ने अपने खेल का बेहतरीन प्रदर्शन किया।


**पूर्व रेलवे**

**सं. डीटीई–जेएमपी–09/26–27, दिनांक 11.08.2026,** सहायक नगर अभियंता, पूर्व रेलवे लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला–मुंगेर, बिहार–811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम–:** जमालपुर में 08 यूनिट टाइप–III क्वार्टरों का निर्माण। **विज्ञापित निविदा मूल्य :** रु.1,96,17,565/–, **बयाना राशि:** रु. 3,92,400/–, **खुलने की तिथि:** दिनांक 11.09.2026, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह।

MISC-144/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा सूचना सं.: **45–एसडीएसटीई–एएसएन–2026–27, दिनांक 11.08.2026** के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** “आसनसोल मंडल–उम्र सह स्थिति के आधार पर एवं विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों के इक्विपमेंट को बदलना”। **निविदा मूल्य:** रु. 2,71,25,059.70, **बयाना राशि:** रु. 5,42,500/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 03.09.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www. ireps.gov.in**

ASN-210/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/773, दिनांक: 11.08.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई–टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं: **क्रम संख्या 1, टेंडर नंबर: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3668, काम का नाम :** (1) एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 17/ए/6 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। (2) एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 17/ए/1 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। (3) एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 18 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। (4) एईएन/कटवा के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 21/1/सी/ई (एमएल) के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। (5) एईएन/आजिमगंज के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 26/1/1 (ई) के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 46,28,070/–, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 92,600/–, **क्रम संख्या 2, टेंडर नंबर: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3322–आर, काम का नाम :** एईएन/बर्द्धमान के अधीन भातार (2), बलगोना (2), कर्जना (1) और चांचाइ (1) कुल 6 अदद में प्लेटफॉर्म शेड के प्रावधान एवं सहायक कार्यों के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 11,68,134/–, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 23,400/–, **क्रम संख्या 3, टेंडर नंबर: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3332–आर2, काम का नाम :** हावड़ा मंडल में बर्द्धमान–बलगोना खंड में किमी. 2/13–14 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 1/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊँचाई के सबवे (कट एवं कवर विधि द्वारा) के निर्माण के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 10,71,002/–, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 21,400/–, **क्रम संख्या 4, टेंडर नंबर: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3661, काम का नाम :** रेल सदन, हावड़ा में टाइप–V क्वार्टर, 12 यूनिटों के निर्माण के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 1,09,16,293/– **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 2,18,300/–, **क्रम संख्या 5, टेंडर नंबर: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3670, काम का नाम :** एईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधीन सॉर्टिंग यार्ड कोचिंग कॉम्प्लेक्स में डीप ट्यूब वेल (300 मिमी X 200 मिमी) डाया को बैठाने के प्रावधान के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 2,34,673/–, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 4,700/–, **क्रम संख्या 6, टेंडर नंबर: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3620–आर, काम का नाम :** एसएसई/जी/कटवा और एसएसई/जी/रामपुरहाट के अधिकार क्षेत्र के तहत संबंधित एचटी/एलटी स्विचगियर पैनल, केबल, ट्रांसफार्मर, अर्थिंग और अन्य सुरक्षा वस्तुओं के साथ इलेक्ट्रिकल सबस्टेशनों, स्विच रूमों का विस्तार और सुधार। **टेंडर का मूल्य :** रु. 87,24,540/– **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 1,74,500/–**पूरा होने की अवधि:** 180 दिन (क्रम सं. 1 से 6 प्रत्येक हेतु)। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 31.08.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 से 6 प्रत्येक हेतु)। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-269/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,(पशुपालन प्रभाग)**
**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी,पलामू**

**–: व्यवसायिक बकरा–बकरी पालन योजना (100+5) की अंतिम तिथि में संशोधन :–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या 13रा0 (वि0) दिनांक 19.06.2026 द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत उद्यमी पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए **व्यवसायिक बकरा–बकरी पालन योजना** की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त योजना से संबंधित योग्य एवं इच्छुक पशुपालकों से दिनांक 30.07.2026 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने की अंतिम तिथि में संशोधन करते हुए दिनांक 16.08.2026 किया गया है। योजना का विवरणी निम्नवत् है –

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | इकाई लागत (रूपया में) | अनुदान की राशि 70% | लाभुक अंशदान–सह–बैंक ऋण की राशि 30% | भौतिक लक्ष्य OSP | भौतिक लक्ष्य SCSP | भौतिक लक्ष्य Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | व्यवसायिक बकरा–बकरी पालन की योजना (100 बकरी + 05 बकरा) | 9,78,000/- | 6,84,600/- | 293400/- | 25 | 1 | 26 |

**योजना संचालन में लाभुकों का चयन हेतु निम्नांकित अर्हता आवश्यक होगी :–**

- उद्यमी झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी होंगे, जिन्हें पूर्व में बकरी पालन का अनुभव प्राप्त हो।
- उद्यमियों को व्यवसायिक बकरा–बकरी फार्म की स्थापना के लिए आवश्यकतानुसार भूमि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। 100 बकरी + 05 बकरा क्षमता वाले व्यवसायिक बकरा–बकरी फार्म की स्थापना हेतु कम–से–कम 0.50 एकड़ भूमि आवश्यक है, जो स्वयं की हो अथवा लीज पर ली गई हो एवं एक जगह होनी चाहिए। लीज पर होने की स्थिति में आवेदन स्वीकृति के समय कम–से–कम 10 वर्षो के लिए भूमि लीज की अवधि होनी चाहिए।
- कुल लागत का 15% उद्यमी के द्वारा बैंक ऋण के माध्यम से अथवा स्वयं वहन किया जाना है। न्यूनतम 15% राशि उद्यमी के द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा तथा 70% का अनुदान की राशि के रूप में सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।
- उद्यमी के अंशदान हेतु बैंक द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र/पिछले 01 वर्ष का औसत Bank Balance समर्पित करना होगा। बैंक ऋण प्राप्त करने की स्थिति में उद्यमी के द्वारा योजना प्रस्ताव समर्पित करने के समय बैंक से योजना स्वीकृति संबंधित दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक होगा।
- उद्यमी के द्वारा परियोजना को कम–से–कम 10 वर्ष चलाने संबंधी शपथ–पत्र संलग्न किया जाएगा। योजना संचालन नहीं होने पर उद्यमियों द्वारा अनुदान की राशि की बैंक दर से ब्याज सहित वापस की जाएगी।
- चयनित उद्यमियों के पास पूर्व से व्यवसायिक बकरा–बकरी फार्म के लिए आधारभूत संरचना उपलब्ध होने की स्थिति में उस संरचना पर होने वाले अनुमानित खर्च की राशि का अनुदान देय नहीं होगा।
- उद्यमियों के चयन में बकरा–बकरी पालन में प्रशिक्षण प्राप्त आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- योजना का लाभ व्यक्ति (Individual) के साथ–साथ स्वयं सहायता समूह (SHG) एवं किसान उत्पादक संगठन (FPO) को भी दिया जायेगा।

**योजनान्तर्गत उद्यमियों के चयन हेतु प्रक्रिया –**

- उद्यमियों के द्वारा सभी दस्तावेजों को संलग्न करते हुए योजना प्रस्ताव जिला पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जाएगा।
- जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा योजना प्रस्ताव को स्थल निरीक्षण एवं अन्य आवश्यक बिन्दुओं का आकलन करते हुए अनुशंसा के साथ निदेशक, पशुपालन को प्रेषित किया जाएगा।
- निदेशालय स्तर पर गठित समिति के द्वारा उद्यमियों के चयन पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।
- इस योजनान्तर्गत बकरा–बकरी योजना का लाभ पूर्व में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत अन्य योजनानतर्गत लाभ प्राप्त लाभुकों को नहीं दी जाएगी।
- व्यवसायिक बकरा–बकरी फार्म की स्थापना में Epldemic Control Measure का अनुपालन सुनिश्चित करना उद्यमियों की जिम्मेदारी होगी। जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा Epldemic Control Measure का अनुपालन की समीक्षा नियमित रूप से की जाएगी।
- अनुदान की राशि लाभुकों के बैंक खाते में उनके अंशदान तथा बैंक के ऋण की राशि का हस्तांतरण होने के उपरांत ही उपलब्ध करायी जायेगी।
- योजना क्रियान्वयन अंशदान की राशि दो किस्तों में भुगतान किया जाएगा। प्रथम किस्त के रूप में 40% अनुदान की राशि का भुगतान योजना स्वीकृत होने के पश्चात् तथा 60% अनुदान की राशि का भुगतान लाभुकों के द्वारा आधारभूत संरचना का कार्य सम्पन्न होने के पश्चात् किया जाएगा। द्वितीय किस्त के लिए लाभुक के द्वारा आवेदन के साथ आधारभूत संरचना पूर्ण होने का साक्ष्य फोटोग्राफ सहित समर्पित किया जाएगा। साक्ष्य दस्तावेज प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा अभिप्रमाणित किया जाएगा।
- इच्छुक उद्यमी निम्नलिखित सभी आवश्यक दस्तावेज को संलग्न करते हुए योजना प्रस्ताव (विहित आवेदन पत्र के साथ) संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी द्वारा अनुशंसा के पश्चात् जिला पशुपालन कार्यालय, पलामू में दिनांक 16.08.2026 तक जमा करना सुनिश्चित करें।

**संलग्न आवश्यक दस्तावेज की सूची –**

(i) पासपोर्ट आकार का फोटो, व्यक्तिगत आवेदक हो। आधार/पहचान पत्र।
(ii) स्थायी निवासी प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र।
(iii) भूमि रसीद/खाता/खेसरा/स्वामित प्रमाण–पत्र या लीज डीड।
(iv) बैंक द्वारा ऋण निर्गत अंशदान प्रमाण–पत्र अथवा पिछले एक वर्ष का औसत बैंक बैलेंस प्रमाण–पत्र।
(v) बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति/सहमति पत्र यदि लागू हो।
(vi) प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र।
(vii) परियोजना प्रतिवेदन।
(viii) स्व–घोषणा पत्र।
(ix) शपथ –पत्र/एफिडेविट।
(x) SHG के लिए सदस्य सूची समूह संकल्प/समूह नियमावली/उपविधि बैंक विवरणी।
(xi) FPO (Farmer Producer Organization)/FPC (Farmer Producer Company) के लिए पंजीकरण प्रमाण–पत्र PAN, TAN, CIN/अन्य पंजीकरण बोर्ड/प्रबंध समिति संकल्प सदस्य सूची बैंक विवरण।

नोट :– **विशेष जानकारी एवं आवेदन पत्र (निःशुल्क) प्राप्त करने के लिये प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी अथवा जिला पशुपालन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।**

निवेदक:–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,पलामू

**PR 387471 District(26-27).D**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल : फरबिसगंज (अररिया)
प्रमुख कार्य और योजनाएं :
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-तीन के तहत प्रमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के उन्नयन की दिशा में किया जा रहा कार्य।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत पुलों की गुणवत्ता और मजबूती सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रगति।

ई. गिरिजानंदन सिंह
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
केनरा बैंक
शाखा : मालती कम्पलेक्स, पुरानी जीटी रोड, औरंगाबाद (बिहार)
नरेन्द्र देव पांडेय, वरीय प्रबंधक
बैंक के वाहन ऋण, आवास ऋण, एम.एस.एम.ई. ऋण, शिक्षा ऋण आदि योजनाओं का लाभ उठायें।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल : मसौढ़ी (पटना)
प्रमुख कार्य और योजनाएं :
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-तीन के तहत प्रमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के उन्नयन की दिशा में किया जा रहा कार्य।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत पुलों की गुणवत्ता और मजबूती सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रगति।

ई. सुनील कुमार
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
शाखा : जम्होर (औरंगाबाद)
नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एम. पासबुक
डिजिटल बैंकिंग की सुविधाएं
रोहित कुमार, शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल : दलसिंहसराय (समस्तीपुर)
प्रमुख कार्य और योजनाएं :
- गांवों में मूलभूत बुनियादी ढांचा, विशेष रूप से ग्रामीण सड़कों के विकास और रखरखाव के लिए संकल्पित।
- ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण पथों के रख-रखाव और मरम्मति पर विशेष जोर दिया जा रहा है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम आवागमन और मजबूत संपर्कता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) के तहत सड़क निर्माण कार्य।

ई. प्रवीण कुमार
कार्यपालक अभियंता

बिहार ग्रामीण बैंक
शाखा : जम्होर (औरंगाबाद)
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुमेधा कुमारी
शाखा प्रबंधक

बिहार ग्रामीण बैंक
शाखा : गोड़ारी (रोहतास)
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास कुमार सिंह
शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल : जगदीशपुर (भोजपुर)
प्रमुख कार्य और योजनाएं :
- गांवों में मूलभूत बुनियादी ढांचा, विशेष रूप से ग्रामीण सड़कों के विकास और रखरखाव के लिए संकल्पित।
- ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण पथों के रख-रखाव और मरम्मति पर विशेष जोर दिया जा रहा है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम आवागमन और मजबूत संपर्कता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) के तहत सड़क निर्माण कार्य।

ई. मुकेश कुमार सिंह
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
पंजाब नैशनल बैंक
शाखा : भेड़िया (रोहतास)
पूर्णतः कंप्यूटरीकृत सीबीएस शाखा
शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल : वायसी (पूर्णिया)
प्रमुख कार्य और योजनाएं :
- ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण पथों के रख-रखाव और मरम्मति पर विशेष जोर दिया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) एवं मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष एनडीबी) के तहत सड़कों का निर्माण।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना एवं राज्य योजना नाबार्ड के तहत सड़क एवं पुलों का निर्माण कराया जा रहा है/जाना है।

ई. विवेक कुमार
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
इंडियन बैंक
शाखा : सोननगर (औरंगाबाद)
पूर्णतः कंप्यूटरीकृत सीबीएस शाखा
शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल : किशनगंज-2
प्रमुख कार्य और योजनाएं :
- ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण पथों के रख-रखाव और मरम्मति पर विशेष जोर दिया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) एवं मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष एनडीबी) के तहत सड़कों का निर्माण।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना एवं राज्य योजना नाबार्ड के तहत सड़क एवं पुलों का निर्माण कराया जा रहा है/जाना है।

ई. मिथिलेश कुमार
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरस्वती कुमारी
प्रधानाध्यापिका
राजकीय मध्य विद्यालय
रघुनंदन बिगहा (औरंगाबाद)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जय प्रकाश
प्रधानाध्यापक
राजकीय मध्य विद्यालय
हजारी कर्मा (औरंगाबाद)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल : जमुई (बिहार)
प्रमुख कार्य और योजनाएं :
- ग्रामीण सड़कों का निर्माण और उनका चौड़ीकरण करने का कार्य।
- पक्की ग्रामीण सड़कों के निर्माण के साथ-साथ सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता।
- ग्रामीण सड़कों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत किया जा रहा कार्य।
- सुदूर और पिछड़े क्षेत्रों में साल भर संपर्क सुनिश्चित करना प्राथमिकता।

ई. अरविन्द कुमार
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पुष्पा कुमारी गुप्ता
प्रधानाध्यापिका
राजकीय मध्य विद्यालय
जसोइया (औरंगाबाद)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रफुल्ल कुमार
प्रधानाध्यापक
प्राथमिक सह संस्कृत उच्च विद्यालय
संस्कृत विद्यालय रोड, औरंगाबाद

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल : टिकारी (गया)
प्रमुख कार्य और योजनाएं :
- ग्रामीण सड़कों का निर्माण और उनका चौड़ीकरण करने का कार्य।
- पक्की ग्रामीण सड़कों के निर्माण के साथ-साथ सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता।
- ग्रामीण सड़कों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत किया जा रहा कार्य।
- सुदूर और पिछड़े क्षेत्रों में साल भर संपर्क सुनिश्चित करना प्राथमिकता।

ई. विमल कुमार
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल : महाराजगंज (सीवान)
प्रमुख कार्य और योजनाएं :
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-तीन के तहत प्रमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के उन्नयन की दिशा में किया जा रहा कार्य।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत पुलों की गुणवत्ता और मजबूती सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रगति।

ई. ब्रज किशोर प्रसाद
कार्यपालक अभियंता

बिहार ग्रामीण बैंक
शाखा : औरंगाबाद (बिहार)
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित कुमार
मुख्य प्रबंधक

बिहार ग्रामीण बैंक
शाखा : शाहपुर रोड, औरंगाबाद
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रवीण कुमार
शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल : नवादा (बिहार)
प्रमुख कार्य और योजनाएं :
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-तीन के तहत प्रमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के उन्नयन की दिशा में किया जा रहा कार्य।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत पुलों की गुणवत्ता और मजबूती सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रगति।

ई. तारिक अनवर
कार्यपालक अभियंता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
नगमतिया मोटर वर्क्स
पुरानी जीटी रोड, औरंगाबाद
अधिकृत विक्रेता :
भारत पेट्रोलियम
केवल पेट्रोल के लिए संपर्क करें

बिहार ग्रामीण बैंक
शाखा : रामाबांध, औरंगाबाद
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक कुमार
शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल : भागलपुर (बिहार)
प्रमुख कार्य और योजनाएं :
- गांवों में मूलभूत बुनियादी ढांचा, विशेष रूप से ग्रामीण सड़कों के विकास और रखरखाव के लिए संकल्पित।
- ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण पथों के रख-रखाव और मरम्मति पर विशेष जोर दिया जा रहा है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम आवागमन और मजबूत संपर्कता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) के तहत सड़क निर्माण कार्य।

ई. सुरेन्द्र कुमार
कार्यपालक अभियंता

बिहार ग्रामीण बैंक
क्षेत्रीय कार्यालय : औरंगाबाद (बिहार)
की ओर से राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
रविशंकर सिंह
क्षेत्रीय प्रबंधक
ग्रामीण विकास हमारी प्रतिबद्धता

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल : हिलसा (नालंदा)
प्रमुख कार्य और योजनाएं :
- गांवों में मूलभूत बुनियादी ढांचा, विशेष रूप से ग्रामीण सड़कों के विकास और रखरखाव के लिए संकल्पित।
- ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण पथों के रख-रखाव और मरम्मति पर विशेष जोर दिया जा रहा है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम आवागमन और मजबूत संपर्कता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) के तहत सड़क निर्माण कार्य।

ई. अरविन्द कुमार
कार्यपालक अभियंता

# स्कूली बच्चों ने निकाली 500 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली भव्य तिरंगा यात्रा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** विद्या निकेतन ग्रुप आफ स्कूल के छात्र छात्राओं ने 500 मीटर लंबा तिरंगा लेकर गुरुवार को यहां हर घर तिरंगा यात्रा निकाली। भखरुआं में पटना रोड स्थित किड्ज वर्ल्ड से बच्चों की तिरंगा यात्रा निकली। यह औरंगाबाद रोड में अरविंद हॉस्पिटल तक और गया रोड में बाजार समिति तक जाकर पुनः विद्यालय में आकर संपन्न हुई। एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने कहा कि इस तरह का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है। इससे बच्चों को राष्ट्रवाद की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा कि बच्चों के अंदर राष्ट्र प्रेम की भावना जगे, सही और सकारात्मक भावना के साथ उनका विकास हो, इस उद्देश्य से से ही यह तिरंगा यात्रा निकाली गई। सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि पहली बार यहां 500 मीटर लंबा तिरंगा लेकर छात्र छात्रा निकले। यह काफी आकर्षक रहा। प्रशासन और आम लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ। डॉ मनोज कुमार, टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश, विद्यासागर, प्रधानाचार्य समेत अन्य शिक्षक व शिक्षिका शामिल हुए। वंदे मातरम और अन्य राष्ट्रवादी नारे लगाते बच्चे लोगों को प्रेरित करते हुए आगे बढ़ते रहे। लगभग 500 मीटर लंबा तिरंगा देखकर सबका मन अभिभूत होता रहा। प्रशासनिक सहयोग भी प्राप्त हुआ। सड़क पर किसी तरह की कोई समस्या ना हो इसका ख्याल रखा गया।

## नशा मुक्ति के संदेश के साथ तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, पिपरा बगाही में गुरुवार को प्रहरी क्लब एवं यूथ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति एवं तिरंगा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर नशा विरोधी नारे लगाए और लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। विद्यालय परिसर से निकली रैली पिपरा सूर्यदेव मंदिर तक पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों ने नशे के दुष्परिणामों से लोगों को अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज निर्माण का संदेश दिया। रैली का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरविन्द मणि त्रिपाठी ने किया।

कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यालय कर्मियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। मौके पर शिक्षक संजय कुमार, दीपक कुमार सिन्हा, राकेश कुमार, अक्षय कुमार, विकास कुमार, निहारीका सिंह, ममता कुमारी, अनिता यादव, सोनी कुमारी, प्रियंका सिंह तथा रात्रि प्रहरी उदय कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे। विद्यार्थियों की जागरूकता रैली ने ग्रामीणों को नशे के खिलाफ सामूहिक संकल्प लेने का संदेश दिया।

## एक हजार तिरंगे का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पुराना शहर स्थित ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा के तहत एक हजार राष्ट्रीय ध्वज बच्चों के बीच वितरित किया गया। संस्था के निदेशक सह सम्पूर्णानंद एजुकेशनल एन्ड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सचिव डा. चंचल ने कहा कि शहीदों के सम्मान को कभी कम नही होने दूंगा। जिस तिरंगे के सम्मान के लिए हमारे वीर पुरूष भारत माँ की गोद में अपने प्राणों को न्योछावर कर दिये। कितने माताओं की गोद सुनी हो गई। कितने बहन की मांग की सिंदुर मिट गई। तब जाकर यह राष्ट्रीय ध्वज हम पूरे उल्लास के साथ फहराते हैं। हम लोगों का परम कर्तव्य होना चाहिए कि देश के सम्मान को हमेशा आगे रखें। जिस देश में आपका जन्म हुआ उस देश का गौरव बढ़ाना आपकी जिम्मेवारी है। बच्चों ने भारत माता का जयकारा लगा अपने आप को भारत के लिए समर्पित होने का साहस दिखाया। निदेशक ने सभी को इस साहस के लिए धन्यवाद दिया।

## वंदे मातरम के 150वें वर्ष पर जीडी कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** वंदे मातरम के 150वें वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जी.डी. कॉलेज, बेगूसराय की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में जिला स्तरीय हिंदी एवं अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वंदे मातरम के ऐतिहासिक, राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। मंच संचालन स्वयंसेवक सुमित कुमार ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट एक की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सहर अफरोज ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि देशभक्ति, राष्ट्रीय चेतना और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना का प्रतीक है। यूनिट दो के कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करना है। राजनीति विज्ञान की सहायक प्राध्यापक डॉ. सुप्रिया कुमारी ने कहा कि विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक चेतना को मजबूत करने में इस तरह की प्रतियोगिताओं की अहम भूमिका है। अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. अनुप्रिया रॉय श्रीवास्तव ने कहा कि अंग्रेजी माध्यम में विद्यार्थियों ने वंदे मातरम् के विचार और राष्ट्रीय भावना को जिस प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया, वह उनकी अभिव्यक्ति क्षमता और आत्मविश्वास को दर्शाता है। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अरमान आनंद ने कहा कि हिंदी भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने राष्ट्रभक्ति और भारतीय संस्कृति से जुड़े विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। आर.सी.एस कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कृष्णा पासवान ने कहा कि महाविद्यालयों के बीच इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और राष्ट्रीय भावना को बढ़ावा देते हैं। स्वयंसेवक सुमित कुमार ने कहा कि वंदे मातरम भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में जन-जन के भीतर राष्ट्रप्रेम की भावना जगाने वाला महत्वपूर्ण गीत रहा है। इसके 150वें वर्ष के अवसर पर युवाओं के बीच इसके इतिहास और महत्व को लेकर संवाद स्थापित करना गर्व की बात है। हिंदी भाषण प्रतियोगिता में जी.डी. कॉलेज के मो. मिजान रिजवान ने प्रथम, एम.आर.जे.डी. कॉलेज की करिश्मा कुमारी ने द्वितीय तथा आर.सी.एस. कॉलेज की निशु कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में जी.डी. कॉलेज के सूरज कुमार प्रथम, एम.आर.जे.डी. कॉलेज के प्रियांशु राज द्वितीय तथा आर.सी.एस. कॉलेज के सोनू कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

## दो सदस्यीय टीम ने मंडल कारा का लिया जायजा

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार मंडल कारा, औरंगाबाद में कारा की व्यवस्थाओं की जांच हेतु अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह की दो सदस्यीय जांच समिति द्वारा निरीक्षण एवं जांच की गई। जांच के दौरान कारा परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था, कैदियों के रहने एवं आवासन की व्यवस्था, मेस का संचालन, कैंटीन का संचालन तथा बंदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं मात्रा का विस्तृत जायजा लिया गया। जांच समिति द्वारा कारा में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं कैदियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। संबंधित व्यवस्थाओं के संचालन एवं अनुपालन की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक बिंदुओं की जांच की गई। जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में की गई उक्त जांच की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा जांच के आधार पर अग्रतर कार्यवाही की जाएगी।

## रियल एस्टेट प्रोजेक्टों की स्थिति एवं प्रगति की डीएम ने की समीक्षा

### अनधिकृत प्लॉटिंग एवं रियल एस्टेट गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगुसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में रेरा के सचिव अनिमेश पांडेय एवं आयुक्त संजय कुमार की उपस्थिति में जिले में रियल इस्टेट से संबंधित एवं क्रियान्वित परियोजनाओं की प्रगति तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर, अनुमंडल पदाधिकारी अश्विनी कुमार, बेगुसराय सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिले में रेरा के तहत संचालित एवं प्रस्तावित नए रियल एस्टेट प्रोजेक्टों की स्थिति एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही, दिनांक 06 अगस्त 2025 को जिले में किए गए क्षेत्र सर्वेक्षण के दौरान गठित तीन टीमों द्वारा किए गए स्थलीय निरीक्षण एवं उनके प्रतिवेदनों में सामने आए बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उक्त तीनों टीमों का नेतृत्व विभिन्न भूमि सुधार उप समाहर्ता द्वारा किया गया था। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को रेरा के प्रावधानों एवं निर्धारित नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिले में किसी भी रियल इस्टेट परियोजना का संचालन आवश्यक स्वीकृति एवं अनुमति के बिना नहीं होना चाहिए। रजिस्ट्री कार्यालय एवं अंचल अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए रेरा आयुक्त ने कहा कि प्लॉटिंग से संबंधित बड़ी भूमि के निबंधन के मामलों में सभी आवश्यक दस्तावेजों, स्वीकृतियों एवं संबंधित प्रावधानों की गहन जांच के उपरांत ही नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में अनधिकृत प्लॉटिंग एवं रियल एस्टेट गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ-साथ निवेशकों के हितों की सुरक्षा तथा पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन पर विशेष जोर दिया गया। संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी करते हुए अनियमितता पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, नियमों का अनुपालन एवं निवेशकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी रखी जाएगी तथा बिना आवश्यक अनुमति के संचालित प्लॉटिंग एवं रियल एस्टेट गतिविधियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सात दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड के रिसिअप स्थित एजुकेशन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में गुरुवार को सात दिवसीय भारत स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, समाजसेवा, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करना है। राज्य पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ स्काउट अभय कुमार के नेतृत्व में आयोजित शिविर में 40 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में विद्यार्थियों को 'प्रथम सोपान' का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके तहत शारीरिक व्यायाम, मार्च पास्ट, ध्वज शिष्टाचार, गांठ बांधने, प्राथमिक चिकित्सा, तंबू निर्माण, आपदा प्रबंधन और साहसिक गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर के संचालन में स्काउट लीडर चंदन कुमार, सूरज कुमार, शेखर कुमार, नितीश कुमार तथा प्रशिक्षित स्काउट-गाइड शिक्षिकाएं प्रिया कुमारी और रानी कुमारी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। पहले दिन शिवानी, कृष, खुशबू, अमन सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में हिस्सा लिया।विद्यालय के निदेशक ओम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि स्काउट-गाइड प्रशिक्षण विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रसेवा की भावना मजबूत करता है। उन्होंने प्रशिक्षण टीम और प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## विधानपार्षद ने किया स्कूल का निरीक्षण

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दरभंगा स्नातक क्षेत्र के विधान पार्षद सर्वेश कुमार के द्वारा भरथो भरत उच्च विद्यालय पिपरा देवस का निरिक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति, पठन पाठन की व्यवस्था एवं विद्यालय की स्वच्छता को देखकर विधान पार्षद सर्वेश कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की। प्रधानाध्यापक शिव चंद्र प्रसाद सिंह ने विधान पार्षद का स्वागत फूल माला एवं अंग वस्त्र से किया।

## गरीबों, शोषितों व वंचितों की आवाज थे रामशरण बाबू : अमरेन्द्र कुमार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** हसपुरा शहर के बस स्टैंड के समीप स्थित पूर्व विधायक स्व. रामशरण यादव की प्रतिमा स्थल परिसर में गुरुवार को उनकी 21वीं पुण्यतिथि पर संकल्प सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला मंत्री जगनारायण सिंह विकल ने की, जबकि संचालन भाकपा अंचल मंत्री चंद्रशेखर सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाकपा के जिला प्रभारी मंत्री उमेश सिंह ने झंडोत्तोलन कर किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने स्व. रामशरण यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

संकल्प सभा को संबोधित करते हुए गोह विधायक अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि रामशरण यादव महज एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार थे। उन्होंने कहा कि रामशरण बाबू ने अपने राजनीतिक और सामाजिक जीवन में गरीबों, शोषितों और वंचितों के लिए संघर्ष किया। उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। विधायक ने प्रतिमा स्थल परिसर के सौंदर्यीकरण कराने की भी घोषणा की। अध्यक्षीय संबोधन में जगनारायण सिंह विकल ने कहा कि रामशरण यादव ने राजनीतिक और सामाजिक जीवन में जो मील का पत्थर स्थापित किया, वहां तक पहुंचना आज के नेताओं के लिए भी बड़ी चुनौती है। उनके संघर्ष और विचार हमेशा समाज को प्रेरणा देते रहेंगे।

वक्ताओं ने कहा कि रामशरण बाबू जीवनभर गरीबों, मजदूरों, शोषितों और वंचितों की आवाज बने रहे। उन्होंने जनता के बीच विधायक की तरह नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य और बेटे की तरह अपनी पहचान बनाई। यही वजह है कि उनकी पुण्यतिथि का आयोजन राजनीतिक दलों की सीमाओं से ऊपर उठकर सर्वदलीय रूप से किया जाता है। राज्य कार्यसमिति सदस्य सुरेश यादव, जिला कार्यसमिति सदस्य नागेश्वर यादव, राम एकबाल सिंह, फॉरवर्ड ब्लॉक के बालगोविंद सिंह, ई. रणविजय कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने स्व. रामशरण यादव के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रगतिशील लेखक संघ के सतेंद्र कुमार, पूर्व प्रमुख लालबाबू यादव, राजद नेता रामाश्रय प्रसाद सिंह, सतेंद्र यादव, सीपीआई नेता अरुण कुमार रंजन, नागेश्वर सिंह, सुरेंद्र सिंह, चंद्रेश पटेल, विजय अकेला सहित दर्जनों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और रामशरण यादव के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।


### कार्यालयः— नगर पंचायत कोचस (रोहतास)

सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु अति अल्पकालीन आम सूचना

निविदा सं0 08/2026—27 के लिए

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा 127 एवं 129 के प्रावधानों के अन्तर्गत नगर पंचायत कोचस के निम्नांकित सैरातों की बन्दोबस्ती वित्तीय वर्ष 2026—27 (दिनांक—01/**09/2026** से **31/03/2027**) के लिए निर्धारित दर की वसूली, विकास शुल्क वसूली हेतु प्रतियोगी डाक प्रक्रिया के द्वारा निम्नांकित समय सारणी के अनुसार नगर पंचायत कोचस कार्यालय कक्ष सभागार में दिनांक—**22/08/2026** को पूर्वाहन **11 बजे** से होगी। अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि को डाक नहीं होने पर अगली तिथि **24/08/2026** को होगी। उक्त तिथि को भी अगर बन्दोबस्ती नहीं होती है तो अगली तिथि **25/08/2026** को पूर्व निर्धारित समय/स्थल तथा नियमों एवं शर्तों के अनुरूप होगी,। **इच्छूक डाक वक्ता निर्धारित नियमों एवं शर्तों को अनुपालन करते हुए डाक प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।**

**बन्दोबस्ती के लिए सैरातों की सूची**

| क्र | सैरातों का नाम | डाक की तिथि | स्थल | समय | सुरक्षित राशि | डाक में भाग लेने हेतु प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. नगर पंचायत कोचस अन्तर्गत फल/सब्जी एवं अन्य मंडी की बन्दोबस्ती। 2. बस ,जीप टैक्सी , मिनी बस , 407,एंव टेम्पू, रिक्षा, ठेला 3. नगर पंचायत क्षेत्र में विज्ञापन हार्डिंग शुल्क, विद्युत पोलों एवं टेलीफोन पोलो पर अस्थाई पोस्टर, बैनर की बन्दोबस्ती (i) स्थाई होर्डिंग (ii) अस्थाई होर्डिंग, बैनर, इत्यादि। | 22.08.2026 | नगर पंचायत, कोचस, सभागार | 11 बजे | 5910030 | 591003 |

नोटः— विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय नगर पंचायत कोचस के सूचना पट्ट पर एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग बिहार पटना के वेवसाइट— **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर पंचायत, कोचस।**

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.009867 (B&C) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



### बिहार सरकार

### कार्यालय नगर परिषद, दाउदनगर (औरंगाबाद)

nagarparishad.daudnagar@gmail.com

नगर विकास एवं आवास विभाग

कोटेशन आमंत्रण संख्या—05/2026—27

(ई0—टेण्डरिंग)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पता | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् दाउदनगर। | | |
| 2 | निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि | दिनांक—12.08.2026 | | |
| 3 | संवेदक द्वारा कोटेशन अपलोड करने की तिथि/समय | दिनांक—02.09.2026 को अपराह्न 11:00 बजे से (on website https://eproc2.bihar.gov.in ) | | |
| 4 | कोटेशन अपलोड करने की अंतिम तिथि | दिनांक—10.09.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक (on website https://eproc2.bihar.gov.in ) | | |
| 5 | तकनिकी बीड खोलने की तिथि/समय | दिनांक—12.09.2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक (on website https://eproc2.bihar.gov.in ) | | |
| 7 | कोटेशन से संबंधित कागजात जमा करने का तिथि/समय | दिनांक—12.09.2026 को अपराह्न 01:00 बजे तक स्थान—कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् दाउदनगर का कार्यालय | | |
| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि | कोटेशन का मूल्य | Bid Processing fee (Through online Payment) |
| 8 | नगर परिषद् दाउदनगर क्षेत्रान्तर्गत CCTV कैमरा क्रय एवं अधिष्ठापन हेतु मुहरबंद दर कोटेशन का आमंत्रण। | 5000.00 (Five Thousand) | NILL | As per eproc 2.0 |

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** में देखा जा सकता है।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर परिषद् दाउदनगर**

PR. No. 009936 (B&C) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



### बिहार सरकार

### कार्यालय, नगर पंचायत सोनवर्षा, सहरसा

Email:-npsonbarsha@gmail.com

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक – 4081, दिनांक—26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन हेतु दिशा निर्देश के आलोक में स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है जिसकी विवरणी निम्नवत है :—

**स्वच्छता साथी कौन होंगे :—**

1 स्वच्छता साथी कोई भी भारतीय हो सकता है परंतु लोकल व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
2 अभ्यर्थी की उम्र 40 वर्ष से अधिक ना हो।
3 अभ्यर्थी को कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए।
4 अभ्यर्थी की आवाज साफ हो ताकि वे अच्छे से Communicate कर सके।
5 अभ्यर्थी को स्वच्छता से संबंधित कार्यो में कम से कम एक वर्ष अनुभव होना चाहिए।
6 अभ्यर्थी के रूप में Waste Picker, Citizen Leader, SHG Member, Swachhagrahi, Sanitation Worker, Brand Ambassadors, NULM, ASHA, Anganwadi worker, NGOs youth, Community Based Organizations, RWAs से संबंधित व्यक्ति या अन्य कोई भी आवेदन कर सकते है।
7 नगर पंचायत स्तर पर कुल संख्या – 05 स्वच्छ साथी चयनित किये जायेगें।

**स्वच्छता साथी को मिलने वाले लाभ :—**

1 कार्य अवधि पांच घंटे प्रतिदिन न्यूनतम होगी।
2 प्रतिदिन की उपस्थिति संधारित की जायेगी।
3 छुट्टी हेतु निकाय की प्रक्रिया का पालन किया जायेगा।
4 मानदेय प्रत्येक माह में एक से पाँच तारीख तक देय होगा।
5 मानदेय कर्मी के Bank Account में ही भेजा जाएगा।
6 प्रतिदिन रू० 300.00 के दर से प्रतिमाह अधिकतम 20 दिन का मानदेय 300 x 20 = 6000.00 रू० मानदेय के रूप में देय होगा।
7 स्वच्छता साथी को Contractual Basis पर एक वर्ष के लिए Hire किया जायेगा, जिसकी अवधि बढ़ाई जा सकती है।
8 प्रत्येक स्वच्छ साथी को प्रत्येक वर्ष में 200 दिनों के लिए Engage किया जायेगा।
9 200 कार्य दिवस प्रत्येक माह में 20 दिन का होगा जो वर्ष के किसी भी 10 माह में (स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए) में मान्य होगा।
10 सभी स्वच्छ साथी को Monitor करने की जिम्मेदारी लोक स्वच्छता पदाधिकारी की होगी।
11 छुट्टी एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले लोक स्वच्छता पदाधिकारी देखेंगें।
12 किये गये कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जायेगी एवं लगातार तीन माह तक कार्य संतोषजनक नही होने पर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है।

**चयन की प्रक्रिया :—**

(I) स्वच्छ साथी को Open Advertisment के माध्यम से Engage किया जाना है। पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन प्रपत्र अनुलग्नक सहित दिनांक 02/09/2026 तक नगर पंचायत सोनवर्षा कार्यालय में समय 3.00 बजे अपराह्न तक स्वीकार किये जायेगें।
आवेदक स्वंय आवेदन के साथ उपस्थित होकर आवेदन जमा करेगें। किसी अन्य माध्यम से भेजे गये आवेदन पर कोई विचार नही किया जायेगा। उक्त तिथि के बाद किसी प्रकार की कोई दावा मान्य नही होगा। (आवेदन का प्रपत्र का प्रारूप संलग्न)
(a) चयन से संबंधित आवेदन की माँग से संबंधित सूचना निकाय स्तर पर कार्यालय के सूचना पट्ट एवं अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर लगाया जाएगा है।
(b) Criteria एवं Benefits की विवरणी सूचना में संलग्न होनी चाहिए।
(c) आवेदन करने हेतु वांछित कागजात (आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, चरित्र प्रमाण पत्र, एवं अन्य प्रमाण पत्र जिसका अभ्यर्थी दावा करते हो। साथ ही सभी दस्तावेज स्वअभिप्रमाणित किया हो)
(क) अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों के मूल्यांकन के पश्चात योग्य आवेदकों को साक्षात्कार हेतु तिथि निर्धारित करते हुए साक्षात्कार में भाग लेने की सूचना कार्यालय नगर पंचायत सोनवर्षा के सूचना पट्ट पर प्रकाशित की जायेगी। आवेदकों अद्यतन जानकारी के लिए समय – समय पर कार्यालय में सम्पर्क करते रहेगें।
(ii) प्राप्त हुए आवेदन की Selection Criteria के आधार पर जांच एवं मिलान कर final list बनायी जाएगी।
(iii) सभी अभ्यर्थियों को One to one interview किया जायेगा।
(iv) interview के उपरांत चयनित अभ्यर्थियों के साथ Agreement किया जायेगा।
(v) Agreement के उपरांत उन्हें वार्ड आवंटित किया जायेगा।
(vi) सभी चयनित उम्मीदवारों का Training करवाया जायेगा और उन्हे कार्य जिम्मेदारी एवं प्रतिवेदन के संबंध में जानकारी दी जायेगी।
(vii) चयनित उम्मीदवार को कार्य की जिम्मेदारी दी जायेगी।
(viii) निकाय स्तर पर पदस्थापित स्वच्छ साथी को इस तरह से वार्ड की जिम्मेदारी दी जायेगी की सभी वार्ड आच्छादित हो जाय। (एक से अधिक वार्ड की जिम्मेदारी)
(ix) आवेदन फार्म नगर पंचायत कार्यालय में उपलब्ध है। कार्यालय अवधि में फार्म से संबंधित जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।
(x) सूचना को रदद् करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत सोनवर्षा, सहरसा के पास सुरक्षित रहेगा।

नोट :— यह किसी भी प्रकार से Permanent Position नही है। अतः भविष्य में किसी भी तरह का Claim मान्य नहीं होगा।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर पंचायत सोनवर्षा, सहरसा**

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.009864 (B&C) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# टेंगरा में निकाली गई तिरंगा' यात्रा, जिलाधिकारी ने शहीद जवान संतोष साव को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत बारुण प्रखंड अंतर्गत टेंगरा पंचायत में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में आमजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। तिरंगा यात्रा टेंगरा पंचायत सरकार भवन से शहीद सिपाही संतोष साव के स्मारक स्थल तक निकाली गई। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल लोगों ने देशभक्ति के नारों एवं 'वंदे मातरम्' के जयघोष के साथ पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान 'शहीद सिपाही संतोष साव अमर रहें' के नारों से पूरे कार्यक्रम स्थल पर देशभक्ति का माहौल बना रहा।स्मारक स्थल पर जिलाधिकारी सहित जिला स्तरीय



पदाधिकारियों द्वारा शहीद सिपाही संतोष साव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें शॉल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके प्रति संवेदना एवं सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा शहीद सिपाही संतोष साव को नमन करते कहा कि वे 161वीं बटालियन में कांस्टेबल के रूप में देश की सेवा कर रहे थे। दिनांक 25 जून 2016 को अपने साथियों के साथ ड्यूटी से लौटने के दौरान आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर हमला किया गया। अचानक हुई गोलीबारी एवं बस के अंदर फेंके गए ग्रेनेड के बीच सिपाही संतोष साव ने राष्ट्रसेवा में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए वीरगति प्राप्त की। उन्होंने आमजनों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करने की अपील की। तिरंगा यात्रा में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, अपर समाहर्ता विशेष शाखा मोहम्मद सादुल हसन खां, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, बारुण प्रखंड विकास पदाधिकारी, विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## आज तिरंगा यात्रा में शामिल होंगी प्रभारी मंत्री रमा निषाद

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। हर घर तिरंगा अभियान के तहत 14 अगस्त को जिला मुख्यालय में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा अपराह्न 4:00 बजे गेट स्कूल से प्रारंभ होकर टाउन हॉल तक जाएगी। इस तिरंगा यात्रा में पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग-सह-प्रभारी मंत्री रमा निषाद मुख्य रूप से शामिल होंगे। साथ ही तिरंगा यात्रा में विधायक भी शामिल होंगे। छात्र-छात्राएं, स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेट एवं जिला के सभी पदाधिकारी तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होंगे। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से भी इस देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने की अपील की गई है। जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों से सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करने की अपील की गई है।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले में 80वें स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। गुरुवार को गांधी मैदान में परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास संपन्न हुआ। पूर्वाभ्यास का संयुक्त निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने किया। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मुख्य समारोह के सफल, भव्य और गरिमामय आयोजन को लेकर परेड तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समारोह के दौरान अनुशासन, सुरक्षा और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान परेड में भाग ले रहे सशस्त्र बल, बिहार सैन्य पुलिस, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट एवं गाइड दल के प्रतिभागियों ने अनुशासित एवं जोशपूर्ण प्रदर्शन प्रस्तुत किया। जवानों ने निर्धारित मार्च-पास्ट क्रम



के अनुसार जिसे जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस अवसर पर वाद्य यंत्र दल द्वारा देशभक्ति धुनों की प्रस्तुति भी दी गई, जिसने पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। जिलाधिकारी ने परेड में शामिल सभी दलों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्रतिभागियों को अंतिम अभ्यास के दौरान शत-प्रतिशत समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह जिले की गरिमा का प्रतीक है, अतः इसकी तैयारी में किसी प्रकार की त्रुटि या कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी तकनीकी व्यवस्थाएँ - जैसे साउंड सिस्टम, मंच व्यवस्था, दर्शक दीर्घा, बैरिकेडिंग, सजावट एवं रंग-रोगन — निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर ली जाएं। पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा ने परेड में सुरक्षा एवं अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बलों को परेड के दौरान कदमताल, मोड़, और सलामी की प्रक्रिया को और सटीक बनाने का सुझाव दिया। साथ ही, समारोह के दिन भीड़ नियंत्रण, वीआईपी सुरक्षा, आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता एवं यातायात प्रबंधन की विस्तृत योजना पर बल दिया।

# यात्रियों से खचाखच भरी बस पलटी, 20 घायल, तीन की हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। वाराणसी से झारखंड होते पटना जा रही बस औरंगाबाद शहर के ओवरब्रिज के समीप अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे में करीब 20 यात्री घायल हो गए। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़े। लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की और पुलिस को घटना की सूचना दी। घायलों में अधिकांश औरंगाबाद जिले के रहने वाले हैं। चालक समेत तीन घायलों की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए जमुहार मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसा रात करीब 1 बजे हुआ। बस बुधवार की देर शाम उत्तर प्रदेश के बनारस से पटना के लिए रवाना हुई थी। रात में जैसे ही बस औरंगाबाद शहर के ओवरब्रिज को पार कर डाल्टनगंज की तरफ आगे बढ़ी,



अचानक दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क पर पलट गयी। बस के पलटते ही उसमें सवार यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गयी। हादसे में घायल यात्रियों में बघोई गांव निवासी महाराणा सिंह, सीमा कुमारी, बबलू कुमार, सत्य कुमार और बेलमती देवी शामिल हैं। इसके अलावा भैरोपुर निवासी विजय तिवारी, छतरपुर निवासी मुर्तुजा अंसारी, बस चालक बबलू पांडेय, पिंटू पांडेय समेत अन्य यात्री भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों के बीच बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की वजह को लेकर तरह-तरह की बातें सामने आ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार घटनास्थल के पास एक ट्रक भी खड़ा था। चर्चा है कि ट्रक के धक्के के बाद बस अनियंत्रित हुई और सड़क पर पलट गई। हालांकि, ट्रक की टक्कर से ही बस के पलटने की बात की पुलिस ने अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ट्रक का चालक और सहचालक फरार बताये जा रहे हैं।

# रिश्वत लेते रंगे हाथ पीटी शिक्षक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत गुरुवार को एक और कार्रवाई देखने को मिली। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने बारुण प्रखंड के राजकीयकृत केशव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सोननगर में पदस्थापित पीटी शिक्षक शशि लाल भूषण को कथित तौर पर करीब आठ हजार रुपये रिश्वत के साथ हिरासत में लिए जाने की जानकारी सामने आई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मामला ओपन यूनिवर्सिटी से जुड़े किसी कार्य को कराने से संबंधित बताया जा रहा है। इसी काम को लेकर शिक्षक शशि लाल भूषण और एक व्यक्ति के बीच बातचीत हुई थी। आरोप है कि इसी दौरान काम कराने के बदले रुपये के



लेनदेन की बात सामने आई। बताया जा रहा है कि संबंधित व्यक्ति ने इस मामले की शिकायत निगरानी विभाग में की थी। शिकायत मिलने के बाद निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच शुरू की। सत्यापन के दौरान शिकायत में लगाए गए आरोप की पुष्टि की गई। मामले में आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपी पीटी शिक्षक को जेल भेज दिया गया।

# पेपरलेस हुआ जिला निबंधन कार्यालय औरंगाबाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिला निबंधन कार्यालय, औरंगाबाद में तीन अगस्त से दस्तावेज निबंधन की प्रक्रिया पूर्णतः पेपरलेस एवं डिजिटल कर दी गई है। वहीं विभागीय आदेश के अनुसार 17 अगस्त से अवर निबंधन कार्यालय, दाउदनगर में भी दस्तावेज निबंधन की पेपरलेस व्यवस्था प्रारंभ की जाएगी। नई व्यवस्था के तहत आमजन ई-निबंधन पोर्टल के माध्यम से जमीन निबंधन से संबंधित आवश्यक जानकारी स्वयं अथवा सेवा प्रदाता के माध्यम से ऑनलाइन भर सकेंगे तथा अपनी सुविधा के अनुसार निबंधन के लिए स्लॉट बुक कर सकेंगे। इससे निबंधन कार्यालय में अनावश्यक रूप से बार-बार आने की आवश्यकता कम होगी। पेपरलेस व्यवस्था में निबंधन की मूल प्रक्रिया पूर्व की तरह ही रहेगी, लेकिन कागजी दस्तावेजों के स्थान पर दस्तावेज तैयार करने एवं संबंधित प्रक्रियाओं को डिजिटल माध्यम से पूरा किया जाएगा। हस्ताक्षर भी डिजिटल माध्यम से किए जाएंगे। इससे दस्तावेजों में अनधिकृत छेड़छाड़ की संभावना कम होगी तथा निबंधन से संबंधित अभिलेख ऑनलाइन सुरक्षित रहेंगे। जिन पक्षकारों को ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने में कठिनाई होगी, उनके लिए 'क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूं' काउंटर के माध्यम से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही निबंधन कार्यालय में सेवा प्रदाता के रूप में उपलब्ध कर्मियों के माध्यम से भी आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराने की सुविधा रहेगी। निबंधन की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत निबंधित दस्तावेज की डिजिटल प्रति पक्षकार के पंजीकृत मोबाइल नंबर, ई-मेल एवं व्हाट्सऐप पर उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त आवश्यकता के अनुसार निबंधन कार्यालय से निबंधित दस्तावेज की हार्ड कॉपी भी प्राप्त की जा सकेगी। पक्षकार अपनी सुविधा के अनुसार दस्तावेज की पीडीएफ प्रति भी डाउनलोड कर सकेंगे। जिला प्रशासन के अनुसार पेपरलेस निबंधन व्यवस्था से समय एवं कागज दोनों की बचत होगी तथा निबंधन प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुरक्षा बढ़ेगी। ऑनलाइन प्रक्रिया के कारण आमजन को जमीन के निबंधन के लिए अधिक सरल, सुरक्षित एवं पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध होगी। जिला निबंधन कार्यालय द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे नई डिजिटल व्यवस्था का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा निबंधन से संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर कार्यालय में उपलब्ध 'क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूं' काउंटर से सहायता प्राप्त करें।

# मंडल कारा औरंगाबाद में नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाभियान, दो सौ से अधिक बंदियों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। मंडल कारा, औरंगाबाद में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, औरंगाबाद के तत्वावधान में नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें नशामुक्त एवं स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। महाभियान में भाई बी.के. सुनील कुमार, भाई बी.के. दिनेश कुमार, उपाधीक्षक सरोज कुमार तथा सहायक अधीक्षक संजीव कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान के बारे में बंदियों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर मंडल कारा में उपस्थित दो सौ से अधिक बंदियों ने नशे से दूर रहने तथा नशामुक्त जीवन जीने की प्रतिज्ञा ली। उपस्थित बंदियों ने स्वयं नशा नहीं करने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशे से बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक जागरूकता और संकल्प आवश्यक है। ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा चलाए जा रहे ऐसे अभियान बंदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित बंदियों ने नशामुक्ति के संकल्प को जीवन में अपनाने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

# सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज की ओर से गुरुवार को 'मेरा तिरंगा–मेरा अभिमान', 'मेरा भारत' एवं 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा कॉलेज के मुख्य द्वार से शुरू होकर धर्मशाला मोड़ तक गई। वहां से वापस लौटकर यात्रा महाविद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल प्रतिभागियों ने देशभक्ति के नारों के



साथ लोगों को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में एनसीसी एवं एनएसएस कैडेटों के साथ पुलिसकर्मियों ने भी सहभागिता की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों, छात्र-छात्राओं एवं आम लोगों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

## एक नजर

### डूबने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)**। मदनपुर थाना क्षेत्र के पाठक बिगहा में आहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी टुनटुन पाठक के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम टुनटुन पाठक शौच के लिए आहर की तरफ गए थे। इसी दौरान असंतुलित होकर वे पानी में गिर गए और डूबने से उनकी जान चली गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के लिए जिला प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि बरसात के मौसम में आहर, तालाब और अन्य जलाशयों का जलस्तर काफी बढ़ जाता है। ऐसे में हादसों से बचने के लिए जलाशयों के समीप विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**औरंगाबाद**। नवीनगर थाना क्षेत्र के रजवरिया कलां गांव के समीप अज्ञात युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ और नवीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान नही हो सकी है। फ़िलहाल, युवक के ट्रेन से गिरने के कारणों और उसकी पहचान से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि 35 वर्षीय एक युवक का शव बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने आशंका जताई है कि युवक चलती ट्रेन से गिर गया होगा, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

बिहार सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

कृषि वानिकी (अन्य प्रजाति) योजना में शामिल होने का सुनहरा अवसर

कृषकों के लिए खुशखबरी

पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं। आमदनी और हरियाली बढ़ायें।

वृक्षों से लाभ
अतिरिक्त आय
तापमान में संतुलन
जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचाव
स्वच्छ वायु
हरित आवरण में वृद्धि

मात्र ₹10 प्रति पौधे की सुरक्षित राशि देकर पौधे प्राप्त करें। 3 वर्ष पश्चात् 50 प्रतिशत या उससे अधिक पौधे जीवित रहने की स्थिति में ₹60 प्रति पौधा प्रोत्साहन राशि के साथ–साथ सुरक्षित जमा राशि ₹10 भी वापस कर दिया जायेगा।

कृषकों से अनुरोध है कि,
योजना अन्तर्गत सुरक्षित राशि ₹10/– प्रति पौधा भुगतान करने हेतु संबंधित वन प्रमण्डल पदाधिकारी के कार्यालय में संपर्क कर निम्न माध्यमों से राशि का भुगतान करें।
1. सुरक्षित राशि **Fixed Deposit** या **NSC** जिसकी वैधता 15 जून 2029 तक हो के माध्यम से संबंधित वन प्रमण्डल पदाधिकारी के पदनाम से उपलब्ध करायी जा सकती है।
या
2. नगद राशि भी जमा किया जा सकता है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 31.08.2026

⇒ अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में हमें कॉल करें : 0612–2226911
⇒ संलग्न आवेदन पत्र भरकर, स्थानीय वन प्रमण्डल या वन प्रक्षेत्र कार्यालय में सुरक्षित राशि ₹10/– प्रति पौधा के साथ समर्पित करें।

विस्तृत जानकारी एवं शर्तों के लिए **https://state.bihar.gov.in/cache/36/Media%20Gallery/Scheme%20Info/krishivaniki%20_os.pdf** लिंक पर क्लिक करें या **hariyalimission@gmail.com** पर ई. मेल करें।

DEFCCofficial

कृषि वानिकी (अन्य प्रजाति) योजना में शामिल होने के लिए आवेदन प्रपत्र

1. वन प्रमंडल का नाम :– ........ 2. जिला का नाम :–........
3. वन प्रक्षेत्र इकाई का नाम :– ........ 4. प्रखंड का नाम :–........
5. आवेदक का नाम :–........ 6. पिता/पति का नाम :–........
7. पेशा :–........ 8. जन्म तिथि :–........
9. स्थायी पता :– ........
10.वर्तमान पत्राचार का पता :– ........
(दूरभाष/मोबाईल नं0) ........ 11. ई–मेल (यदि हो) :– ........
12. भूमि का विवरण :–

| क्र0 | खाता नं0 | खेसरा नं0 | रकबा (एकड़ में) | रसीद सं0/वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

13. समूह में आवेदन करने पर भूमि की विवरणी (जगह कम पड़ने पर अलग पृष्ठ में विवरणी संलग्न करें।)

| क्र0 | खाता नं0 | खेसरा नं0 | रकबा (एकड़ में) | रसीद सं0/वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

14. प्रस्तावित वृक्षारोपण (कृपया ✓ करें)
(क) फार्म वानिकी (पूरी भूमि पर)
(ख) कृषि वानिकी (कृषि फसलों के साथ या मेड़ पर)
15. इच्छित प्रजाति का नाम लिखें।

| क्र0 सं0 | प्रजाति का नाम | पौधों की संख्या |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

16. बैंक खाता विवरणी :–

| बैंक खाता नं0 | बैंक का नाम एंव शाखा | I.F.S.C कोड |
|---|---|---|
| | | |

17. घोषणा :– मैं स्वेच्छा से अपनी भूमि पर वृक्षारोपण करना चाहता/चाहती हूँ तथा रोपित पौधों की सुरक्षा एवं संपोषण की जिम्मेदारी लेता/लेती हूँ। वृक्षों के परिपक्व होने अथवा आँधी तूफान में गिरने/सूखने की स्थिति में ही इन पौधों की कटाई आवश्यकतानुसार करूँगा/करूँगी। पौधों का सुरक्षित मूल्य देने के लिए मैं सहमत हूँ।
संलग्न अभिलेख की विवरणी
1.
2.
3.

आवेदक का हस्ताक्षर एवं पूरा नाम
(तिथि के साथ)

PR No.- 009961 (Forest)D. 2026-27